THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 215 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.11 2081 रविवार, 27 अक्टूबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये



## अगर केजरीवाल को खरोंच भी आई तो जनता सूद समेत भाजपा से बदला लेगी

# आप सांसद संजय सिंह ने दी चेतावनी

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। विकासपुरी में पदयात्रा के दौरान आम आदमी पार्टी ने पूर्व दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल पर हमले का आरोप भाजपा पर लगाया है। शनिवार को आप राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि यह हमला भाजपा की मिली भगत की वजह से हुआ है। आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने प्रेसवार्ता में कहा कि भाजपा नफरत और हिंसा की राजनीति में इस तरह आमादा है कि अरविंद केजरीवाल की जान के पीछे पड़ गई है। जेल भेजा और वहां उनकी इंसुलिन तक बंद कर दी गई। इसके बाद जब सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी तो अब भी वे लोग उनके पीछे पड़े हैं।

**जान से मारने के लिए किया हमला**

कल पुलिस की मिलीभगत के साथ विकासपुरी में अरविंद केजरीवाल पर भाजपा के लोगों ने जान से मारने के लिए हमला किया। रोहित सहरावत दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा का उपाध्यक्ष है। अरुण ध्राल भी भाजपा का नेता उस भीड़ में शामिल था।



**और क्या बोले संजय सिंह**

इनके समर्थन में दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता भी आ रहे हैं। संजय सिंह ने एक कथित वीडियो को दिखा कर भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। वीडियो में एक पुलिस अधिकारी हाथ जोड़ रहा है। उन्होंने यह वीडियो उस घटना का बताया है। अगर केजरीवाल को खरोंच भी आती है तो जनता सूद समेत भाजपा से बदला लेगी। कोई भी घटना केजरीवाल के साथ होती है तो भाजपा इसके लिए जिम्मेदार होगी।

**विधानसभा चुनाव को लेकर आप की पदयात्रा**

दिल्ली विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आम आदमी पार्टी एक रणनीति के तहत दिल्ली भर में पदयात्रा कर रही है। पार्टी के प्रमुख नेता और कैबिनेट मंत्री प्रतिदिन पदयात्राएं कर रहे हैं। इनका पूर्व कार्यक्रम भी जारी हो रहा है। मगर इसके बीच-बीच में अरविंद केजरीवाल भी औचक पदयात्राएं कर रहे हैं। इसी क्रम में केजरीवाल शुक्रवार शाम विकासपुरी में थे, जहां भाजपा पर हमले का आरोप लगाया गया है। नीष सिसोदिया ने ट्वीट कर हमले की निंदा की है। उन्होंने लिखा कि अरविंद केजरीवाल पर हुआ हमला बेहद निंदनीय और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यह साफ है कि भाजपा ने अपने लोगों से यह हमला कराया है।कहा कि केजरीवाल को कुछ होता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी भाजपा पर होगी।

उधर भाजपा ने कहा है कि जनविरोध को केजरीवाल व आप हमला बताकर लोगों को भ्रमति करने का प्रयास कर रही है। वहीं पश्चिमी दिल्ली जिला के पुलिस उपायुक्त ने पुलिस थाना विकासपुरी में केजरीवाल के साथ ऐसी कोई घटना होने से इनकार किया है।

**सीएम आतिशी ने भी लगाया आरोप**

सीएम आतिशी ने कहा कि पदयात्रा में जिस तरह लोग माला पहनाने आते हैं, उसी तरह बीजेपी के कार्यकर्ता माला पहनाने के नाम पर आए फिर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की और उन पर हमला कर दिया। इस हमले में केजरीवाल को कुछ भी हो सकता था। अगर बीजेपी के कार्यकर्ता के पास हथियार होते तो उनकी जान भी जा सकती थी।

## नवी मुंबई में पांच करोड़ का लोन देने का वादा कर व्यापारी से 15 लाख की ठगी, छह के खिलाफ केस दर्ज

मुंबई, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में नवी मुंबई के वाशी में पांच करोड़ का लोन देने का वादा कर एक 45 वर्षीय व्यापारी से 15 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने इस घटना की जानकारी दी। आरोपियों ने 2022 में पीड़ित से संपर्क किया था। उन्होंने व्यापारी से वित्त कंपनी के प्रतिनिधि के तौर पर बात की और पीड़ित को पांच करोड़ रुपये का लोन देने का वादा किया।

व्यापारी के मान जाने के बाद आरोपियों ने उन्हें पहले 15 लाख का भुगतान करने को कहा। व्यापारी ने उन्हें भुगतान कर दिया। आरोपियों ने उन्हें बताया कि 20 के भीतर उन्हें लोन मिल जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। व्यापारी ने पुलिस में इसकी शिकायत की। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान अजीत म्हात्रे, दीपक माली, सोनाली सूर्यवंशी, किशोर लोंडे, सुभाष डोंगरा, और जयजीत गुप्ता के तौर पर की गई है।

# जम्मू-कश्मीर चुनाव के बाद महबूबा मुफ्ती ने लिया बड़ा फैसला

## पीडीपी की सभी इकाइयों को किया भंग



जम्मू, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (जेकेपीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने तत्काल प्रभाव से पार्टी के पूरे ढांचे को भंग कर दिया है। इसी के साथ उन्होंने कहा है कि निकट भविष्य में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद नए पदाधिकारी, विभिन्न विंग और निकाय बनाए जाएंगे।

**दो दिन पहले समीक्षा बैठक**

गौरतलब है कि हाल ही में महबूबा मुफ्ती ने 24 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव में हुई हार की समीक्षा बैठक की थी। इस मीटिंग में पीडीपी के सीनियर नेता और चुनाव लड़ने वाले कैंडिडेट्स शामिल हुए थे। बैठक महबूबा मुफ्ती की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि ग्राउंड पर आकर जनता से संपर्क कैसे मजबूत किए जाएं। पीडीपी के गठन के बाद इस साल पार्टी का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है। केवल पुलवामा, त्राल और कुपवाड़ा में महबूबा मुफ्ती के उम्मीदवार जीत हासिल कर सके। ये तीनों सीटें घाटी की हैं।

**जम्मू कश्मीर चुनाव में रहा था पीडीपी का खराब प्रदर्शन**

जानकारी के लिए बता दें कि जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में महबूबा मुफ्ती की पार्टी का प्रदर्शन उनकी उम्मीदों के अनुसार नहीं रहा था। कुल 90 सीटों में उमर अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को 49 सीटें मिली थीं। वहीं, बीजेपी के पास 29 सीटों गई थीं जबकि महबूबा मुफ्ती की पीडीपी 3 ही सीटों में सिमट गई थी। वहीं, आम आदमी पार्टी के खाते में भी एक सीट आई थी। अन्य को सात सीटें मिली थीं।

## भाव बढ़े तो सक्रिय हो गए लहसुन चोर, दो गैंग के चार बदमाश पकड़े गए

उज्जैन, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। लहसुन के भाव इन दिनों आसमान पर होने के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की वारदात बढ़ गई है। भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम माधौपुरा में 15-16 अक्तूबर की रात समीर पिता शौकत अली के मकान के पास ढालिये में रखी 40 किलो लहसुन से भरी 8 बोरी चोरी हो गई थी। 23 अक्तूबर को मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें संदिग्धों का पता चलने पर तलाश शुरू की गई। इसी बीच जानकारी मिली कि लहसुन चोरी में शामिल बदमाश माधौपुरा-रूनीजा के बीच घूम रहे है। जिनकी धरपकड़ के लिये थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह चौधरी, एएसआई वरसिंह चरपोटा, प्रधान आरक्षक रामनारायण चौहान, शैलेन्द्र सिंह, पुष्पराज सिंह, आरक्षक विजय जाट के साथ पहुंचे।

2 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, जिन्हें थाने लाकर पूछताछ करने पर उनके नाम गोकुल पिता पप्पूलाल पंवार और दीपक पिता श्यामलाल मोंगिया निवासी ग्राम खेरवास होना सामने आये। दोनों ने अपने 2 साथी रवि मोंगिया और भैरूलाल के साथ मिलकर लहसुन चोरी करना कबूल कर लिया। थाना प्रभारी चौधरी ने बताया कि दोनों की निशानदेही पर 90 हजार कीमत की 8 बोरी लहसुन बरामद कर ली गई है। चोरी में बाइक का उपयोग किया था, उसे भी जब्त किया गया है। बदमाशों की गैंग में शामिल 2 आरोपी रवि और भैरूलाल फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है। फरार आरोपियों में शामिल रवि के पूर्व में बड़नगर थाने पर 2 लहसुन चोरी के मामले दर्ज है।

# आतंकी हमलों को लेकर सभी सुरक्षा एजेंसियां चिंतित हैं: आईजी बीएसएफ

श्रीनगर, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा कि घाटी में हाल ही में हुए आतंकी हमलों को लेकर सभी सुरक्षा एजेंसियां चिंतित हैं और समन्वित प्रतिक्रिया तैयार करने के साथ ही खतरे का विश्लेषण भी किया जा रहा है। एसटीसी हुमहामा में 629 नए बीएसएफ रंगरूटों की पासिंग आउट परेड के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए आईजी बीएसएफ ने कहा कि बीएसएफ नए खतरों से अवगत है। हाल ही में आतंकी हमलों में हुई वृद्धि के बाद की स्थिति के बारे में उन्होंने



कहा कि एक समन्वित प्रतिक्रिया होगी। हम अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। बीएसएफ उचित खतरे का विश्लेषण कर रहा है और उसके अनुसार कदम उठाए जा रहे हैं। घुसपैठ की कोशिशों में वृद्धि की संभावना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बर्फबारी से पहले कुछ घुसपैठ हो सकती है। उन्होंने कहा कि सेना के साथ मिलकर बीएसएफ एक मजबूत काउंटर घुसपैठ ग्रिड बनाए हुए है और हम सुनिश्चित करेंगे कि हर कोशिश को नाकाम किया जाए। आईजी ने कहा कि 629 नए रंगरूटों को आधुनिक प्रशिक्षण दिया गया है और अब उन्हें देश की सेवा के लिए विभिन्न सीमाओं पर तैनात किया जाएगा।

# सीढ़ी से गिरीं मंत्री लेसी सिंह, आईसीयू में चल रहा इलाज; उन्नयन बिहार कार्यक्रम के दौरान हुआ हादसा



पूर्णिया, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार सरकार में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह कार्यक्रम के दौरान सीढ़ी पर से गिरने से चोटिल हो गईं। उन्हें पूर्णिया के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आईसीयू में उनका इलाज जारी है। मंत्री को कमर और हाथ में गंभीर चोट आई हैं। डॉक्टर ने उन्हें खतरे से बाहर बताया है। बताया जाता है कि मंत्री लेसी सिंह शनिवार की सुबह उस समय गिरने से चोटिल हो गई जब वे जिला के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी और पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा के साथ स्थानीय जिला स्कूल परिसर में उन्नयन बिहार कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थीं। यहां वे गिर गई और उन्हें गंभीर चोटें आई है। उनका इलाज के निजी अस्पताल में चल रहा है। बता दें कि मंत्री लेसी सिंह पूर्णिया के धमदाहा विधानसभा से विधायक हैं और वर्तमान में जदयू कोटे से बिहार सरकार में उपभोक्ता संरक्षण मंत्री हैं।

## दो सरकारी विभागों में लड़ाई 3 करोड़ का बिजली बिल नहीं चुकाने पर काटी लाइट तो अधिकारी के ऑफिस के बाहर ही लगा दिया कचरे का ढेर

भिण्ड, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के दो सरकारी विभागों में आपसी लड़ाई का एक अनोखा मामला सामने आया है। इसमें तीन करोड़ का बिजली बिल न चुकाए जाने पर विद्युत विभाग ने नगर पालिका की बिजली सप्लाई काट दी। इससे गुस्साए नगरपालिका ने बिजली विभाग के सीनियर अधिकारी के ऑफिस के सामने ही कचरा फेंकवा दिया। बिजली विभाग द्वारा बिल ना चुकाए जाने पर आम उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे जाने के मामले तो अक्सर सामने आते रहते हैं। लेकिन क्या होगा जब एक सरकारी विभाग द्वारा दूसरे सरकारी विभाग की बिजली सप्लाई काट दी जाए? इसका ताजा उदाहरण देखने को मिला भिंड जिले में। यहां पर नगर पालिका का तीन करोड़ रुपए बकाया होने पर बिजली विभाग द्वारा शाम को उसका कनेक्शन काट दिया गया।

# 'शाम 4 चार बजे के बाद तीस हजारी कोर्ट में होता है बंदरों का कब्जा': दिल्ली एचसी

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी में बंदरों व कुत्तों के बढ़ते आतंक को देखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने सभी बंदरों को असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश मनमोहन व न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि आवारा जानवरों को शहर पर कब्जा करने नहीं दिया जा सकता।

अदालत ने दिल्ली के मुख्य सचिव को चार नवंबर को समस्या से निपटने के लिए एक तंत्र बनाने को एक बैठक बुलाने का भी निर्देश देते हुए कहा कि इसमें नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली छावनी बोर्ड और वन विभाग के प्रमुखों को शामिल रहें। पीठ ने कहा कि बैठक में दिल्ली के पशु कल्याण बोर्ड के सचिव, दिल्ली सरकार के पशुपालन विभाग, भारतीय पशु कल्याण बोर्ड




(एडब्ल्यूबीआई), याचिकाकर्ताओं के वकील राहुल बजाज और अमर जैन और कार्यकर्ता गौरी मौलेखी को भी शामिल होना चाहिए।

**इंसानों के साथ भी सम्मानपूर्वक व्यवहार करने की आवश्यकता-**

एक समाज में दिव्यांगों से लेकर विभिन्न समूह के लोग रहते हैं। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है। दुनिया में कहीं भी नहीं पाएंगे कि शहर पर बंदरों और कुत्तों ने कब्जा कर लिया है। पीठ ने कहा कि हम आवारा जानवरों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करेंगे, लेकिन इंसानों के साथ भी सम्मानपूर्वक व्यवहार करने की आवश्यकता है। इसके लिए कुछ तंत्र विकसित करना होगा।

सभी पक्षों की सहमति से पीठ ने निर्देश दिया कि बंदरों को दिल्ली से असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य में स्थानांतरित किया जाए। साथ ही मामले की सुनवाई 18 नवंबर तक के लिए स्थगित करते हुए अदालत ने कहा कि यह काम एमसीडी, एनडीएमसी, छावनी बोर्ड और वन विभाग द्वारा प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाना चाहिए।

**दिव्यांगों को शहर की सड़कों पर चलने का मौलिक अधिकार-पीठ**

याचिकाकर्ता एनजीओ धनंजय संजोगता फाउंडेशन की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता राहुल बजाज ने कहा कि दृष्टिबाधितों की छड़ी को जानवर खतरा मानते हैं और इसलिए हमला कर देते हैं। पीठ ने कहा कि दिव्यांगों को शहर की सड़कों पर चलने का मौलिक अधिकार है।

पीठ ने कहा तीस हजारी अदालत परिसर में शाम चार बजे के बाद बंदरों का कब्जा हो जाता है। अधिकारियों से पूछा गया कि आवारा जानवरों की आबादी इतनी तेजी से कैसे बढ़ रही है। इस पर एक अधिकारी ने जवाब दिया कि एनडीएमसी क्षेत्र में आवारा कुत्तों की नसबंदी कर दी गई है और इस प्रक्रिया को अन्य क्षेत्रों में भी अपनाया जा रहा है।

## मकान में लगी भीषण आग, चार लोगों की जिंदा जलकर मौत

गुरुग्राम, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा के गुरुग्राम के एक मकान में भीषण आग लग गई। इस हादसे में चोर लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह हादसा सरस्वती एनक्लेव के जी ब्लॉक में शुक्रवार देर रात साढ़े 12 बजे के करीब हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक,शुक्रवार की देर रात साढ़े 12 बजे सरस्वती एनक्लेव के जे ब्लॉक स्थित मकान में आग की लपटें उठती दिखाई दीं। अंदर से घर का दरवाजा बंद था। आशंका जताई जा रही है कि हादसे के वक्त शायद परिजन कमरे में सो रहे थे, इसी वजह से उन्हें आग लगने की भनक तक नहीं लगी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान कर ली गई है। चारों के नाम अमन, साहिल, नूर आलम और मोहम्मद मुश्ताक हैं। चारों दोस्त थे। अमन की उम्र 17 साल, वहीं साहिल 22 वर्ष का था। नूर आलम की उम्र 27 साल बताई जा रही है।

# प्रियंका गांधी ने वायनाड के लोगों के लिए चिट्ठी लिखी

## कहा- आप मेरे मार्गदर्शक और शिक्षक



नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की चुनावी पारी का आगाज हो गया है। उन्होंने हाल ही वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन भर दिया है। गौरतलब है कि बीते लोकसभा चुनावों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल की वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत दर्ज की थी। हालांकि उन्होंने बाद में रायबरेली की सीट अपने पास बरकरार रखी और वायनाड सीट से इस्तीफा दे दिया। जिसके कारण अब इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। इस उपचुनाव में राहुल गांधी की बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने दावेदारी पेश की है। अब यहां उपचुनाव से पहले प्रियंका गांधी ने वहां के लोगों के लिए एक चिट्ठी लिखी। उन्होंने इस चिट्ठी में वायनाड के लोगों को अपना मार्गदर्शक और शिक्षक बताया। इस चिट्ठी को मलयालम और अंग्रेजी भाषा में लिखा गया है। प्रियंका गांधी ने अपनी चिट्ठी में लिखा, वायनाड के मेरे प्यारे भाइयों, बहनों आपके जनप्रतिनिधि के तौर पर मेरी इस यात्रा में आप लोग मेरे मार्गदर्शक और शिक्षक हैं। लोकतंत्र, न्याय, संविधान में प्रतिष्ठापित मूल्यों के लिए लड़ना मेरे जीवन का लक्ष्य है। बता दें कि प्रियंका गांधी ने 23 अक्तूबर को वायनाड सीट से नामांकन दाखिल किया था। इस दौरान उनके साथ उनकी मां सोनिया गांधी, भाई राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई अन्य नेता मौजूद रहे। नामांकन दाखिल करने से पहले उन्होंने अपने भाई राहुल गांधी के साथ एक रोड-शो भी किया था।

**नामांकन भरने से पहले किया था रोड शो**

प्रियंका ने रोड शो में कहा था कि पिछले 35 सालों से मैं अलग-अलग चुनावों के लिए प्रचार कर रही हूं। यह पहली बार है जब मैं आपके समर्थन की मांग अपने लिए कर रही हूं। यह एक बहुत ही अलग एहसास है। मैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे वायनाड से उम्मीदवार बनने का सौभाग्य दिया। यह प्रियंका गांधी का पहला चुनाव है। वायनाड उपचुनाव में प्रियंका गांधी का सामना भाजपा उम्मीदवार नव्या हरिदास से होने वाला है। हालांकि, नव्या हरिदास ने पहले ही प्रियंका गंधी को कड़े मुकाबले की चुनौती दे चुकी हैं।

## जुलाना में पराली जलाने का सिलसिला जारी प्रशासन बेखबर

रोहतक, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। जींद के जुलाना क्षेत्र में पराली जलाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे वायु प्रदूषण का स्तर चिंताजनक रूप से बढ़ता जा रहा है। प्रशासन और सरकार द्वारा पराली जलाने पर रोक के सख्त निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद किसान धान की फसल के अवशेषों को जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। किसान अब प्रशासन की नजरों से बचने के लिए नई रणनीति अपना रहे हैं। वे रात के समय धान के अवशेषों को आग लगाते हैं, ताकि सुबह तक खेत तैयार हो जाए और पराली जलाने के सबूत मिट जाएं। जैसे ही रात होती है, क्षेत्र के खेतों में पराली जलने का सिलसिला शुरू हो जाता है। जुलाना के हांसी रोड समेत कई स्थानों पर धुएं के गुबार नजर आते हैं, जिससे पर्यावरण और वायु की गुणवत्ता पर गहरा असर पड़ रहा है। हालांकि प्रशासन द्वारा पराली जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है

# कितने अमीर हैं महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस? पत्नी से भी लेना पड़ा लाखों का कर्ज

मुंबई, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दक्षिण पश्चिम नागपुर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन भर दिया है। नामांकन के दौरान उन्होंने जो एफिडेविट दिया है, उसके अनुसार देवेंद्र फडणवीस के पास केवल 23500 रुपये नगद हैं। उनकी कुल संपत्ति सवा 5 करोड़ की है।

**केवल 23,500 रुपये की है नगदी**

पिछले कुछ सालों में उनकी संपत्ति में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जमीन के दाम बढ़ाने की वजह से यह वृद्धि हुई है। बहरहाल उनके पास नगदी में केवल 23500 हैं। पत्नी की संपत्ति मिलकर यह आंकड़ा 13 करोड़ 27 लाख पहुंच जाता है। खास बात यह है कि देवेंद्र फडणवीस को पत्नी अमृता से 62 लख रुपए का कर्ज लेना पड़ा है।

**चल और अचल मिलाकर कुल 5 करोड़ की संपत्ति**

देवेंद्र फडणवीस के पास चल और



अचल मिलकर सवा 5 करोड़ की संपत्ति है। नागपुर से छठी बार चुनाव लड़ रहे फडणवीस के पास 2019 में 45 लाख 96 हजार 634 रुपए की चल और 3 करोड़ 76 लाख 29 हजार की अचल संपत्ति थी। कुल संपत्ति 4 करोड़ 24 लाख 23 हजार 434 रुपए की थी। 5 साल में यह संपत्ति 1 करोड़ 80 हजार 233 रुपए बढ़ी है।

**अमृता के पास 7 करोड़ से अधिक की संपत्ति**

अमृता फडणवीस के नाम पर 2019 में 4 करोड़ 38 लाख 97 हजार 741 रुपए की संपत्ति थी। अब वह 7 करोड़ 92 लाख 21 हजार हो गई है। उनके नाम पर 6 करोड़ 96 लाख 92 हजार रुपए की चल और 95 लाख 29 हजार की अचल संपत्ति है।

**कृषि और समाज सेवा बताया मेन व्यवसाय**

देवेंद्र फडणवीस ने अपने व्यवसाय में कृषि एवं समाज सेवा बताया है। शपथ पत्र में उल्लेख है कि फडणवीसरी अमृता से फडणवीस से 62 लाख रुपए का कर्ज लिया है। देवेंद्र फडणवीस के पास एक भी मामले में एफआईआर दर्ज नहीं है।

# अरुणाचल प्रदेश के लोंगडिंग में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक आतंकी ढेर, हथियार बरामद

लोंगडिंग, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के लोंगडिंग जिले में भारतीय सेना ने एक आतंकी को मार गिराया है। चांगखाओ क्षेत्र में आतंकियों और सेना के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें एक आतंकी मारा गया। भारतीय सेना की स्पीयर कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा अरुणाचल प्रदेश के लोंगडिंग जिले के चांगखाओ क्षेत्र में उग्रवादियों की गतिविधि की खुफिया जानकारी मिलने पर असम राइफल्स ने 25 अक्टूबर 2024 को तलाशी अभियान शुरू किया। संपर्क स्थापित होने पर जवानों पर गोलीबारी की गई। त्वरित प्रतिक्रिया करते हुए जवानों ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी में एनएससीएन (के-वाईए) का एक उग्रवादी मारा गया। घटनास्थल से एक पिस्तौल और युद्ध सामग्री बरामद की गई। सेना के एकीकृत मुख्यालय ने



जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों की बढ़ती घटनाओं को लेकर श्रीनगर में एक बैठक में चर्चा कर रणनीति तैयार की। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि बैठक में, हिंसा के चक्र को तोड़ने और आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने हालांकि इस संबंध में विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया। सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी। सुचिन्द्र कुमार ने कहा, ''इस रणनीति का मूल उद्देश्य नागरिकों और सैनिकों के बीच संबंधों को मजबूत करना है, साथ ही राष्ट्रवादी और मुख्यधारा की भावनाओं को प्रोत्साहित करना है, खासकर युवाओं के बीच।'' उन्होंने कहा कि हिंसा के चक्र को तोड़ने, आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को समाप्त करने, युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने, शिक्षा की सुविधा प्रदान करने, खेलों को बढ़ावा देने और क्षेत्र की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। सेना के कमांडर ने यहां पत्रकारों से कहा, ''मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि स्थिति नियंत्रण में है।'' उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग से छह किलोमीटर दूर सेना के एक वाहन पर गुरुवार को हुए आतंकवादी हमले में दो सैनिक शहीद हो गये थे। इस हमले में सैन्य बल के साथ काम करने वाले दो कुलियों की भी मौत हो गई थी।




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com




वर्ष-29 अंक : 215 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.11 2081 रविवार, 27 अक्टूबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये




# फर्जी कॉल्स पर आईटी मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

## > सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भी मांगी मदद



नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। बम धमकियों को लेकर फर्जी कॉल्स पर आईटी मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी की है। वहीं मंत्रालय की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भी मदद मांगी गई है। जानकारी के मुताबिक मंत्रालय ने इस मुद्दे को सुलझाने में मदद के लिए एक्स, मेटा और अन्य प्लेटफॉर्म से संपर्क किया है।

**सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को कार्रवाई की चेतावनी :**

वहीं जानकारी के मुताबिक फर्जी बम धमकियों के मामले में सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की तरफ से 'उचित परिश्रम' अनुपालन में विफलता के मामले में परिणामी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक परामर्श जारी किया, जिसमें सभी राज्यों से साइबर कमांडो की एक विशेष शाखा स्थापित करने का आग्रह किया गया। यह पहल पिछले सप्ताह भारतीय एयरलाइनों को लक्षित करने वाले 100 से अधिक फर्जी बम धमकियों के जवाब में की गई है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई और एयरलाइनों को वित्तीय नुकसान हुआ। इनमें से अधिकांश खतरों का पता सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खातों से लगाया गया था, जिन्हें वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या डार्क वेब ब्राउजर का उपयोग करके बनाया गया था, जो जांच एजेंसियों द्वारा पता लगाने से बच रहे थे। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने साइबर रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और ऐसे खतरों से बचाने की तत्काल आवश्यकता को पहचाना है। जनवरी 2023 और 2024 में आयोजित डीजीपी और आईजीपी सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री की तरफ से इस विशेष विंग के गठन की सिफारिश की गई थी। गृह मंत्रालय का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 5,000 साइबर कमांडो की भर्ती करना है, जिसमें विंग को राज्य पुलिस संगठनों में एकीकृत किया जाएगा।

# तिरुपति के 2 होटलों में बम की धमकी

## मेल में लिखा-अफजल गुरु फिर जिंदा होगा

## > आईईडी बम चंद्रबाबू की कार से भी जुड़ा है

अमरावती, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में 2 होटलों को बम की धमकी का मेल शनिवार सुबह भेजा गया। धमकी के बाद राज पार्क होटल और पाई वायसरॉय होटल को खाली कराया गया। हालांकि, जांच के बाद बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की टीम को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। उन्होंने कहा, ईमेल फर्जी था।

रिपोर्ट के मुताबिक, धमकी भरे मेल में लिखा था कि आईईडी बम चंद्रबाबू नायुडू की कार से जुड़ा है। अफजल गुरु फिर जिंदा होगा। इसके अलावा मेल में तमिलनाडु के डीजीपी, डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन की पत्नी और आईएसआई का जिक्र है। मेल में लिखा था- होटल की पाइपलाइन में सल्फर से बना आईईडी बम रखा गया है। सुबह 10:35 बजे तक होटल को खाली करें। बम का डिएक्टिवेशन कोड 4566 है। यह सिस्टम गैलिलियो नाम के ऐप से चलता है।

# कल टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुजरात का दौरा करेंगे, जहां वह अपने स्पेन के समकक्ष पेड्रो सांचेज के साथ मिलकर 'टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स' का उद्घाटन करेंगे। यह कॉम्प्लेक्स सी-295 विमान के निर्माण के लिए बनाया गया है। इस कॉम्प्लेक्स को टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएसीएल) के परिसर में बनाया गया है। सी-295 परियोजना के तहत 56 विमानों का निर्माण किया जाएगा, जिसमें से 16 विमान एयरबस के जरिए सीधे स्पेन से प्रदान किए जाएंगे। जबकि शेष 40 विमानों का निर्माण भारत में किया जाएगा। टीएसीएल इन 40 विमानों के निर्माण के लिए जिम्मेदार है। यह सुविधा भारत में सैन्य विमानों के लिए पहील निजी क्षेत्र की फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) होगी। इस प्रक्रिया में विमान के निर्माण से लेकर असेंबली, परीक्षण और उसे सक्षम बनाने से लेकर डिलीवरी व रखरखाव तक के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का विकास शामिल होगा।

# दक्षिण के देशों का भारत पर भरोसा : जयशंकर



पुणे, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ भारत के संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ये देश किस तरह से अपने विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत की मदद लेते हैं। जयशंकर ने तीन उदाहरण देते हुए बताया कि भारत ने किस तरह से इन देशों से समर्थन और भरोसा हासिल किया है।

पुणे में एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए जयशंकर ने कहा, वैश्विक दक्षिण का मतलब क्या है? इसका मतलब उन देशों से है जो कभी उपनिवेश रहे हैं, जिन्होंने अपनी स्वतंत्रता हासिल की है या जो अभी विकासशील हैं। ये ज्यादातर निम्न आय वाले देश हैं। इन देशों का भारत पर उच्च स्तर का भरोसा व उम्मीद है और इसके कारण भी हैं। मैं आपको तीन उदाहरण दे सकता हूं। पहला, वैश्विक दक्षिण के लोगों को याद है कि कोविड-19 के दौरान जब विकसित देश टीकों का भंडारण कर रहे थे, तब कई देशों ने अपना पहला टीका भारत से लिया। भारत ने अपने लोगों को टीका लगाने के साथ-साथ दूसरे देशों को भी मदद की, जिसका वैश्विक स्तर पर गहरा भावनात्मक असर पड़ा। उन्होंने आगे कहा, दूसरा उदाहरण यूक्रेन का है और तीसरा जी-20 बैठक का है। अफ्रीकी संघ कई वर्षों से जी-20 में एक सीट चाहता था। हर बैठक के पहले दिन अफ्रीकी संघ से कहा जाता था कि चिंता मत करो, इस बैठक में हम आपके बारे में सोचेंगे लेकिन अंतिम कुछ नहीं होता था। अफ्रीकी देशों का मानना है कि भारत में संवेदना है, भारत की प्रतिष्ठा है और आज भारत के पास एक आत्मविश्वास है।

# पाकिस्तानी एजेंट को शेयर कर रहा था कोस्ट गार्ड की जानकारी

## > गुजरात एटीएस ने संदिग्ध को किया अरेस्ट

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुजरात की आतंकवाद विरोधी इकाई (एटीएस) ने पोरबंदर के रहने वाले एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। वह इंडियन कोस्ट गार्ड के जहाजों की संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान के एक एजेंट को शेयर कर रहा था। पाकिस्तानी एजेंट गुजराती शख्स के सामने मुंबई की रहने वाली महिला बनकर पेश आ रहा था। एटीएस के पुलिस सुपरीटेंडेंट के. सिद्धार्थ ने इस गिरफ्तारी की जानकारी दी। आरोपी पंकज कोटिया को 'रिया' के नाम से पेश आ रहे शख्स ने इंडियन कोस्ट गार्ड के जहाजों और पोरबंदर स्थित जेट्टी की जानकारी शेयर करने के लिए प्रेरित किया था। पंकज कोटिया जेट्टी पर एक अस्थायी मजदूर के रूप में काम कर रहा था। वह 8 महीने पहले 'रिया' के संपर्क में आया था और तब से वह उसके संपर्क में था। अधिकारी ने कहा कि 'रिया' ने कोटिया को बताया था कि वह भारतीय नौसेना के साथ काम कर रही है और मुंबई में रहती है। जिस व्हाट्सएप नंबर पर कोटिया ने जहाजों और जेट्टी की स्थान और अन्य जानकारी साझा किए, उसकी जांच के दौरान यह पाया गया कि यह नंबर पाकिस्तान से संचालित हो रहा है।

# अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों को वापस भेजा गया

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका ने अवैध रूप से देश में रह रहे भारतीय नागरिकों को वापस भेज दिया है। खास बात यह है कि इसके लिए उसने एक चार्टर्ड विमान किराए पर लिया था। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम भारत सरकार के सहयोग से उठाया गया है और चार्टर विमान 22 अक्टूबर को भारत भेजा गया था।

एक अधिकारी ने ज़्यादा जानकारी देते हुए कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका में कानून का पालन किए बिना रहे लोगों को वापस भेजा गया है और यहां रहना चाहते हैं, उन्हें नियमों का पालन करना होगा। विभाग ने कहा कि ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

# 50-50 करोड़ में विधायकों को खरीदने की कोशिश का आरोप

## > एनसीपी विधायक को लेकर गरमाई केरल की सियासत



तिरुवनंतपुरम, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। केरल के वन मंत्री और एनसीपी नेता ए के ससीन्द्रन ने शनिवार को कहा कि पार्टी विधायक थॉमस के खिलाफ लगे आरोपों पर पार्टी नेतृत्व उचित कार्रवाई करेगा। एनसीपी विधायक थॉमस पर विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिश के आरोप लगे हैं। आरोपों की न्यायिक जांच की मांग पर ससींद्रन ने कहा कि इस संबंध में संबंधित व्यक्ति यानी सीएम पी. विजयन ही फैसला लेंगे।

**क्या है विवाद :**

वन मंत्री की यह प्रतिक्रिया केरल की मीडिया रिपोर्टों पर उठे विवाद के एक दिन बाद आई है, जिसमें दावा किया गया है कि राज्य के एनसीपी विधायक थॉमस के थॉमस (जो शरद पवार की पार्टी से संबंधित हैं) उन्होंने दो अन्य वामपंथी विधायकों को अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी में शामिल होने के लिए 50-50 करोड़ रुपये देने की पेशकश की थी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एनसीपी विधायक थॉमस के थॉमस ने दो वामपंथी विधायकों एंटनी राजू (जनाधिपत्य केरल कांग्रेस) और कोवूर कुंजुमन (आरएसपी-लेनिनवादी) को पैसे की पेशकश की। हालांकि, कुट्टानाड सीट से विधायक थॉमस ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज कर दिया और मीडिया रिपोर्ट्स को निराधार बताया। थॉमस के थॉमस पर अपनी पार्टी के नेता और वन मंत्री ससींद्रन को हटाकर खुद पी. विजयन की कैबिनेट में शामिल होने की कोशिश का भी आरोप है। गौरतलब है कि अजित पवार, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन का हिस्सा हैं। वहीं विपक्षी कांग्रेस ने एलडीएफ विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों पर सीएम विजयन पर निशाना साधा। कांग्रेस ने गंभीर आरोपों की जानकारी होने के बावजूद जांच का आदेश न देने के लिए मुख्यमंत्री की आलोचना की।




# दोषियों की पेशी के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस का उपयोग क्यों नहीं हो रहा?

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के गृह सचिव को यह बताने का निर्देश दिया है कि अदालत में आरोपियों को सबूत दर्ज करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा है। जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने सचिव को इस संबंध में दो सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने को कहा है। पीठ ने कहा, महाराष्ट्र के गृह सचिव को एक हलफनामा दाखिल करना चाहिए कि सबूतों की रिकॉर्डिंग और आरोपियों की पेशी के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा है? हलफनामे में यह भी बताना होगा कि महाराष्ट्र में ऐसी सुविधाएं मौजूद है भी या नहीं? हलफनामे में यह भी बताना पड़ेगा कि अदालतों और जेलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा उपलब्ध करने के लिए कितनी राशि जारी की गई थी? सुनवाई के दौरान जब अदालत ने राज्य के वकील से पूछा कि आरोपी को पेश क्यों नहीं किया गया तो वे कोई स्पष्टीकरण नहीं दे पाए। सुप्रीम कोर्ट का निर्देश एक आरोपी द्वारा याचिका दायर करने के बाद आया।

# आरएसएस ने किया सीएम योगी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' का समर्थन



लखनऊ, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मथुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक बैठक के दौरान आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि हमें इसे आचरण में लाना चाहिए। यह हिंदू एकता और लोक कल्याण के लिए जरूरी है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में दत्तात्रेय होसबाले ने कहा, पिछले साल से इस बार आरएसएस की शाखाएं ज्यादा बढ़ी हैं। पूरे देश में संघ की 72354 शाखाएं चल रही हैं। वर्तमान हालात में एकता बनाए रखनी है। कई जगह धर्मांतरण हो रहे हैं। गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के समय हमले हुए। इन मामलों में अपनी रक्षा भी करना चाहिए और एकता भी बनाए रखनी चाहिए जिससे शांति बनी रहे। उन्होंने कहा, ओटीटी को लेकर कानून और नियम आने चाहिए। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा, बांग्लादेश में हिंदू समाज के लोगों के लिए भारत सरकार ने कदम उठाए हैं। दुनिया में कहीं भी किसी भी हिंदू को दिक्कत है तो वो मदद के लिए भारत की तरफ ही देखता है। सीएम योगी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान के सवाल पर उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि एकता की आवश्यकता है और हमें इसे आचरण में लाना है। लोग इसे समझ रहे हैं और लागू कर रहे हैं। यह हिंदू एकता और लोक कल्याण के लिए बहुत आवश्यक है। हिंदुओं को तोड़ने के लिए लोग काम कर रहे हैं। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा, लव जिहाद से समाज में समस्या हो रही है। लड़कियों को लव जिहाद के प्रति जागरूक करें। हमारे समाज की बहन-बेटियों को बचाना हमारा काम है। केरल में 200 लड़कियों को लव जिहाद से बचाया गया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक इस बार मथुरा स्थित गऊ ग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित हुई।

# बारामूला हमले में 3-4 आतंकी शामिल थे : सेना

श्रीनगर, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में हुए आतंकी हमले को लेकर नए खुलासे हुए हैं। बारामूला के एसएसपी मोहम्मद जैद मलिक ने शनिवार सुबह बताया कि हमले में 3-4 आतंकियों के शामिल होने के सबूत मिले हैं। आतंकियों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन लगातार तीसरे दिन भी जारी है।

उधर, आर्मी के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल एमके साहू ने कहा, सेना के वाहन पर गोलीबारी होने पर हमारे सैनिकों ने तेजी से जवाबी कार्रवाई की थी, जिससे आतंकवादियों को हथियार और बैग छोड़कर पीछे हटना पड़ा। वे एक नाले का फायदा उठाकर घने जंगल में भाग गए। अंधेरा होने के कारण आतंकियों को भागने में सफलता मिली। दरअसल, एलओसी के पास 24 अक्टूबर की देर रात सेना की गाड़ी पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया था। इसमें 3 जवान शहीद हुए थे। साथ ही 2 पोर्टर वर्कर्स की भी मौत हुई थी।

लेफ्टिनेंट कर्नल एमके सिंह ने कहा, भारतीय सेना राइफलमैन कैसर अहमद शाह और राइफलमैन जीवन सिंह की बहादुरी को सलाम करती है। दोनों ने गोली लगने के बावजूद आतंकवादियों को भागने पर मजबूर कर दिया।

## लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत अचानक बिगड़ी, दिल्ली एम्स के आईसीयू में भर्ती



पटना, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। पद्मभूषण से सम्मानित लोकगायिका शारदा सिन्हा की तबीयत अचानक बिगड़ गई है, उन्हें दिल्ली एम्स के इमरजेंसी वार्ड में एडमिट कराया गया है। वे एक हफ्ते से दिल्ली एम्स में भर्ती हैं। पिछले एक सप्ताह से उनको खाने-पीने में काफी समस्याएं आ रही थी। आज सुबह उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई, जिसके बाद उनको इमरजेंसी वार्ड में लाया गया। हाल ही में उनके पति का ब्रेन हैमरेज से निधन हुआ था, जिसके बाद से वो काफी चिंतित रहती थीं। अभी उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में कोई स्वास्थ्य बुलेटिन जारी नहीं किया गया है। एम्स में डॉक्टर्स की टीम उनके इलाज में जुटी है।

## हापुड़ में पकड़ी गई नागिन पर नहीं थम रहा खौफ! एक और महिला को डसा, गांव में हाहाकार

हापुड़, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में हापुड़ के एक गांव में रहने वाले लोग इन दिनों खौफ के साये में जी रहे हैं। पूरे गांव में नागिन का साया मंडरा रहा है। अब तक पांच गांव वालों को अपना शिकार बना चुकी नागिन ने एक महिला को डस लिया। सांप के काटने से महिला तत्काल बेहोश हो गई और उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांव में नागिन को लेकर इतनी दहशत है कि कई परिवार मकान में ताला लगाकर बाहर रहने वाले रिश्तेदारों के यहां चले गए हैं। पूरा मामला बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के सदरपुर गांव की है। गांव में रहने वाले अजब सिंह की पत्नी उमेश कुमारी अपने घर में रोजाना के कामकाज निपटा रही थी।

तभी उनको सांप ने काट लिया। दर्द इतना तेज होने लगा कि महिला के एक हाथ ने काम करना बंद कर दिया। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। तत्काल घरवाले उसे अस्पताल लेकर गए। सूचना मिलते ही वन विभाग के अफसर भी गांव पहुंच गए। इससे पहले, वन विभाग ने पूरे इलाके में सांप को पकड़ने के लिए घंटों सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसके बाद सांप को पकड़ लिया गया। स्थानीय लोगों को आशंका है कि गांव में और भी कई जहरीले सांप हो सकते हैं। गांव में नागिन के भय से दहशत का माहौल है क्योंकि अब तक नागिन ने 6 लोगों को डस लिया है।

## रिवाल्वर, मुंबई में फ्लैट करोड़ों की संपत्ति

## सीसामऊ से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी पर कोई कर्ज नहीं है



कानपुर, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूपी के कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रत्याशी नामांकन करा चुके हैं। सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया था। सोलंकी परिवार की बहू और पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी करोड़ों रुपये की चल-अचल संपत्ति की मालकिन हैं। नसीम सोलंकी की तरफ से दिए गए शपथ पत्र में बताया गया है कि उनकी आय 6,50,400 है, जबकि नसीम सोने-चांदी के आभूषणों और रिवाल्वर पास में रखने की शौकीन हैं। सीसामऊ से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी के पास 11.25 लाख का 150 ग्राम सोना है। उनके पास एक किलो चांदी, एक लाइसेंसी रिवाल्वर, 40 हजार नकदी, 66.20 लाख की चल संपत्ति है। इसने 44 लाख रुपये बांद्रा मुंबई में फ्लैट के मद में अग्रिम भुगतान के रूप में दिए गए हैं। इसी तरह से स्वर्ण जयंती एक्सटेंशन में दो प्लॉट हैं, जो कि वर्तमान सीज हैं। दोनों ही प्लॉट 163-162 वर्गगज के हैं। अन्य भूखंडों और जमीनों के रूप में उनके पास 3.57 करोड़ की अचल संपत्ति है। नसीम सोलंकी पर कोई भी बकाया ऋण नहीं है। उसके खिलाफ कोई भी आपराधिक मुकदमा या फिर कोर्ट में विचाराधीन मामला नहीं है।

# बिहार में 'भारत रत्न' को लेकर छिड़ा सियासी घमासान

## लालू का पोस्टर देख जदयू-भाजपा ने मनभर कोसा



पटना, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजद नेता ने पार्टी के सुप्रीमो लालू प्रसाद को भारत रत्न दिए जाने की मांग को लेकर पोस्टर लगा दिया जिसपर भाजपा और जदयू दोनों ने जमकर हमला बोला। बिहार में सत्ता पक्ष एनडीए के नेताओं ने इस पोस्टर को लेकर लालू यादव पर कटाक्ष करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री के दागदार रिकॉर्ड को लेकरर तंज कसा। बता दें कि राजद के एससी/एसटी प्रकोष्ठ के एक पदाधिकारी ने इस पोस्टर को राजधानी पटना में पार्टी के बीरचंद पटेल मार्ग कार्यालय के करीब लगाया है। पोस्टर पर लिखा गया है, सामाजिक न्याय के नेता और बिहार की आवाज लालू प्रसाद को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए।"

**लालू के पोस्टर पर जदयू का कटाक्ष, भाजपा ने कसा तंज**

इस पोस्टर पर राजद सुप्रीमो की तस्वीर के साथ मसीहा, हमारे भगवान भी लिखा गया है। इसपर जनता दल (यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा, अगर होली का त्योहार नजदीक होता तो मैं इसे मजाक समझता। लेकिन चूंकि राजद ने गंभीरता से इसकी मांग की है, इसलिए मैं उनसे आग्रह करूंगा कि वे भारत रत्न का अपमान ना करें। वहीं जदयू एमएलसी नीरज कुमार ने और तीखा प्रहार करते हुए कहा, लालू जी को भारत रत्न क्यों मिलना चाहिए? भ्रष्टाचार, जातिवाद, वंशवाद की राजनीति और अपराधियों को संरक्षण देने के उनके मानदंड के कारण वो भी रत्न शर्मा जाए।" प्रसाद चारा घोटाले के कई मामलों में सजायाफ्ता हैं और फिलहाल जमानत पर हैं। मामलों में दोषसिद्धि के कारण उन्हें चुनाव लड़ने से भी अयोग्य घोषित किया गया है। बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा, लालू प्रसाद को उनके वित्तीय अपराधों के लिए लूट रत्न की उपाधि दी जाए दी जानी चाहिए।

**राजद ने दी सफाई तो कांग्रेस ने कही ये बात**

इसपर राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा, बिहार में किसी भी रिक्शा चालक या मजदूर से बात करें। वह आपको बताएगा कि लालू जी ने ही उन्हें आवाज दी है। बिहार के सभी ओबीसी और दलित नेता, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, अपने राजनीतिक भाग्य का श्रेय हमारे नेता द्वारा लाई गई सामाजिक क्रांति को देते हैं। इस सियासी घमासान पर राजद की गठबंधन सहयोगी कांग्रेस ने सधी हुई प्रतिक्रिया दी। राज्य कांग्रेस मीडिया सेल के प्रभारी राजेश राठौर ने कहा, हर पार्टी अपने नेता के बारे में ऐसी भावना रखती है। इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है। इसके अलावा, हम इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकते कि बिहार के सभी नेताओं में लालू का सबसे बड़ा समर्थन आधार है। नीतीश, रामविलास के लिए भी उठी थी मांग बता दें कि लगभग एक महीने पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए सर्वोच्च नागरिक सम्मान की मांग को लेकर एक पोस्टर जनता दल(यू) कार्यालय के बाहर लगाया गया था। वहीं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अपने दिवंगत पिता रामविलास पासवान के लिए भी भारत रत्न की मांग की थी।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग से मिल रही धमकियों के बीच पप्पू यादव ने सलमान खान से की बात, कहा- मैं हूं आपके साथ



पटना, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान से बातचीत की और कहा कि वह हर परिस्थिति में उनके साथ हैं। दरअसल, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से सलमान खान को मिल रही धमकियों के बीच पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव मुंबई में बॉलीवुड एक्टर सलमान खान से मुलाकात करने पहुंचे थे, लेकिन सलमान के व्यस्त कार्यक्रम के चलते उनकी मुलाकात नहीं हो पाई। हालांकि दोनों की फोन पर लंबी बात हुई, जिसकी जानकारी खुद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर दी और बताया कि वह हर हालात में सलमान खान के साथ है। पप्पू यादव ने एक्स पर लिखा कहा कि मुंबई से लौट रहा हूं, शहर से दूर शूटिंग में व्यस्त होने के कारण फिल्म अभिनेता सलमान खान से मुलाकात नहीं हो पाई। उन्हें भी आश्वस्त करना चाहता था मैं हूं ना! उनसे फोन पर लंबी बात हुई, वह निडर निर्भीक हैं। अपना काम और इंसानियत को पहली प्राथमिकता बताया, हर परिस्थिति में मैं उनके साथ हूं।

# कौन है चारु कैन?

## खैर सीट पर सपा ने चला तुरुप का इक्का, बसपा से रहा है कनेक्शन



अलीगढ़, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी ने अलीगढ़ के खैर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में चारू केन पर दांव लगाया है। चारू कैन भी सियासी परिवार से ही ताल्लुक रखती है। 2022 विधानसभा चुनाव में उन्होंने खैर सीट से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था। वो बीजेपी के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तेजवीर सिंह गुड्डू की पुत्रवधू हैं उनके पति कार्तिक भी जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ चुके हैं। उनके परिवार को दूसरे सदस्य भी चुनाव लड़ चुके हैं। चारू कैन रोहतक से एमबीबीएस की पढ़ाई भी कर रही है। उन्होंने 2022 विधानसभा चुनाव से राजनीति में एंट्री की थी। बसपा ने उन्हें उम्मीदवार बनाया था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। कुछ दिन पहले ही वो बसपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुईं थी और अब सपा ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया है। अखिलेश यादव ने ऐसी महिला प्रत्याशी पर दांव चला है जो जाट लैंड के साथ दलित वोटबैंक को भी साध सके।

**खैर सीट पर दिलचस्प हुई लड़ाई**

चारु कैन का बहुजन समाज पार्टी के वोटर्स पर अच्छा दबदबा है। चारु कैन एससी समुदाय से आती है लेकिन, उनके पति जाट हैं, जिसके चलते उनके पक्ष में जाट समुदाय और एससी समुदाय का मत मिलने के आसार राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का केंद्र बने हुए हैं। चारू को सपा का तुरप का इक्का माना जा रहा है। 2022 में चारू खैर सीट पर दूसरे नंबर पर रहीं थी। चारू कैन के ससुर तेजवीर सिंह गुड्डू मूलरूप से अलीगढ़ के क्वार्सी क्षेत्र के सुखरावली के रहने वाले है। साल 2000 में उन्होंने रालोद से जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। जिसके बाद उनका सियासी कद और बढ़ गया। उन्होंने जाट वोटों को अपनी तरफ खींचने में कामयाबी हासिल की। लेकिन अब उनके बेटे कार्तिक और बहू चारू कैन सियासत में हाथ आजमा रहे हैं। चारू कैन के खैर से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद इस सीट पर बीजेपी और सपा के बीच लड़ाई दिलचस्प हो गई है।

# बैंक का 25 करोड़ डकार गया


## बनवा रखा था आलीशान होटल; मैनेजर के फर्जीवाड़े की कहानी, अब हुई कार्रवाई

इटावा, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के सहकारी बैंक से हुए पच्चीस करोड़ के गबन के मामले में पुलिस ने दस करोड़ की संपत्ति के होटल की कुर्की की है। बैंक से गबन के आरोप में पुलिस अब तक 13 लोगों को जेल भेज चुकी है। वहीं, कई अन्य आरोपियों के भी जेल जाने की संभावनाएं जताई जा रही है। 25 करोड़ के गबन के आरोप में बैंक के छह अधिकारियों सहित शहर के कई बड़े सर्राफा व्यवसायी जेल में सजा काट रहे है। जिला सहकारी बैंक में 25 करोड़ रुपये गबन के मामले में मुख्य आरोपी अखिलेश चतुर्वेदी (वरिष्ठ शाखा प्रबंधक) के 10 करोड़ के होटल को पुलिस और प्रशासन ने कुर्क करने की कार्रवाई की है। कुर्की की इस कार्यवाही के बाद अब इस होटल को खरीदा और बेचा नहीं जा सकता है। इटावा एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि जिला सहकारी बैंक इटावा में हुए 25 करोड़ रुपए के घोटाले के मामले के मुख्य आरोपी वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अखिलेश चतुर्वेदी के होटल की कुर्की की गई है।

# 6 साल की मासूम को उठा ले गया तांत्रिक, झोपड़ी में ले जाकर किया रेप

लखनऊ, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक तांत्रिक ने 6 साल की मासूम से रेप की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी तांत्रिक ने अपनी झोपड़ी में ले जाकर मासूम के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिजनों को जानकारी हुई तो वह तांत्रिक की झोपड़ी पर पहुंचे। लोगों को देख वह भागने लगा। परिजनों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी डंडों से जमकर पिटाई लगाई। पीड़िता के परिजनों ने आरोपी को पुलिस के हवाले किया है। पुलिस आरोपी तांत्रिक से पूछताछ कर रही है। शर्मसार करने वाली घटना लखनऊ के मोहनलालगंज की है। यहां रहने वाला मैकूलाल रावत झाड़-फूंक का काम करता है। उसकी पहचान एक तांत्रिक के रूप में है। पीड़िता के परिजनों के मुताबिक, उनकी 6 साल की बेटी घर से बाहर थी। मैकूलाल उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। वह बच्ची को झोपड़ी में ले गया। वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।

# सपा नेता के खिलाफ बिजली चोरी का केस दर्ज, लगा 54 लाख रुपये का जुर्माना




संभल, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में बिजली विभाग ने समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व जिलाध्यक्ष के खिलाफ बिजली चोरी के मामले में 54 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बिजली विभाग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बिजली विभाग ने समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व जिलाध्यक्ष के खिलाफ 20 अक्टूबर को बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। संभल के बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि 20 अक्टूबर को हयातनगर के पक्का बाग में जांच के दौरान फिरोज खान (सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष) के निजी कार्यालय में बिजली चोरी पकड़ी गई। उन्होंने बताया कि खान के खिलाफ 'एंटी पावर थेफ्ट' थाने में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। गौतम ने बताया कि चोरी के मामले में फिरोज खान के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर 54 लाख का जुर्माना बना है। जांच में पता चला कि इनके यहां 2012 से मीटर नहीं लगा हुआ था। बिजली का कनेक्शन नहीं था और जांच के अनुमोदन के बाद इन पर 54 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि इसका नोटिस इन्हें भेजा गया है, जिसमें इन्हें 15 दिन का नियमानुसार समय दिया गया है, इस अवधि में यह अपना पक्ष रख सकते हैं।

# अवनीश दीक्षित के खिलाफ कोर्ट में 3200 पेज की चार्जशीट



कानपुर, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिविल लाइंस स्थित नजूल की एक हजार करोड़ की जमीन पर कब्जा करने के प्रयास में जेल भेजे गए पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अवनीश दीक्षित समेत 13 आरोपियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने कोर्ट में दो चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस ने सभी को डकैती समेत अन्य धाराओं में मुल्जिम बनाया है। साथ ही संगठित अपराध के लिए गिरोह बनाने की धारा बीएनएस 111 में भी चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस ने मामले में हरेन्द्र मसीह को पर्दे के पीछे का मास्टरमाइंड और अवनीश दीक्षित को मुख्य आरोपित बनाया है। इस मामले में अब सिर्फ मोहित बाजपेई के खिलाफ चार्जशीट लगना बाकी है। जल्द ही पुलिस उसमें भी पूरक चार्जशीट दाखिल करेगी। कोतवाली इंस्पेक्टर कोतवाली इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला के मुताबिक 3200 पन्नों की चार्जशीट सीजेएम कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है।

**दो एफआईआर, दो चार्जशीट**

जमीन कब्जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की थी। जिसमें एक में वादी लेकपाल विपिन कुमार थे और दूसरे में जमिन पर काबिज सैमुएल पुत्र गुरुदेव सिंह वादी थे। एफआईआर दर्ज करने के बाद 29 जुलाई 2024 को कोतवाली पुलिस ने पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अवनीश दीक्षित को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बाद में घटना में शामिल अन्य लोगों को जेल भेजा गया। झांसी निवासी हरेन्द्र मसीह को पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है मगर उसके खिलाफ धारा 82 (फरारी) और धारा 83 (कुर्की) की कार्रवाई की जा चुकी है। फरार घोषित होने के कारण पुलिस को कानून में चार्जशीट लगाने का प्रावधान मिला है जिसके कारण उसका नाम भी शामिल किया गया है। दोनों मामलों में पुलिस द्वारा दो चार्जशीट फ्राइडे को कोर्ट में दाखिल कर दी गई है।

हरेन्द्र मसीह, पूर्व प्रेसक्लब अध्यक्ष अवनीश दीक्षित, राहुल वर्मा, मौरिस एरियल, कमला एरियल, अभिषेक एरियल, अर्पण एरियल, जीतेश झा, संदीप, विक्की चार्ल्स, अब्बास, जितेन्द्र और विवेक पाण्डेय के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है। कोतवाली इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि दस्तावेजी सबूतों में जमीन को लिखापढ़ी, लीज के कागजात, अवनीश दीक्षित की पावर ऑफ एटर्नी, बैंक में लेन देन के सबूत, जमीन कब्जाने के लिए बनाई गई श्री आनंदेश्वर एसोसिएट्स कम्पनी के दस्तावेज, बैंकों में लेन देन की रिपोर्ट को अहम सबूत बनाया गया है।

इसी तरह डकैती को साबित करने के लिए वीडियो फुटेज, वहां पर मौजूद लोगों के बयान और आरोपी संदीप शुक्ला के बयान को आधार बनाया है। जिसमें उसने बताया है कि अवनीश दीक्षित के कहने पर ही उसने घटना वाले दिन सीसीटीवी फुटेज वाली डीवीआर गंगा में फेंक दी थी।

# यूपी में ट्रेन को फिर पलटाने की कोशिश

## 10 किलो के लकड़ी के टुकड़े पर चढ़ी बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस



बरेली-वाराणसी, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में एक बार फिर ट्रेन को डिरेल कराने की कोशिश की गई है। रेलवे ट्रैक पर लकड़ी का टुकड़ा रखा हुआ मिला है। चलती ट्रेन से लकड़ी का टुकड़ा टकरा गया। उत्तर प्रदेश में लखनऊ से नई दिल्ली रेल मार्ग पर ये बड़ा हादसा टला है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मलिहाबाद और काकोरी रेलवे स्टेशन के बीच में रेलवे ट्रैक पर लकड़ी रखा गया था। लकड़ी का टुकड़ा बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस ट्रेन में फंस गया था। दो फीट लंबे और 10 किलो वजनी लकड़ी के टुकड़े ट्रेन टकरा गई। हालांकि, लोको पायलट ने तत्काल ट्रेन रोक दी। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना के तुरंत बाद स्टेशन मास्टर को अप व डाउन ट्रैक के लिए चेतावनी जारी की गई। ट्रैक की जांच के दौरान अप ट्रैक पर भी लकड़ी की टहनी मिली। इस कारण करीब दो घंटे तक ट्रेनों का संचालन बंद रहा। उत्तर प्रदेश के कानपुर में भी सितंबर के महीने में ऐसा ही मामला सामने आया था। जहां भिवानी जा रही कालिंदी एक्सप्रेस डिरेल होने से बच गई। रेलवे ट्रैक पर भरा गैस सिलिंडर रखा गया था। बर्राजपुर और बिल्हौर के बीच 100 किमी की रफ्तार से दौड़ रही ट्रेन भरे हुए गैस सिलिंडर से टकराई तो तेज आवाज हुई। इसके बाद लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया था। इस तरह बड़ा हादसा होने से बच गया था। बता दें कि इसके पहले रायबरेली में ट्रेन को पलटाने की कोशिश की गई थी। रायबरेली में मालगाड़ी सीमेंटेड स्लीपर से टकरा गई थी। लोको पायलट की सूझ-बूझ के चलते बड़ा हादसा होने से बच गया था। यह घटना रायबरेली के लक्ष्मणपुर स्टेशन के पास घटी थी।

# यूपी में 90 हजार रुपये कमाते हैं भिखारी, सर्वे में हुआ चौंकाने वाला खुलासा



लखनऊ, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। चौराहों और मंदिरों के पास भिक्षावृत्ति में लगे भिखारी महीने में 90 हजार और साल में करीब 11 लाख रुपये कमाते हैं। यह सुनकर आप भले ही हैरान हो गए हों, लेकिन यह सच है। जिला नगरीय विकास अभिकरण की ओर से किए गए सर्वे में लखनऊ में भिखारियों ने कमाई के मामले में कई नौकरी पेशा को भी पीछे छोड़ दिया है। लखनऊ में कई भिखारियों के पास स्मार्टफोन और पैनकार्ड तक मिले हैं, भिखारियों की धरपकड़ और सर्वे में ये बात सामने आई है। सर्वे के दौरान 5,312 भिखारी मिले। अब इनको योजनाओं से जोड़ने की तैयारी है।

**लखनऊ में लगातार बढ़ रही भिखारियों की संख्या**

जानकारी के मुताबिक, लखनऊ में भिखारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिसको लेकर समाज कल्याण विभाग और डूडा (जिला नगरीय विकास अभिकरण) ने सर्वे किया, जिसमें यह चौकाने वाला खुलासा हुआ है। हालांकि यह सर्वे काफी पुराना है। सर्वे करने वाली संस्था द्वारा सर्वे में गड़बड़ी होने के चलते जिला प्रशासन ने इसे काली सूची में डाला है। 19 अक्टूबर से पांच विभागों की संयुक्त टीम शहर को भिक्षावृत्ति से मुक्ति का अभियान चला रही है। अभियान की 15 दिन में समीक्षा होगी। भिक्षावृत्ति में संलिप्त परिवारों और बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराते हुए, उनके चिह्नांकन, पुनर्वासन तथा सामाजिक एकीकरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर-निगम, पुलिस विभाग, जिला नगरीय विकास अभिकरण, समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन की संयुक्त टीम बनी है। अभियान के लिए हजरतगंज, लाल बत्ती, अवध चौराहा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान व चारबाग चौराहों को हाट स्पाट चुना गया है जहां भिक्षावृत्ति अधिक होती है।

**मुख्यमंत्री कल संस्कृत छात्रों को देंगे बढ़ी छात्रवृत्ति का उपहार**

दीपावली के मौके पर संस्कृत स्कूलों व महाविद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को बढ़ी छात्रवृत्ति का उपहार मिलेगा। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों को छात्रवृत्ति वितरित कर इसका शुभारंभ करेंगे। प्रदेश भर में कुल 69,195 संस्कृत छात्रों को छात्रवृत्ति बांटी जाएगी। विधानसभा उपचुनाव वाले नौ जिलों को छोड़कर बाकी सभी जिलों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डा. महेन्द्र देव ने बताया कि संस्कृत स्कूलों व महाविद्यालयों में पढ़ने वाले 1,21,977 विद्यार्थियों में से 69,195 विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया है और उन्हें छात्रवृत्ति दी जाएगी। छात्रवृत्ति में 23 वर्षों बाद बढ़ोतरी की गई है। वर्ष 2001 से लागू की गई छात्रवृत्ति की दरों को संशोधित किया गया है। ऐसे विद्यार्थी जिनके न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक हैं और उनकी कक्षा में उपस्थिति 75 प्रतिशत है, वे इसके लिए पात्र हैं। कक्षा छह व सात के विद्यार्थियों को वार्षिक 600 रुपये, कक्षा आठ के छात्रों को 900 रुपये, कक्षा नौ व 10 के छात्रों को 1,200 रुपये, कक्षा 11 व 12 के छात्रों को 1,800 रुपये, स्नातक के छात्रों को 2,400 रुपये व परास्नातक के छात्रों को 3,000 रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाएगी।

# 'तिरुपति लड्डू में मिलावट करने वालों का नाश होकर रहेगा' रामभद्राचार्य ने गुस्से में दिया श्राप



सुल्तानपुर, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। जिले में एक हजार कलश यात्रा के साथ विजेथुआ महोत्सव का आगाज हो गया है। इस अवसर पर जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य जी महाराज की पांच दिवसीय रामकथा का आयोजन किया गया है। अपनी कथा के पहले ही दिन रामभद्राचार्य ने कुछ ऐसा कहा कि वो चर्चा में आ गए है। उन्होंने कहा, 'जैसे रावण का अहंकार टूटा, वैसे ही विपक्ष का भी टूटेगा। इनकी मंशा देश विरोधी है, राम विरोधी है। अगली बार कथा कहने आऊं, तो ऐसा कर दो कि सुल्तानपुर की दशा बदल जाये।' तिरुपति बालाजी में उपद्रवियों को आड़े हाथों लेते हुए रामभद्राचार्य ने कहा कि जिस भोग में मछली का तेल, मांस का टुकड़ा मिलाकर हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया, मैं श्राप देता हूं उनका नाश होकर रहेगा। किसी भी स्थिति में वह मनुष्य होकर संतुष्ट नहीं रह पाएगा। उन्होंने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने कह दिया है कि हिंदुत्व भारतीयता का पर्यायवाची है और जो अत्याचार मुस्लिम धर्म कर रहे हैं, वो सहन नहीं होंगे। अभी दुर्गा पूजा में देखा कितना बड़ा अनर्थ हो गया।' इसके साथ ही रामभद्राचार्य ने यह भी कहा कि हमारी भविष्यवाणी सिद्ध हुई। मैंने कहा था कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। मैंने तो कहा कि पीएम मोदी से कानून सम्मत अपेक्षाएं रखते हैं। उनकी पहली अपेक्षा है, हिंदू मंदिरों से सरकारी हस्तक्षेप हटाया जाए। दूसरी अपेक्षा है, गंगा जमुना की धारा मेल बहे। तीसरी अपेक्षा है हिंदी राष्ट्रभाषा हो और चौथी अपेक्षा है राम चरित मानस देश का राष्ट्रीय ग्रंथ हो और हमारा पाक अधिग्रहित कश्मीर भारत में मिल जाए।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता


# मेरा हैदराबाद

सुविचार
यदि आप अपना विचार बदल सकते हैं, तो आप अपना जीवन बदल सकते हैं।



## सीतक्का ने अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया



हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पंचायत राज और ग्रामीण विकास मंत्री सीताक्का ने अधिकारियों को तेलंगाना के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त उपाय करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने शनिवार को यहां एर्रामंजिल में इंजीनियर-इन-चीफ के कार्यालय में मिशन भगीरथ के मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं और कार्यकारी अभियंताओं के साथ एक राज्य स्तरीय बैठक की और तेलंगाना में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति के लिए गर्मियों की तैयारियों के बारे में चर्चा की। बैठक में राज्य की पेयजल आपूर्ति प्रणालियों की समीक्षा और आगामी गर्मियों की तैयारी पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक के दौरान, इंजीनियरों को तेलंगाना के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का काम सौंपा गया। मंत्री ने दैनिक जल आपूर्ति में गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया और कहा कि निर्बाध जल पहुंच सुनिश्चित करने के लिए किसी भी पाइपलाइन लीक या टूटने को 24 घंटे के भीतर ठीक किया जाना चाहिए। सीथक्का ने डायरिया जैसे जलजनित रोगों के खिलाफ सतर्कता के महत्व पर भी जोर दिया और निर्देश दिया कि गांवों में ओवरहेड पानी की टंकियों को रोजाना क्लोरीनेट किया जाए और पंचायत सचिवों के समन्वय से हर 10 दिन में साफ किया जाए। तेलंगाना सरकार के समय पर किए गए प्रयासों के लिए धन्यवाद देते हुए, पिछली गर्मियों में पानी की कोई कमी नहीं हुई, मंत्री ने मिशन भगीरथ इंजीनियरों की उनके निरंतर पर्यवेक्षण और समर्पण के लिए सराहना की और उनसे आगामी गर्मियों के लिए संभावित जल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करने का आग्रह किया। सीतक्का ने निर्देश दिया कि आगामी गर्मियों में पानी की कमी से बचने के लिए एक ग्राम-स्तरीय कार्य योजना विकसित की जाए। इंजीनियरों को पीने के पानी की आपूर्ति के मुद्दों के बारे में समाचार और सोशल मीडिया रिपोर्ट या शिकायतों पर तुरंत प्रतिक्रिया देने का भी निर्देश दिया गया।

## 1.45 करोड़ रुपये की ठगी के आरोप में 3 गिरफ्तार

हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबर अपराध के एक अन्य मामले में, हैदराबाद निवासी से 1.45 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में बेंगलुरू से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। दर्ज शिकायत के अनुसार ऑनलाइन निवेश कंपनी 'एक्सटी स्क्वायर फाइनेंशियल सर्विसेज' ने भारी रिटर्न का वादा किया था। बेंगलुरू के रहने वाले 3 आरोपियों रामेश्वर बेहरा उर्फ आरके भट्ट, शेख जैनब उर्फ निहारिका और उसके पति अकबर खान ने हैदराबाद निवासी को ठगा।

आरके भट्ट एक 29 वर्षीय सेल्स एग्जीक्यूटिव हैं, जिनकी रुचि ट्रेडिंग में है, जबकि 31 वर्षीय अकबर खान एक डेटा ऑपरेटर और सेल्स के रूप में काम करते हैं।

हैदराबाद निवासी ने अपनी शिकायत में कहा कि जनवरी 2019 में उन्हें कंपनी में निवेश करने के लिए निहारिका का फोन आया। भारी रिटर्न की उम्मीद में हैदराबाद निवासी ने 2 लाख रुपये का निवेश किया और बाद में 1.45 करोड़ रुपये का निवेश किया। हालांकि, कोई धनराशि जारी नहीं की गई। अपने साथ धोखाधड़ी होने का पता चलने पर निवासी ने हैदराबाद साइबर अपराध पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच करने पर पता चला कि तीनों आरोपियों ने कई बैंक खातों का उपयोग करके विभिन्न लेनदेन के माध्यम से बड़ी रकम निकाल ली। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे निवेश के दौरान भारी रिटर्न का वादा करने वाली कंपनियों से सावधान रहें और तुरंत कोई निर्णय न लें। साइबर अपराध पुलिस ने कहा कि हेल्पलाइन 1930 या वेबसाइट पर साइबर अपराधों की रिपोर्ट करें।

## मंत्रियों ने सड़क परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए वन मंजूरी पर जोर दिया



हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। वन मंत्री कोंडा सुरेखा और सड़क एवं भवन मंत्री कोमाटीरेड्डी वेंकट रेड्डी ने शनिवार को सचिवालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और लंबित वन मंजूरी के कारण रुकी हुई सड़क निर्माण परियोजनाओं पर गहन चर्चा की। मंत्रियों ने अधिकारियों को इन अनुमतियों को प्राप्त करने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के प्रयासों में तेजी लाने का निर्देश दिया, साथ ही दोनों विभागों के बीच सहयोग के महत्व पर जोर दिया। सड़क एवं भवन (आरएंडबी) विभाग के अधिकारियों ने मंत्रियों को बताया कि वन मंजूरी के अभाव में करीब 91 परियोजनाएं लंबित हैं। मंत्रियों ने इन मंजूरी में तेजी लाने के लिए एकजुट दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया, क्योंकि सड़क निर्माण में देरी राज्य के समग्र विकास में बाधा बन सकती है। मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने जोर देकर कहा कि बुनियादी ढांचे में ये देरी तेलंगाना की प्रगति में बाधा बन रही है। आरएंडबी अधिकारियों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि वन अनुमोदन की अनुपस्थिति के कारण लगभग सात सड़क निर्माण परियोजनाएं पांच साल से रुकी हुई हैं। जवाब में, मंत्री कोंडा सुरेखा ने वन विभाग इन अनुमोदनों को तेजी से सुरक्षित करने के लिए समर्पित अधिकारियों को नियुक्त करने की सलाह दी, जिससे इन आवश्यक परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जा सके।

## विरोध प्रदर्शनों से हटे विशेष पुलिस बल : डीजीपी



हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना विशेष पुलिस (टीजीएसपी) के शनिवार को चल रहे विरोध प्रदर्शन में शामिल होने पर पुलिस महानिदेशक जितेन्द्र ने उनसे विरोध प्रदर्शन से दूर रहने का आग्रह किया। विरोध प्रदर्शन मुख्य रूप से पुलिस कर्मियों के लिए सुसंगत व्यवहार और समान कार्य स्थितियों की आवश्यकता पर केंद्रित है। डीजीपी ने एक बयान जारी करते हुए इस बात पर जोर दिया कि तेलंगाना पुलिस के चल रहे विरोध प्रदर्शन से पुलिस की छवि और अनुशासन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि टीजीएसपी के भीतर मौजूदा ड्यूटी सिस्टम दशकों से प्रभावी है।

डीजीपी ने कहा कि विभाग टीजीएसपी कर्मियों के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों को स्वीकार करता है, जिसमें बार-बार तैनाती और कठिन ड्यूटी शामिल हैं। इन चिंताओं को दूर करने के लिए, हमने उनके कल्याण के लिए कई उपाय लागू किए हैं।

उन्होंने आगे बताया कि टीजीएसपी कार्मिकों को नियमित और अतिरिक्त दोनों प्रकार के समर्पण अवकाशों का लाभ मिलता है, जो अन्य सरकारी विभागों को नहीं दिया जाता है। डीजीपी ने बताया कि तेलंगाना के पुलिस अधिकारियों को देश में सबसे ज़्यादा वेतन और भत्ते मिलते हैं। उन्होंने पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों की भलाई के लिए भद्राथा और आरोग्य भद्राथा जैसी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का भी जिक्र किया। डीजीपी ने टीजीएसपी कर्मियों से आग्रह किया कि वे अपनी शिकायतें आधिकारिक चैनलों, जैसे 'दरबार' प्रणाली के माध्यम से व्यक्त करें, जो वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सीधे बातचीत की अनुमति देता है। उन्होंने आगे चेतावनी दी कि अनुशासनहीनता के कृत्यों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विरोध प्रदर्शन जारी रहने पर डीजीपी ने तेलंगाना पुलिस से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता दें तथा पुलिस बल से अपेक्षित व्यावसायिकता के उच्च मानकों को बनाए रखें।

## हुड़दंग मचाने वाले बाइकर्स पर चला पुलिस का हंटर



हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय की रायदुर्गम पुलिस ने (40) बाइक रेसर्स पर (5) मामले दर्ज किए हैं और उनकी (40) बाइक जब्त की हैं। आरोपी टी-हब, नॉलेज सिटी, रायदुर्गम, सेरिलिंगमपल्ली मंडल, रंगा रेड्डी जिले के पास जोर-जोर से चिल्लाकर बाइक रेसिंग कर रहे थे और भयानक मौसम और उपद्रव पैदा कर रहे थे। पुलिस को विश्वसनीय जानकारी मिली कि, टी-हब, नॉलेज सिटी, गच्चीबोवली, सेरिलिंगमपल्ली के पास कुछ युवा लोग जोर-जोर से चिल्लाकर बाइक रेसिंग कर रहे थे और भयानक मौसम और उपद्रव पैदा कर रहे थे। सूचना की गंभीरता को देखते हुए रायदुर्गम पुलिस टी हब क्षेत्र में स्थित घटनास्थल पर पहुंची और पाया कि कुछ युवा लोग सार्वजनिक सड़कों पर बाइक स्टंट और रेसिंग कर रहे थे, जोर-जोर से चिल्लाकर आम जनता को परेशान कर रहे थे, जिससे मानव जीवन को खतरा हो सकता है क्योंकि इससे सड़क दुर्घटना हो सकती है। इसके अलावा, उन्हें देखकर उन्होंने वहां से भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने 40 बाइकों को पकड़ लिया। सभी 40 बाइकर्स के खिलाफ पांच मामले दर्ज किए गए।

सभी वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई के लिए आरटीए को सौंप दिया जाएगा। पुलिस ने युवाओं के माता-पिता से अनुरोध किया है कि वे अपने बच्चों को नियंत्रित करें, दुर्घटना होने और उनके जीवन को खतरे में डालने की बहुत संभावना है। किसी भी तरह से बाइक रेसिंग की अनुमति नहीं है, अगर कोई उल्लंघन करता है, तो मामला दर्ज किया जाएगा और जेल भेजा जाएगा।

## छात्रों के लिए ओपन हाउस कार्यक्रम आयोजित

हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद शहर के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद के निर्देश पर यातायात आयुक्त विश्वप्रसाद और पुलिस उपायुक्त यातायात राहुल हेगड़े के निर्देश पर पुलिस सुधार सप्ताह के तहत आज तिरुमलगिरी ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के अंतर्गत पल्लवी मॉडल स्कूल के छात्रों के लिए एक ओपन हाउस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत स्कूली बच्चों को यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले उपकरणों और सड़क पार करते समय पालन किए जाने वाले नियमों, सिग्नलों के बारे में बताया गया। साथ ही विस्तार से बताया गया कि बच्चों को बचपन से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और अपनी जान बचानी चाहिए।

**PLOTS REQUIRED**
Plots and Acre's of lands purchase. Narne Estate's, Bibinagar, Ghatkesar Road, Oorjitha Projects, Shameerpet Road, Medchal Road, Ramoji Film City Road, Ibrahimpatnam, Sanga Reddy Road and near by.
Contact: 9949922669

**NOTICE**
IN THE COURT OF THE HON'BLE I ADDL. JUNIOR CIVIL JUDGE CUM XII ADDL. JUDICIAL MAGISTRATE OF FIRST CLASS, R.R. DISTRICT, AT: RAJENDRANAGAR
O.S.No. 458 of 2024
Unnati Goyal & others ...Plaintiffs
-Versus-
The Tahsildar/Mandal Revenue Office, Rajendranagar, R.R. Dist & others ...Defendants
To
All Concerned
Please take notice that the above named plaintiffs had filed the above suit for Declaration of Legal heir of late Mahender Prasad Goyal who was expired leaving behind the plaintiffs as legal heirs, if any person or persons having claim or objection shall appear before the court either personally are through their Advocate at **10-30 a.m. on 30-10-2024** by the order of the Hon'ble Court or else the matter will be decided ex-party.
//By order of the Court//
Sd/- Dinesh Jaiswal,
Advocate & Associates,
Off: 14-7-208, Chudi Bazar, Begum Bazar, Hyderabad-12. Cell: 9948087688

## जीवन रेड्डी के विरोध को मधु का समर्थन

### कांग्रेस में शामिल होने वालों पर जताई आपत्ति



हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। एमएलसी जीवन रेड्डी के बाद अब पूर्व सांसद मधु यशकी गौड़ ने कांग्रेस में शामिल होने वालों पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि दलबदलू लोग केवल अपनी संपत्ति और राजनीतिक भविष्य की सुरक्षा के लिए पार्टी में शामिल हो रहे हैं। पूर्व सांसद ने सरकारी सचेतक ए लक्ष्मण और अन्य लोगों के साथ शनिवार को जगतियाल में कांग्रेस एमएलसी से मुलाकात की। टीपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष टी जग्गा रेड्डी द्वारा एमएलसी को समर्थन दिए जाने के एक दिन बाद, पूर्व सांसद ने एकजुटता दिखाई।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि दलबदलू विधायक केवल अपनी अवैध संपत्तियों और राजनीतिक भविष्य को बचाने के लिए कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं, न कि पार्टी के प्रति प्रेम के कारण। गौड़ ने कहा कि दलबदलू विधायक कांग्रेस की विचारधाराओं को महत्व नहीं देते। उनके अपने निजी हित हैं।

कांग्रेस के प्रति वफादार रहे नेता और कार्यकर्ता बीआरएस से आए नेताओं को शीर्ष पद देने की पेशकश पर नाराजगी जता रहे हैं। कांग्रेस सरकार ने बांसवाड़ा के विधायक पोचाराम श्रीनिवास रेड्डी को कृषि सलाहकार पद और सेरिलिंगमपल्ली के विधायक अरेकापुडी गांधी को लोक लेखा समिति के अध्यक्ष पद की पेशकश की, फिर भी पूर्व सांसद ने कहा कि मनोनीत पदों के बारे में दलबदलुओं को कोई आश्वासन नहीं दिया गया। साथ ही, निर्वाचन क्षेत्रों में दलबदलुओं को प्राथमिकता दिए जाने पर नेताओं की नाराजगी के बावजूद, उन्होंने आश्वासन दिया कि शेष मनोनीत पदों को भरने में कांग्रेस के प्रति वफादार कार्यकर्ताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

गौड़ ने कहा कि भाजपा और बीआरएस दोनों ने धमकी दी है कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार कुछ ही समय में गिर जाएगी।

उन्होंने कहा कि कोई विकल्प न होने के कारण कांग्रेस को मजबूरन उन्हें पार्टी में शामिल करना पड़ा। पूर्व सांसद ने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर भी चिंता जताई। कांग्रेस नेता गंगा रेड्डी की हत्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एमएलसी जीवन रेड्डी द्वारा कांग्रेस नेताओं पर नियमित हमलों के बारे में पुलिस को सचेत करने के बावजूद वे उन्हें बचाने में विफल रहे।

## मंत्रियों ने अंतर्राज्यीय कल्याण और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर चर्चा की

हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के श्रम मंत्री वासमसेट्टी सुभाष ने शनिवार को तेलंगाना के सड़क और भवन मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। दोनों नेताओं ने दोनों राज्यों में हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों पर व्यापक चर्चा की और आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में वर्तमान में लागू की जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की।

## इंदिरम्मा घरों के लाभार्थियों के चयन के लिए विशेष ऐप : पोंगुलेटी



हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के राजस्व, आवास और सूचना नागरिक संबंध मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने खुलासा किया कि राज्य में इंदिरम्मा हाउस के लाभार्थियों के चयन के लिए एक विशेष ऐप बनाया गया है। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों का चयन पारदर्शी होगा और हम राजनीतिक दलों या क्षेत्रों की परवाह किए बिना उन सभी को इंदिरम्मा घर देंगे जो पात्र हैं। मंत्री ने शनिवार को सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में लाभार्थियों के चयन के लिए बनाये गये ऐप की समीक्षा की। मंत्री ने इस ऐप में एक-दो बदलाव का सुझाव दिया। मंत्री के निर्देश के मुताबिक ऐप में कुछ बदलाव किए जाएंगे और अगले हफ्ते ऐप उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि कुछ ही दिनों में राज्य में इंदिरम्मा आवास योजना शुरू की जाएगी और बताया कि आवश्यक व्यवस्थाएं अंतिम चरण में पहुंच गई है। ग्रामीण इलाकों के लोगों को ध्यान में रखते हुए ऐप में तेलुगु वर्जन रखने का सुझाव दिया गया है। लाभार्थियों के चयन से लेकर इंदिरम्मा घरों को पूरा करने तक प्रौद्योगिकी का यथासंभव उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इंदिरम्मा सरकार का लक्ष्य हर उस गरीब व्यक्ति के लिए घर बनाना है जिसके पास घर नहीं है और अधिकारियों को इसे ध्यान में रखते हुए काम करना चाहिए।

Shop Open Today For Diwali Shopping
EXCLUSIVE BRA SHOPPE
NAVRANG
Metro Estate, Abids Road.
WE HAVE NO BRANCHES

विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार
LiFE Lifestyle For Environment

अपनी कल्पना के रंगों से बेहतर कल को चित्रित करें।



हमारा प्रयास सभी के लिए समावेशी, लचीली, न्यायसंगत और सतत् ऊर्जा के लिए कार्य करना है।

प्रतियोगिता में भाग लें और ऊर्जा दक्ष विश्व के अपने दृष्टिकोण को चित्रित करें।

ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता 2024

08 नवम्बर, 2024 से पहले पंजीकरण करें

विषय – पर्यावरण की संरक्षा के लिए ऊर्जा संरक्षण

ग्रुप ए (5वीं, 6ठी और 7वीं कक्षा)
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता
ग्रुप बी (8वीं, 9वीं और 10वीं कक्षा)

| पुरस्कार (प्रत्येक श्रेणी में) | राज्य /संघ राज्य क्षेत्र स्तर का पुरस्कार | | राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार* | |
|---|---|---|---|---|
| | ग्रुप 'ए' | ग्रुप 'बी' | ग्रुप 'ए' | ग्रुप 'बी' |
| प्रथम पुरस्कार/स्वर्ण पदक (01) | ₹ 50,000/- | ₹ 50,000/- | ₹ 1,00,000/- | ₹ 1,00,000/- |
| द्वितीय पुरस्कार/रजत पदक (01) | ₹ 30,000/- | ₹ 30,000/- | ₹ 50,000/- | ₹ 50,000/- |
| तृतीय पुरस्कार/कांस्य पदक (01) | ₹ 20,000/- | ₹ 20,000/- | ₹ 30,000/- | ₹ 30,000/- |
| प्रशंसा पुरस्कार (10) | ₹ 7,500/- | ₹ 7,500/- | ₹ 15,000/- | ₹ 15,000/- |

*राष्ट्रीय विजेताओं को लैपटॉप/टैबलेट देकर भी सम्मानित किया जाएगा और भारत में एक अध्ययन दौरे का अवसर भी मिलेगा।

प्रविष्टियाँ जमा करने के लिए स्कूल प्राचार्य, निम्नांकित वेबसाइट पर पंजीकरण करें।

www.paintings.beeindia.gov.in

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बी ई ई)
विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय
beeindiadigital / bureauofenergyefficiency

तेलंगाना राज्य के नोडल अधिकारी का विवरण:
प्रियंका भुयान, एनटीपीसी, दक्षिणी क्षेत्र मुख्यालय, एनटीपीसी भवन, कावादीगुडा मेन रोड, सिकंदराबाद, हैदराबाद, तेलंगाना–500050 फोन: 040-27683234

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

# धन धान्य और धीर की माता : देवी लक्ष्मी



अतुल कुमार

दीपावली के शुभ अवसर पर लक्ष्मी पूजन का विधान है . देवी लक्ष्मी को धन धान्य के साथ सुख समृद्धी और सौभाग्य का प्रतीक माना गया उनकी अभिव्यक्ति हमेशा शांत और प्रेम पूर्ण होती है . उनको सदा लाल पोशाक में दर्शाया गया जो गतिविधियों और कर्मशीलता का द्योतक है . घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में उनकी नियमित पूजा होती है क्यों कि समृद्धि और धन के साथ वह विकास की प्रतीक हैं . " लक्ष्मी " नाम भी आम उपयोग में आता है ,जिसका अर्थ है " शुभ " या " भाग्यशाली " महिला .लक्ष्मी शब्द मूल रूप से संस्कृत से आया है जिसका भाव " लक्ष्य " से है .जिसको हासिल करने के लिये लोग कडी मेहनत कर कामयाब होते हैं . लक्ष्मी वही हैं जहां हार्ड वर्क है . जिनको पाना आसान नहीं है . कहा भी गया है ' मां लक्ष्मी का सिर पर हाथ हो ,पूरे परिवार में खुशियों का वास हो ,घर में सुख शांति का निवास हो तो जीवन में प्रकाश ही प्रकाश है " .

देवी लक्ष्मी ने कहा कि उन घरों में वह निवास करेंगीं जहां इन बातों का पालन होता हो " घर में आने वाले अतिथियों का सम्मान , पूर्वजों के लिये अनुष्ठान , माता पिता , गुरुओं और आचार्यों , महिलाओं का सम्मान ,जहां ह्रदय निर्मल हो ,धर्म परायणता का पालन हो , सदैव सत्य बोलने और उस राह पर चलने वाले , कर्म के प्रति सच्ची श्रद्धा भावना , वैध और पवित्र जीवन जीने के लिये कर्म की साधना और दान की प्रवृत्ति रखने वाले , दीन दुखियों की मदद जहां होगी वहीं मेरा वास होगा" . स्वभाव से लक्ष्मी चंचल मानी गयीं . क्यों कि वह मनुष्य के मन ,कर्म और वचन की परीक्षक हैं . जहां दुर्भावना से धन कमाने ,रखने और व्यय करने की चेष्टा होगी वहां से गमन करेगी. इसलिये शास्त्रों ने उनको समृद्धी दृढता , कार्यों की सफलता ,प्रयासों की शक्ति , संतान प्राप्ति ,धीर और धन की मन मौजी देवी माना .

मौजूदा समय में विद्वता की परिभाषा बदल गयी है आज बडा उसे ही माना और समझा जाता है जो अमीर है . है न ! जब कि सच तो यह है कि ज्ञान के इस युग में लक्ष्मी ज्ञान और हुनर के साथ जुडी हैं . इसलिये विद्या लक्ष्मी कहलायीं जहां सब्जेक्ट की अच्छी नालेज या स्किल है वहां विद्या लक्ष्मी की कृपा है . लक्ष्मी ने सदा ज्ञान और परिश्रम को महत्व दिया . इसलिये जगदंबिका कहलायीं तो अपनी महा शक्तियों के कारण माहेश्वरी कही गयीं . सर्वव्यापी होने की वजह से जगन्माता मानी गयीं.





ममता ,क्षमा और करूणा की देवी होने के कारण महिलाओं को " लक्ष्मी" कहा गया .पुत्री के जन्म पर आज भी कहा जाता है कि लक्ष्मी का आगमन हुआ है .इसलिये मान्यतानुसार " श्री देवी " कही गयीं .

वह भगवान विष्णु की शक्ति हैं जो संसार का पालन पोषण , सौ भाग्य और सुविधा प्रदान करती हैं . लेकिन वहां नहीं ठहरतीं जहां मन पर नियंत्रण न हो , अभिमान हो ,झूठ बोलना हो , आपा खोना हो , विश्वास घात हो , मक्कारी हो , छल बल से पैसा या संपत्ति हडपना हो, क्रोध हो , पर निंदा हो , आलस्य हो , और जहां स्वच्छता न हो " इसलिये दीपावली की सफाई अर्थात घर और मन की सफाई को मनुष्य जीवन के कल्याण के लिये सबसे ज़रूरी माना गया .दरअसल लक्ष्मी की आराधना मानव हित उपासना है . जीवन को अंधेरे से निकाल प्रकाश से सुसज्जित करने की साधना .जिसमें आनंद , उमंग और शुभम की वृत्ति कूट कूट कर रची बसी है इसलिये लक्ष्मी को परब्रह्म स्वरूपा कहा गया जो पूरी सृष्टि के लिये उत्तरदायी हैं .शास्त्रों का श्लोक भी है " उं महालक्ष्मयै नमो नमः ऊंविष्णु प्रियायै नमो नमः \ उं धन प्रदायै नमो नमः ऊं विश्वजनन्यै नमो नम ; "

पौराणिक कथानुसार एक बार इंद्र देवता ने लक्ष्मी से पूछा कि आपकी पूजा और आराधना हर मनुष्य करता है फिर भी कुछ लोग अमीर तो कुछ गरीब क्यों रहते हैं ! देवी ने उत्तर दिया कि ज़रूरी नहीं है कि मेरी पूजा करने पर ही धन मिले पूजा के साथ व्यक्ति के कर्म भी अच्छे होने चाहिये . प्रत्येक मनुष्य अपने कर्मों के अनुसार अमीर गरीब होता है .पूजा के साथ ,श्रद्धा , सम्मान और कर्मठता आवश्यक है .प्रसंगानुसार एक बार अपने एक भक्त की आराधना से प्रसन्न हो देवी प्रकट हुईं और भक्त से कहा तुमको जो चाहिये वो मांगो तब भक्त

असमंजस में पड गया कि क्या मांगूं ? कहा ! आप कल फिर आइये तब बताउंगा . भक्त की बात मान देवी अंतर्ध्यान हो गयीं .

पूरी रात और दिन सोचने में लगा दी कि क्या मांगूं ? कभी सोचा धन मांग लूं ! कभी सोचा कि किसी राज्य के राजा का पद मांग लूं ! इसी सोच विचार में पडा था कि अगला दिन आ गया और देवी फिर प्रकट हुईं और कहा कि अपना वर मांगो उस व्यक्ति ने कहा कि हे ! देवी धन और सुविधाएं आने कि खुशी मात्र से ही मैं अशांत हो गया हूं अगर ये मुझे मिल जाएं तो पूरा जीवन ही अशांत हो जायेगा मुझे सिर्फ जीवन की शांति चाहिये यही वर दीजिये कि मेरा मन आपकी भक्ति में लगा रहे देवी प्रसन्न हो कहने लगीं भक्त तुम्हारे लिये मैं दो बार आयी फिर भी तुमने कुछ नहीं मांगा ! और भक्त मुझ से पहली बार में ही मांगते मांगते रुकते नहीं क्यों कि उनकी हिरस ( लालच ) इतनी होती है कि यह भी पा लूं वह भी पा लूं ! इसी चक्र में वो अपना स्वास्थ्य ,सुख और सुकून गंवा बैठते हैं उनकी इच्छाओं का कोई अंत नहीं . दो दिन का समय ले तुमने शांति मांगी जिससे प्रसन्न हूं यही जीवन का सार है ! तथास्तु कह देवी अंतर्ध्यान हो गयीं .

कथा की सीख कि यदि जीवन में सुख शांति चाहते हैं तो संतुष्ट रहना चाहिये . असंतुष्ट रहेंगे तो कभी भी शांति प्राप्त नहीं कर सकते .इसमें कौन सी ऐसी चीज़ है जो जीवन के साथ जानी है ! फिर इतना लालच क्यो ? हां ! अच्छे कर्म ही विरासत होंगे .

लक्ष्मी कहती हैं समय , संयम और संतोष से बडा कोई धन नहीं है .सामान्य जीवन में धन को देवी देवताओं के रूप में देखा जाता है . इसके लिये भक्ति , विनम्रता और प्रेम को महत्वपूर्ण माना गया यह जहां होंगे वहां लक्ष्मी रहेंगी . माता लक्ष्मी के आठ रूप माने गये . आदि लक्ष्मी , धन लक्ष्मी ,धान्य लक्ष्मी , गज लक्ष्मी , संतान लक्ष्मी ,वीर लक्ष्मी, विजय लक्ष्मी और विद्या लक्ष्मी इन रूपों में देवी की विविध महत्ताएं हैं अतः अष्ट लक्ष्मी कहायीं, वह जहां रहेंगी वहां उल्लास , आनंद और विनोद का संपूर्ण सकारात्मक वातावरण होगा क्यों कि वह जगत जननी महालक्ष्मी हैं . अतः शास्त्रानुसार कहा भी गया ,

सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके /
शरण्ये त्रयंबके देवि नारायणि नमोस्तुते //

# काव्य कुंज

## दीयों में पवित्र मिट्टी का दीया



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

कण कण से बने मिट्टी का दीया।
सब दीयों में पवित्र मिट्टी का दीया।
अथक परिश्रम का खूबसूरत नमूना,
चाक पर घिस घिस बने मिट्टी का दीया।
कुम्हार हाथों में प्रेम की मिट्टी लपेटे,
कुम्हार के प्रेम से सरोबार मिट्टी का दीया।
पंचतत्व की मिट्टी से बनकर निकले,
शौर्य,पराक्रम में वृद्धि करे मिट्टी का दीया।
बुराई को जलाकर खाक करे,
सुख समृद्धि लाए मिट्टी का दीया।
सब दीयों में पवित्र मिट्टी का दीया।
कुटिल ग्रह चाल के सब दोष मिटा दे,
शनि ग्रह की कृपा दिलाए मिट्टी का दीया।
घर में मंगल कामना होती नहीं किसको,
मंगल ग्रह प्रतीक, जलायें मिट्टी का दीया ।
बिजली लड़ियों,बिजली दीए में तेल बाती कहां,
आधुनिक चकाचौंध में न भूले,मिट्टी का दीया ।
दीए की अग्नि अंधकार मिटाए,मन का भी तो
साक्षात अग्नि दर्शन कराए, मिट्टी का दीया ।
सब दीयों में पवित्र मिट्टी का दीया।
प्रभु राम स्वागत में जले मिट्टी का दीया,
महालक्ष्मी की पूजा में जले मिट्टी का दीया।
घर में नन्हे शिशु अवतरण जले मिट्टी का दिया,
तन के अवसान पे जले , मिट्टी का दीया।
जन्म हो,चाहे मृत्यु , मिट्टी का दीया ही पवित्र
सुख में, दुख में, समभाव से जले मिट्टी का दीया।
चकाचौंध की हवायें,कितनी भी महँगाई आए,
दीपावली पर चलता रहेगा मिट्टी का दीया।
सब दीयों में पवित्र मिट्टी का दीया।

## कुछ तो बात होगी...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

वो सुहाने सपने बहुत याद आते हैं
रह रह कर दिल को बहुत तड़पाते हैं
चलो तुम जीत गए, मैं हार गया
आंधी तुफानों का कहर
जिधर तक चला,बस वहीं से पलट गया
तुम्हारे आंचल का लहराना, पीछे पलट कर देखना
प्यास पीने की नहीं जाती
कुछ तो बात होगी
तेरे खारेपन ए समंदर
वर्ना हर मीठी नदी समंदर से मिलने नहीं जाती
वादा किया था तुमने, तो निभाओ न
बहुत लंबा सफ़र, थक गया, गले लगाओ न
भोर को ठीक से जी नहीं पाया,
संध्या आ गई ओह यह क्या
ऊपर से नीचे तक आसुओं से नहला गई
तेज बरसात, सावन के झूले,
गुत्थियां सुलझ नहीं पाती
कुछ तो बात होगी...
थी विपरीत परिस्थितियां,
हीर रांझा अलग नहीं हो पाते
थी कटीली झाड़ियां ,
अमर प्रेम सोनी महिवाल का
कोई विथ नहीं पाते हैं
दो जिस्म एक जां, अमर बेल की तरह हैं
सदियां बीती,लेकिन पवित्र नेह की तरह हैं
कहने वाले कहते रह गए, सरसता झुलस नहीं पाती है
कुछ तो बात होगी...

## सूर्योदय



टी तारासिंह
हैदराबाद

सब उठ बैठे है सूर्योदय के इंतजार मे
सूरज उदय होता शीतल निले आसमान से
सब लोग निंद से जाग उठे है
जब सब सूर्य नमस्कार करते योगाभ्यास करते
सुबह की ठण्डी ठण्डी हवाये
बहुत ही प्यारी अच्छी खुशियाँ लाये
दिन चमकता रहता चांदी की तरह
सबको याद दिलाता अपने अपने काम
दोपहर की धूप इन्सान को थका देती
थक जाता तो थोड़ा सुस्ता लेता
सूर्य से ही चलते सौर परिवार
ऊर्जा देता बिजली के सब काम करता
इन्सान के सब काम आसान कर रहा है
शाम के वक्त अस्त होते होते
निले बादलो मे विलीन हो जाता ।।

## जीवन



हेमंत सुराना,
उदयपुर

ना देखा तुझे, ना ही जाना तुझे,
कैसे बयां करूं तुझे ए जिंदगी
निरुत्तर हूं और निशब्द भी,
सब कुछ तो है, पर कुछ भी नहीं
भीड़ में भी तन्हा पाया ,
धूप में भी नंगे पैर दौड़ता पाया
एक पहेली सा है जीवन,
ख्वाबों ने साथ छोड़ा,
मंजिल भी रुसवा है
भटक लिया गुमनामी में,
ए जिंदगी तेरे लिए
फैसले भी तेरे कबूल किये,
ना करना कभी तू गुमा जिंदगी
यही एक सवाल है जिंदगी ,
मुझसे तुझको क्या चाहिए
कुछ तो ख्याल कर ए जिंदगी,
बहुत थक गया हूं जिंदगी,
चैन से कुछ पल सोने दे
सांस भी एक दिन ठहर जाएगी,
कुछ पल तो जीने दे,
कुछ पल तो जीने दे ।

## अभिनव है आनंद



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

भूत- भविष्य सीमा से परे,
वर्तमान में प्राण भरे,
संचार करे स्फूर्ति का,
मन की मलिनता दूर करे,
'आनंद ' है वह अभिनव अनुभूति
जो जीवन पृष्ठों में रंग उकेरे।
अतुलनीय आनंद भावना,
शब्दों के बंधन से परे,
वर्तमान को पोषित कर,
भावी जीवन को प्रेरित कर,
तन- मन को हर्षित कर,
व्यापकता का संचार करे।
कण-कण में यह व्याप्त सदा,
बेशकीमती अनमोल त्रिशा,
ह्द- संवेगों में उमंग भरके,
आल्हादित जीवन को करे।।
कोई मोल भाव नहीं इसका,
मृग कस्तूरी सा अंतस में,
हर जन जीवन में रचा बसा,
ग़र आनंद भाव को खोज लिया,
तो अंतर्मन को जीत लिया,
जीवन संग्राम को विजित किया।

## दीपावली



कुमुद बाला,
हैदराबाद

दीपावली की दिव्य वल्लरियाँ
हर वर्ष संदेश देने आती हैं
सच्चाई का दीपक जलता
रहे आशीर्वाद देकर जाती हैं
मानव उर के रावण का
विनाश सर्वदा सोचें हम
मानवता के हित हेतु
सर्वदा ईश स्मरण करें हम
मानवता औ दानवता में
द्वंद्व युद्ध सदा ही रहता
हराकर दानवतत्व कल्याणतत्व
का स्मरण करें हम
मानव कल्याण हेतु दीपावली यही संदेश देने आती है
सच्चाई का दीपक जलता रहे आशीर्वाद देकर जाती हैं
अमावस्या की प्रबुद्धित रात्रि पूनम बन इतराती है
जीव-जंतुओं की चेतना में विवेक बन मुस्काती है
दीपमालाओं की पंक्तियाँ आलोकित , इठलाती हैं
जगमग-जगमग करती धरा गीत प्रीत के गाती है
भोली फुलझड़ियों सी ज़िंदगानी स्वर्गानुभूति दे कर जाती है
सच्चाई का दीपक जलता रहे आशीर्वाद देकर जाती हैं
रंगबिरंगी लड़ियों संग सुख-दुःख की बेलें हैं बतियातीं
अंधकार के बौराने पर फिरकी ले हैं खिलखिलातीं
रौशनी औ अंधकार के मध्य जो भी खेल रचाता है
विवेक-अंधविश्वास की कलियाँ उसपर हैं रौब जमातीं
दायरा अंधविश्वास का सीमित जिसे झकझोर-तोड़ जाती हैं
सच्चाई का दीपक जलता रहे आशीर्वाद देकर जाती हैं

## कितनी जादुई है तनहाई भी



संजीव ठाकुर,
रायपुर

सुर भी,ताल भी,शहनाई भी
कितनी जादूई है तनहाई भी।
रोके रोके मोहब्बत,फिर भी ना रुकी।
उस पर कितनी बेड़ियां पहनाई भी।
सच का सूरज निकलने वाला ही है
आंख अब खोलेगी बिनाई(दृष्टि) भी।
कब से उसके नाम पर ही खड़ा हूं
कितनी बौनी लगे अब ऊंचाई भी।
मैंने शायद उसको कर दिया रुसवा
जाने कितनी सोची उसने भलाई भी।
मुझ जैसे नादान पर दिल दिया था
कितनी झेली उसने जग-हसाई भी।
कितनी स्निग्ध,कोमल,मोहक थी वो
निर्मल जलधारा शीतल पुरवाई भी।
आवाज में उसके जादू सा सम्मोहन
आंखों में संजीव कशिश आशनाई भी।

## आवारा बादल



डॉ. चक्रपाल सिंह
हैदराबाद

नील गगन में तैरते बादलों की दुनियाँ
दुनियाँ के बादल
वायुयान की खिड़की से झांका
बादलों से उलझ गयी नज़र
उलझी नज़रों को क्या क्या नज़र आया
उमड़ता घुमड़ता उड़ता बादल
घना घना, तो कहीं भागता बादल
ये इंसानी ख़्यालों ख़्वाबों का बादल .
सफ़ेद, तो कभी धूसर बादल
अपनी ही दुनिया में मस्त
कभी उलझा कभी सुलझा
करिया करिया जज्बाती बादल
नज़रों से टकराते, हवा में तैरते
बनते बिगड़ते बादलों के दृश्य
ऊँचे ऊँचे पहाणों के बिम्ब
पर्वतों से सर सर बहती नदियों के चित्र
तो कहीं कपास की चादर ओढ़े
एक फ़रिश्ता नजर आया बादल
कहीं गरजता कहीं बरसता बादल .
हालात की तपिश का मारा
हवा संग भागता, कभी हौले-हौले
विचरता नज़र आया मनमौजी बादल
संगी साथियों से बिछड़ कहीं दूर बदली की तरह
तनहा उदास धुआँ धुआँ नज़र आया बादल
ये ख़्यालों, विचारों, जज्बातों का बादल .
वायुयान को चीरता, उससे टकराता
कभी नीचे कभी ऊपर बादल
हारता नहीं हिम्मत आवारा बादल
घटाओं की आँधियों में सबा के साथ साथ
पल पल रंग बदलता, बिल्कुल-
बेघर बेचारा नज़र आया बादल
इंसानी फितरतों का ये बादल वो बादल .
वक्त की लहरों से टकराता आगे बढ़ता
हवा में खोता, विचार की तरह ख्याल की तरह
बिखरा बिखरा बहुत नजर आया
ये बदगुमान खुदगर्ज बादल.
अपने अन्दर कितनी लड़ाइयां रोज लड़ता
ज़िन्दगी का फ़लसफ़ा समझाता बादल .
नज़रें नज़ारों को निहारती
गले मिल एक दूजे को
जब चूमते दो दीवाने बादल
मोहब्बत-ए-दरिया में गोते लगाता
नज़र आया नील गगन का दीवाना बादल .
अपनी ही मस्ती में चूर इठलाता, मुस्कराता बादल
विचारों, ख़्यालों जज़बातों का बादल
कभी फ़रिश्ता तो कभी गुस्ताख बादल
कितना आवारा ये बादल वो बादल
सच! में आवारा बहुत नज़र आया
ये विचारों, ख़्यालों, ख़्वाबों का बादल .

## गांदरबल और पीड़ित



संजय एम.
तराणेकर

गांदरबल की धरती हुई लाल,
पीड़ित परिवार हो गए बेहाल।
सिर्फ एक डॉक्टर छह मजदूर,
इनकी जिंदगी हो गई काफ़ूर।
अब परिवार का कौन रखवाला?
इनकी जिंदगी हो गई धर्मशाला।
गांदरबल की धरती हुई लाल,
पीड़ित परिवार हो गए बेहाल।
मासूमों के सर से उठ गया साया,
इन मास्टर माइंडो ने क्या पाया?
उन बेगुनाहों का खून ही बहाया,
देश ने तो इन लालों को गँवाया।
गांदरबल की धरती हुई लाल,
पीड़ित परिवार हो गए बेहाल।
अब एक्शन में आओ सरकार,
पीड़ित भी अब मांग रहे इंसाफ़।
करों इनके आँसूओं का हिसाब,
नेस्तनाबूत कर मिला दो खाक!
हो जाए अब आतंक राख-राख।

## कहानी



डॉ डी डी देसाई

आओ सुना दूँ तुम्हें रोटी की कहानी..
कभी दो निवाले.. कभी दो घूँट पानी।
खून पसीने से लथपथ छप्पर...
पूस में जकड़न .. बरसातों में रवानी।
लड़खड़ाती दहलीज और कुंडी हीन किवाड़
दरारों से भरी...चार दीवारी की कहानी।
आओ सुना दूँ तुम्हें रोटी की कहानी..
कभी दो निवाले.. कभी दो घूँट पानी।
अस्थि पंजर सी काया और मेहनत दुगनी,
मजबूर बाप की.... मजदूरी की कहानी।
बच्चों का पोषण.. बेटी है ब्याहनी।
गिरवी पड़ी पगड़ी...दाम दमड़ी चवन्नी।
गरीबी और लाचारी की मुँह ज़बानी।
आओ सुना दूँ तुम्हें रोटी की कहानी..।
घिसी पिटी जिंदगी चूल्हे-चौके की चिमनी।
माँ की सिसकियों में...रुदन की कहानी।
अश्कों की ख़ामोशी...पलकों की जुबानी
बच्चों संग परिवार की प्रेम दीवानी।
आओ सुना दूँ तुम्हें रोटी की कहानी..
कभी दो निवाले.. कभी दो घूँट पानी।

## सामाजिक समरसता



जे गंगाधर 'गंध'
जियागुडा,हैदराबाद

सामाजिक समरसता
छटे जातिगत विविधता
घटे भाषा भेद भिन्नता
हटे प्रांतीय असमानता
अलग अलग वाद विवाद
फिर भी हो सार्थक संवाद।
आरंभ से रहा अनेकता में एकता
यही तो अपने भारत की विशेषता।
अनेक समस्याओं का एक समाधान
सामाजिक समरसता ही हो प्रधान।
समता ममता और अखण्डता,
सक्षम रहें भारत में समैक्यता,
एक राष्ट्र, राष्ट्रीय और राष्ट्रीयता
नेक भारत, भारतीय भारतीयता।

## राह



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

बीच राह साथ छोड़ना नही कभी।
दिल अपनों का तोड़ना नहीं कभी।
माह निकला शाम गुज़रने के बाद।
चाँदनी से मुहँ मोड़ना नहीं कभी
वक़्त करवट लेता सब जानते हैं
और गुनाहों को जोड़ना नहीं कभी।
रंजिशें दिल में हज़ार है मगर
अपनों से मुँह मोड़ना नहीं कभी।
जिस्म कैद में है दिल तो नहीं
दिलो दीवार तोड़ना नहीं कभी।
अपनेपन का नाटक बहुत हुआ
रेणू सीधी राह छोड़ना नहीं कभी।

## अपनी अपनी दीवाली



पूजा महेश
हैदराबाद

बच्चों ने मां से पूछा
मां!इस बार तू दीवाली मनाने का
सामान कब लायेगी?
घर सजाने की चीजें
हमारे लिए कपड़े और पटाखे
क्या तू इस बार भी लायेगी?
याद है मां
पिछली दीवाली पर हमनें
कितने अच्छे कपड़े पहने थे,
मिठाई खायीं थी और पटाखे भी छुड़ाये थे।
मां सोच रही हैं पिछली दीवाली पर
हमारे घर में तो नहीं मगर बच्चों की आंखों में पहली बार
कितने दीये जगमगायें थेक्योंकि उसकी नयी मालकिन ने
अपने घर का फर्नीचर, पर्दे काफी कुछ बदला था
और पुराना सामान मुझे ही दिया था
शायद इस बार भी मालकिन
अपने घर की सफाई करें और
पलंग, सोफा या कुछ और बदले
बच्चों के पुराने कपड़े भी शायद दे दें।
ईनाम में मिठाई का डिब्बा और कुछ पटाखे भी दे दें?
फिर तो मैं भी अपने घर को सजा लूंगी
पुरानी चीजों से ही सही
अपने बच्चों के साथ अपने घर में भी
इस बार भी दीवाली मना लूंगी।।

## दीयों की रोशनी



मनीषा मंजरी
दरभंगा

लाखों दीयों की रौशनी फैली है,
पर अस्तित्व तेरा दिखता नहीं।
खुशियों भरी दिवाली में भी,
अश्कों का अँधेरा छंटता नहीं।
वनवास राम ने भी काट लिया,
पर ये वियोग कैसा है जो कटता नहीं।
राहें बेचैन हैं तेरे क़दमों को,
पर तेरी आहटों का जो मरहम है वो लगता नहीं।
शहर उल्लास का प्रतीक बना है,
पर ये जंगल पीड़ा का मुझसे छुटता नहीं।
कोशिशें मेरी भी हैं कि आतिशबाजियां देखूं ,
पर एक चिता का मंजर है जो आँखों से मिटता नहीं।
रंगबिरंगी सजावटें हो तो रहीं हैं,
पर एक कोरा आवरण है जो अब ढहता नहीं।
यूँ तो मिठाईयों की थालें भरी हैं,
पर अंश मिठास का मुझमें अब बसता नहीं।
ये त्योहार मिला का जीवंत खड़ा है,
जो तन्हाईयों को मेरी ठगता नहीं।
ज़हन तरस रहा है तेरी आवाजों को,
पर आभासों में भी तू, अब कुछ कहता नहीं।

## प्रकाश पर्व



डॉ.प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

हो अंधेरा घना कितना घणी हो कितनी परछाई,
ठिठक दुबक के विहग़ बृंद छुपे हो कहीं पत्तों की ओट ।
शांत उदिग्न नदी की लहरें हों, जितनी भी उदास क्लांत ।
छँट जाएगा अंधेरा एक दिन, होगा उदय भान का वास ।
चहक उठेंगे विहग वृंद फिर भरेंगे अपनी क्षितिज की उड़ान।
नदियाँ फिर कल- कल बहेंगी स्वर में साधे मधुर तान ।
एक दिवस ऐसा आया जब राम हुए विचलित अपार,
अब तक हुआ निर्विघ्न शक्ति पूजा,बड़े जतन से किया आह्वान ।
एक पुष्प कमल के कारण हुआ कार्य निष्फल महान ।
देवी शक्ति को प्रसन्न करूँ तो कैसे ?
हुआ यज्ञ में विघ्न अपार,
अर्पण करूंगा अपना नयन मैं, करके धनुष बाण संधान ।
हाथ पकड़ देवी ने रोका सफल हुए परीक्षा में आज,
विजय पताका लहराएगा पूरे होंगे सारे काज ।
विजयी होकर लौटे अयोध्या,
असंख्य दीपों से हुआ सत्कार ।
दीप श्रृंखला की लड़ियां संदेश देती है आज।
हो घनेरी रात कितनी आशा के दीप न बुझने पाए
झिलमिल दीप व फुलझडियों से,तन मन पुलकित हो जाए ।
ज्योतिर्मय प्रकाश फैले तम का हो कहीं ना वास।
तन -मन जगमग हो सभी का, कलुष का हो सर्वत्र नाश।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# भाजपा ने पीडीए को तोड़ने की रणनीति बनाई

## टिकट बंटवारे में 'अपनों' का रखा ख्याल; ब्राह्मण-ठाकुरों को भी संतुष्ट किया




विधानसभा उप चुनाव में भाजपा की अगुआई वाले एनडीए ने 9 प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। इन नामों के जरिए समाजवादी पार्टी के पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए ) को डैमेज करने की रणनीति दिख रही है। भाजपा ने प्रत्याशी चयन में पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियों पर भरोसा जताने के साथ अगड़े वर्ग में ब्राह्मण और ठाकुर बिरादरी को भी संतुष्ट करने की कोशिश की है। प्रत्याशी चयन को लेकर लखनऊ से दिल्ली तक एक सप्ताह तक चली मशक्कत के बाद भाजपा ने प्रत्याशी घोषित किए। भाजपा की लिस्ट बताती है कि बाहरी लोगों की जगह एक बार फिर पार्टी ने अपनों को महत्व दिया है। एनडीए ने 9 सीटों में से पांच पिछड़े, दो ब्राह्मण, एक ठाकुर और एक दलित उम्मीदवार है। पिछड़े उम्मीदवारों में एक यादव, एक कुर्मी, एक मौर्य, एक पाल और एक निषाद समाज से है। भाजपा ने यादव समाज को संदेश देने के लिए सैफई के यादव परिवार के दामाद अनुजेश यादव को करहल से प्रत्याशी बनाया है। करहल यादव बहुल सीट होने के साथ यादव परिवार की भी पुरानी सीट है। जानकार मानते हैं कि लोकसभा चुनाव में कुर्मी, निषाद और मौर्य समाज भाजपा से शिफ्ट होकर सपा-कांग्रेस में गया था। भाजपा ने उप चुनाव में पिछड़े वर्ग के सभी प्रमुख जातियों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की है।

भाजपा ने कानपुर जिले की सीसामऊ सीट पर पूर्व प्रदेश मंत्री सुरेश अवस्थी को प्रत्याशी बनाया है। सीसामऊ में मुस्लिम, दलित, वैश्य और ब्राह्मण मतदाता बड़ी संख्या में है। पार्टी ने कानपुर के ब्राह्मण समाज को साधने के लिए सुरेश अवस्थी को प्रत्याशी मौका दिया है। रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने मीरापुर सीट पर पाल मतदाताओं को साधने के लिए दांव चला है। पश्चिमी यूपी में पाल, गड़रिया मतदाताओं की संख्या बहुत है। चौधरी ने जाटवाद के आरोप से बचने के लिए पाल बिरादरी के मिथलेश पाल को प्रत्याशी घोषित किया है।

सपा ने 9 में से 6 कैंडिडेट ऐसे घोषित किए हैं, जो राजनीतिक घराने से हैं। जबकि भाजपा ने कैडर को महत्व दिया है। सपा ने कटेहरी से अंबेडकर नगर के सांसद लालजी वर्मा की पत्नी शोभावती, करहल से अखिलेश यादव ने अपने भतीजे तेज प्रताप यादव, सीसामऊ से पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी, मीरापुर से कादिर राणा की बहू सुम्बुल राणा, कुंदरकी से हाजी रिजवान, मझवां से पूर्व सांसद एवं मिर्जापुर से सपा प्रत्याशी रहे रमेश बिंद की बेटी ज्योति बिंद को टिकट दिया है। वहीं, भाजपा के प्रत्याशियों में सुरेंद्र दिलेर ही एक मात्र ऐसे प्रत्याशी हैं, जिनके पिता राजवीर दिलेर भाजपा के सांसद रहे हैं। ऐसे में भाजपा पूरे चुनाव में परिवारवाद का मुद्दा उठाकर, सपा पर निशाना साधने की तैयारी में है।

लोकसभा चुनाव 2022 में बाहरियों के कारण पार्टी कार्यकर्ताओं की नाराजगी का खामिजाया भाजपा को भुगतना पड़ा था। यही वजह है कि पार्टी ने उप चुनाव में अपनों को महत्व दिया है। फूलपुर से भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल, मझवां से प्रत्याशी सुचिस्तिमा मौर्य, गाजियाबाद के प्रत्याशी संजीव शर्मा, कुंदरकी से प्रत्याशी रामवीर सिंह ठाकुर, कटेहरी से प्रत्याशी धर्मराज निषाद और खैर से प्रत्याशी सुरेंद्र दिलेर, पार्टी कैडर के प्रत्याशी है। वहीं, करहल से प्रत्याशी अनुजेश यादव ने 2022 से पहले सपा छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। अनुजेश की पत्नी संध्या यादव आजमगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव की बहन हैं। एक मात्र अनुजेश ही दूसरे दल से आए हैं। बाकी सारे कैंडिडेट पार्टी कैडर के हैं। फूलपुर से भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल ने 2022 विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव 2024 में भी दावेदारी की थी। सुचिस्मिता मौर्य 2017 से 2022 तक मझवां से विधायक रहीं। 2022 में उनका टिकट काटकर सीट गठबंधन में निषाद पार्टी को दी गई। लेकिन सुचिस्मिता ने पार्टी के निर्णय का विरोध नहीं किया।

गाजियाबाद से संजीव शर्मा भी 2022 में टिकट के दावेदार थे। टिकट नहीं मिलने पर भी वे पार्टी के काम में जुटे रहे। पूर्व विधायक धर्मराज निषाद भी एक बार टिकट नहीं मिलने के बाद भी पार्टी से जुड़े रहे। वहीं, रामवीर सिंह 2012, 2017 में कुंदरकी से चुनाव हार चुके हैं। लेकिन वह पश्चिमी यूपी में लगातार पार्टी का काम करते रहे। जानकार मानते हैं कि इन सभी प्रत्याशियों को पार्टी ने धैर्य का इनाम दिया है। लोकसभा चुनाव में पश्चिमी यूपी से ही ठाकुर समाज की नाराजगी का मुद्दा उठा था। पार्टी ने उप चुनाव में कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर को प्रत्याशी बनाकर ठाकुर समाज की नाराजगी दूर करने की कोशिश की है। जानकार मानते हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद से यूपी में ब्राह्मण समाज भी भाजपा से नाराज चल रहा है। ब्राह्मण समाज की नाराजगी दूर करने के लिए पार्टी ने वैश्य वर्ग की गाजियाबाद सीट पर ब्राह्मण समाज के संजीव शर्मा को उतारा है। गाजियाबाद से अतुल गर्ग विधायक थे। अतुल गर्ग के सांसद निर्वाचित होने के बाद यह सीट खाली हुई है। भाजपा ने उप चुनाव में निषाद पार्टी को दरकिनार कर एनडीए के सहयोगी अपना दल (एस), सुभासपा और रालोद को भी संदेश दिया है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि हरियाणा चुनाव की जीत से भाजपा फिर उत्साहित है। पार्टी ने कटेहरी और मझवां सीट निषाद पार्टी की होने के बावजूद उप चुनाव में उनसे दोनों सीटें छीनकर सहयोगी दलों को संदेश दिया कि भाजपा कमजोर नहीं है। वह अपने दम पर भी चुनाव लड़ने की ताकत रखती है। सहयोगी दलों का राजनीतिक भविष्य भी भाजपा के बिना अधूरा है।

भाजपा ने कुर्मी बहुल सीट कटेहरी पर एक तीर से दो निशाने साधे हैं। पार्टी ने दो बार विधायक रहे धर्मराज निषाद को प्रत्याशी बनाकर निषाद समाज को साधने की कोशिश की है। वहीं, निषाद पार्टी को सीट नहीं देने से निषादों में होने वाली नाराजगी को भी दूर करने का प्रयास किया है। कटेहरी में कुर्मी के बाद निषाद समाज के मतों की संख्या भी अधिक है। पार्टी ने निषाद, ठाकुर, ब्राह्मण और दलितों के वोट के समीकरण से चुनाव जीतने की रणनीति बनाई है।

# आग उगलने वाले एर्दोगन के तेवर ढीले पडे



भारत के खिलाफ आग उगलने का कोई मौका न चूकने वाला तुर्किये। कश्मीर पर पाकिस्तान की भाषा बोलने वाला तुर्किये। भारत-विरोधी जहरीले बोल के लिए चर्चित तुर्किये के राष्ट्रपति रिचेप तैयब एर्दोगन। लेकिन लगता है उसके सुर थोड़े ढीले पड़े हैं। पिछले महीने एर्दोगन ने यूएन में दिए अपने भाषण में कश्मीर के जिक्र से परहेज किया। अब उनके दफ्तर ने उस मीडिया रिपोर्ट को खारिज किया है जिसमें दावा किया गया है कि भारत के विरोध के बाद ब्रिक्स में एंट्री की तुर्किये की कोशिश नाकाम हो गई। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत नहीं चाहता कि कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के करीबी दोस्त तुर्किये को तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं वाले समूह में शामिल किया जाए। तुर्किये ने उन खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है जिनमें कहा गया था कि भारत ने ब्रिक्स समूह में उसके शामिल होने का विरोध किया था। दरअसल, हाल ही में रूस के कजान में खत्म हुए ब्रिक्स सम्मेलन में तुर्किये को इस समूह में पार्टनर देश के रूप में शामिल करने का फैसला लिया गया था। इससे एक दिन पहले, एक जर्मन टेबलॉयड ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि भारत ने ब्रिक्स में तुर्किये की एंट्री का विरोध किया था। अंकारा ने एक आधिकारिक बयान में इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। यह खबर जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज की तीन दिवसीय भारत यात्रा से ठीक पहले आई थी, जो 25 अक्टूबर से शुरू हुई थी। तुर्किये उन 13 देशों में से एक है जिन्हें इस साल ब्रिक्स के पार्टनर देशों में शामिल होने को मंजूरी मिली थी। कश्मीर मुद्दे पर तुर्किये अक्सर पाकिस्तान की भाषा बोलता है। लेकिन अब लगता है कि इसमें बदलाव आया है। तुर्कये के राष्ट्रपति रिचेप तैयब एर्दोगन संयुक्त राष्ट्र के अपने भाषणों में लगातार कश्मीर का मुद्दा उठाते रहे हैं लेकिन इस साल के भाषण में वह कुछ बदले-बदले से नजर आए थे। सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कश्मीर मुद्दे का जिक्र करने से परहेज किया। जहां कुछ लोगों ने इसे अक्टूबर के अंत में रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले समर्थन हासिल करने की एर्दोगन की रणनीति के रूप में देखा, वहीं कुछ अन्य ने कहा कि यह महत्वपूर्ण था क्योंकि यह जम्मू-कश्मीर में चुनावों के बीच में आया था। इस साल संयुक्त राष्ट्र की बैठक में, एर्दोगन ने गाजा पर निष्क्रियता के लिए संयुक्त राष्ट्र की आलोचना की थी और इजरायल पर फिलिस्तीनी क्षेत्र को बच्चों और महिलाओं के सबसे बड़े कब्रिस्तान में बदलने का आरोप लगाया था।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के अलावा, तुर्किये भारत में अपने निवेश का विस्तार करने और उसके बाजारों का दोहन करने की भी कोशिश कर रहा है। एर्दोगान ने आखिरी बार 2023 में G20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत की यात्रा की थी और अपनी इस यात्रा को सकारात्मक रूप से समाप्त किया था।

ब्रिक्स दुनिया की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था वाले देशों का समूह है। इसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका सदस्य है। इन्हीं देशों के नामों के पहले अक्षर को लेकर समूह का नाम ब्रिक्सपड़ा है। हाल के वर्षों में तुर्किये के साथ भारत के आर्थिक संबंधों ने नई गति पकड़ी है। द्विपक्षीय व्यापार में काफी वृद्धि हुई है, जो 2022-23 में 13.80 बिलियन डॉलर को पार कर गया। सेंट्रल बैंक ऑफ तुर्की के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय कंपनियों ने तुर्की में लगभग 126 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। दूसरी ओर, भारत के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के अनुसार, भारत में तुर्की का निवेश लगभग 210.47 मिलियन डॉलर है।

# ईरान में इजराइल की दिवाली



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान से उसके 200 मिसाइल हमलों का बदला ले ही लिया। इजरायल की डिफेंस फोर्सेंज (आईडीएफ) ने कहा है कि वो 'ईरान के सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले' कर रही है। उसने यह भी कहा है कि 'दुनिया के किसी भी दूसरे संप्रभु राष्ट्र की तरह इजरायल के पास जवाब देने का अधिकार है और ये उसका कर्तव्य है।' वहीं, ईरान के सरकारी मीडिया ने बताया है कि राजधानी तेहरान में कई धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं। आईडीएफ़ के प्रवक्ता डेनियल हगारी का कहना है कि 7 अक्टूबर, 2023 के बाद 'ईरान में मौजूद शासन और क्षेत्र में मौजूद उसके साथियों ने इजरायल पर लगातार हमले किए हैं।' माना जा रहा है कि इन हमलों के पीछे हर्मीस 900 हत्यारे ड्रोन का भी हाथ हो सकता है। खुद ईरान की सेना ने कहा है कि इजरायल ने ज्यादातर हमले ड्रोन से किए हैं। जानते हैं डेथ ड्रोन 900 के बारे में।

ईरान पर इजरायली हमले के बाद पीएमओ ऑफिस की ओर तस्वीर शेयर की गई है। इसमें प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू एक बंकर में रक्षा मंत्री और आईडीएफ के जनरलों के साथ मीटिंग करते दिख रहे हैं। सूत्रों से जानकारी के मुताबिक यह बंकर तेल अवीव में किरिया मिलिट्री बेस का है। इससे पहले ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामनेई ने अपने सैन्य अफसरों से इजरायल का हमला होने की स्थिति में जवाबी कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार रहने को कहा है। माना जा रहा है कि इजरायल का अगला कदम खामनेई को निशाना बनाने का हो सकता है। इजरायल ने हमास, हिजबुल्लाह के बाद अब ईरान की लीडरशिप को निशाना बनाने की तैयारी कर ली है। ऐसे में खामेनेई भी अगला निशाना हो सकते हैं। दरअसल, हर्मीस 900 ड्रोन एकदम सटीक निशाना बना सकते हैं। हालांकि, इस पर कुछ भी अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। खामनेई सोए ही थे कि जब इजरायली हमले हुए।

इजरायल डिफेंस फोर्सेस के पास एक बेहद अनूठा और खतरनाक हथियार आया है। इसका नाम है हर्मीस 900 ड्रोन। इसे कोशेव या द स्टार भी कहा जा रहा है। 'डिफेंस प्रोक्योरमेंट इंटरनेशनल' की रिपोर्ट के अनुसार, इस ड्रोन का निशाना इतना सटीक है कि अगर एक चलती कार में चार लोग हैं और सिर्फ ड्राइवर को निशाना बनाना है तो यह ड्राइवर को ही खत्म करेगा। बाकी पैसेंजर्स को हमले से कोई नुकसान नहीं होगा। हर्मीस 900 इजरायल के आसमान को महफूज बनाएगा। इसे हर्मीस 400 का ही अपडेटेड वर्जन बताया जा रहा है। हर्मीस 900 को हिब्रू में कोशेव या द स्टार कहा गया है। ये कई तरह के गाइडेड बम ले जा सकता है। यह एक बार में 30 घंटे उड़ान भर सकता है। 500 किलोग्राम वजन ले जा सकता है। यह एचडी ऑप्टिकल सेंसर्स से लैस होता है। इसके अलावा, इसमें स्पेशल एरियल सर्विलांस सिस्टम और पिन पॉइंट लेजर टारगेट मार्कर्स भी होते हैं।

माना जाता है कि इजरायल ने हमास और हिजबुल्लाह की कमर इसी डेथ ड्रोन से तोड़ी थी। आईडीएफ की ग्राउंड ऑपरेशन फोर्स और नेवी को यह बिल्कुल सटीक टारगेट और लोकेशन बताएगा। अगर इनके लिए टारगेट दूर रहा तो यह हर्मीस 900 खुद टारगेट हिट करेगा।

हर्मीस 900 के सभी कैमरे रियल टाइम कवरेज करेंगे। कंट्रोल रूम पामचिन एयरबेस पर बनाया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 20 दिसंबर, 2014 को इजरायल ने गाजा में पहली बार इसका इस्तेमाल किया। कंट्रोल रूम में सिर्फ दो पायलट (ऑपरेटर) मौजूद रहेंगे। यह आखिरी सेकेंड में भी बम का डायरेक्शन बदल सकते हैं। इसके कैमरे कभी बंद नहीं होंगे। हर्मीस का पहला ड्रोन 2012 में आया था। इ इसमें मिसाइलें भी इस्तेमाल की जा सकती हैं।

अडानी की कंपनी बना रही है हर्मीस 900 ड्रोन

इसी साल, 2 फरवरी को शेफर्ड मीडिया की रिपोर्ट में बताया गया था कि इजरायल ने अडानी-एलबिट एडवांस्ड सिस्टम्स इंडिया लिमिटेड से 20 भारतीय निर्मित हर्मीस 900 ड्रोन की डिलीवरी ली थी। इस रिपोर्ट के बाद में भारत में काफी विवाद हुआ था। हालांकि, किसी ने यह बात स्वीकार नहीं की थी।

अभी इजरायल अपने युद्ध को जारी रखने पर तुला हुआ है। वजह यह है कि वो महसूस करता है कि वो अंतरराष्ट्रीय दबाव के सामने टिका रह सकता है। वह जो भी खतरे हैं, उसे मिटा देना चाहता है। इजरायल ने हमास प्रमुख की हत्या कर दी जब वो तेहरान में ईरान के मेहमान था। इसने हसन नसरल्लाह समेत हिज़्बुल्लाह के पूरे नेतृत्व को ख़त्म कर दिया। इसने सीरिया में राजनयिक इमारत में मौजूद ईरान के वरिष्ठ अधिकारियों की हत्या कर दी। कहा जा रहा है कि इजरायल का प्लान अभी दुश्मनों के खिलाफ ऑपरेशन को रोकने की नहीं है।

# प्रकृति से दूर होने के कारण प्रदूषण



वायु गुणवत्ता के लिहाज से भारत की राजधानी दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। हालांकि की दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की बात करें तो इसमें बिहार के बेगूसराय शहर का नाम पहले सामने आता है। स्विस संगठन की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 में बताया गया है कि वायु प्रदूषण गुणवत्ता में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद भारत वायु गुणवत्ता में गिरावट के लिहाज से तीसरे पादान पर खड़ा है। फिलहाल पिछले पांच बार से दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक दिशा-निर्देश के मुताबिक भारत में लगभग 1.3अरब लोग- जो कुल आबादी का लगभग 96%है, पी एम 2.5 सांद्रता का अनुभव करते हैं। पी एम-पार्टिकुलेट मैटर-वे छोटे-छोटे कण हैं,जो वायु में मौजूद रहते हैं और जिन्हें हम नग्न आंखों से नहीं देख सकते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि दिल्ली में रहने वाला प्रत्येक नगरिक विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के लिहाज से सात गुना वायु प्रदूषण का खतरा झेल रहा हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानक 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है।

आमतौर पर दिल्ली के यमुना नदी में सफेद रंग का झाग दीपावली और छठ की पूजा के बाद दिखाई देता था लेकिन दिल्ली में वायु गुणवत्ता में निरंतर गिरावट के साथ -साथ यमुना नदी का बढ़ता प्रदूषण भी अब हर साल खतरनाक साबित हो रहा है। इस साल अप्रैल से यमुना में सफेद झाग दिखाई देने लगा। ऐसी स्थिति आमतौर पर बाढ़ उतरने और जमुना के जलस्तर में कमी की वजह से पैदा होती है। रही बात बढ़ते वायु प्रदूषण की, तो इसकी मुख्य वजह सड़कों पर गाड़ियों की बढ़ती संख्या, गाड़ियों के धुएं से निकलने वाली खतरनाक कार्बन 'मोनोऑक्साइड' जैसी गैसें भी हैं।

इधर, पड़ोसी राज्यों मसलन हरियाणा और पंजाब के किसानों द्वारा धान और गेहूं की पराली जलाने की वजह से भी हर साल वायु गुणवत्ता की सेहत खराब हो जाती है। केंद्र और राज्य सरकारें हर साल अपनी जवाबदेही एक दूसरे पर डालते हुए कुछ समय के लगभग चुप्पी साध लेती हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन रिपोर्ट बताती है कि- वायु प्रदूषण की वजह से पूरी दुनिया में हर साल लगभग 70 लाख लोगों की मौतें होती हैं। अकेले भारत में लगभग 12 लाख लोग हर साल वायु प्रदूषण की वजह से असमय काल के गाल में समा जाते हैं। फिलहाल दिल्ली और एनसीआर के आसपास लोगों को सांस लेने में दिक्कतें महसूस हो रही हैं। सुबह से ही कोहरे की चादर दिल्ली के आसमान में छाने लगती है। हवा की गुणवत्ता लगातार बद से बद्तर होती जा रही है। एक्यूआई 334 तक पहुंच चुका है। गले में खराश आंखों में जलन सांस लेने में तकलीफें और सांस सम्बन्धी कई अन्य बीमारियां दिल्ली वासियों का जीना मुहाल कर रखा है।

देश के दिल कहे जाने वाले दिल्ली में देश के कोने से कोने से रोजी-रोटी की तलाश में आ बसें, लाचार-गरीब लोगों को सूझ नहीं रहा है कि- बढ़ती मंहगाई और निरंतर कम होती जा रही आमदनी में अपना पेट काटकर इन बीमारियों का कैसे सामना करें?अब केंद्र और दिल्ली सरकार के दरवाजे पर गुहार लगाने के अलावा दूसरा उपाय क्या है - कभी यमुना दिल्ली के लाल किले की दहलीज तक दस्तक देती थी। आज अपने सूरत-ए-हाल पर रो रही है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि नदियों के तट पर ही भारतीय सभ्यता का सृजन और विस्तार हुआ है।

हमारे शरीर के धमनियों में बहने वाले खून की तरह नदियां सृष्टि काल से हमारे जीवन की तारणहार -खेवनहार और जीवनधारा रही हैं। औद्योगिक विकास की मौजूदा प्रणाली हमें इस जीवन धारा से लगातार वंचित और बेदखल कर रही है। आज हमारे रहन -सहन का ढंग बदल गया है। हम दोष जलवायु परिवर्तन को दे रहे हैं, लेकिन अपने आपको बदलने के लिए हम बिल्कुल तैयार नहीं हैं।आलम यह है कि हम सोशल मीडिया के माध्यम से दुनिया की अन्य सभी खबरों से हर वक्त बाख़बर हैं, पर अपने पास की नदी की रूलाई हम कहां सुनते हैं? वैदिक परंपरा से लेकर सुकरात पूर्व ग्रीक दर्शन में पांच महाभूतों से निर्मित इस विश्व के संरक्षक -संवर्धन के प्रति हम सदैव सचेत रहे हैं। पृथ्वी, आकाश, जल , वायु और अग्नि के सरंक्षक उपायों तथा उनके कार्य पद्धतियों का विस्तार से अध्ययन और जीवन में उनके महत्व को भी हम गहराई से चिन्तन-मनन करते रहे हैं। तैत्तिरीय उपनिषद् में बताया गया है कि कैसे पदार्थ ऊर्जा से आकाश, आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथ्वी, पृथ्वी से वनस्पतियां, वनस्पतियों से अन्न, अन्न से मानव जीवन का सत्व निर्मित होता है। तैतरीय उपनिषद् कहा गया है -वायुः मूलं वायुः मध्यम वायुः अंतम्‌ अर्थात वायु ही उत्पत्ति की आदि-मध्य और अंत अवस्था है। मध्य अवस्था में वायु प्राण रूप में सभी प्राणियों में अवस्थित होता है। वायु की अंतिम अवस्था में सभी जीव जंतु और प्राणियों का अंत हो जाता है। बृहदारण्यक उपनिषद् में वायुःवै प्राणः अर्थात वायु ही प्राण है। इस मंत्र में प्राण तत्व को सर्वोच्च और सर्वव्यापी बताया गया है।

ग्रीक दर्शन में सुकरात के पहले एनैक्सिमिनिस(ई पू 529 या ई पू 548 ) सभी चीजों की उत्पत्ति वायु से मानते है। उन्होंने अनुभव किया कि उनके अंदर की वायु -जो उन्हें चला रही है, वहीं जीवन है। वे तर्क दते है कि-भीतर की वायु , बाहर की वायु का एक अंग है। और यहीं इस जगत की उत्पत्ति का मूल कारण है। उनके शिष्य डायोजिनीज भी वायु तत्व को ही मुख्य मानते हैं। उसे शक्ति और बुद्धि से समन्वित करते है।

वे तर्क देते है कि-आद्रता के प्रति सूर्य का आकर्षण और लोहे के प्रति चुंबक के आकर्षण में भी श्वास -प्रश्वास की क्रियाएं ही कार्य करती है। इस पद्धति का महर्षि पतंजलि के प्राणायाम से कितनी संगति है। पाईथागोरस- जिनके बारे में कहा जाता है कि - 'फिलोसॉफी' शब्द का पहली बार प्रयोग उन्होंने ने ही किया। वे कहते है कि -₹दार्शनिक वहीं है, जो लोभ और अहंकार त्याग कर प्रकृति का अध्ययन करता है।₹ भारतीय चिंतन परंपरा में आकाश, वायु और आत्मा को अमारता का दर्जा हासिल है।

हमारे धार्मिक कार्यों में भी जल, पेड़ - पौधों, नदियों - सरोवरों की रक्षा करने, उन्हें किसी भी तरह से क्षति नहीं पहुंचाने कीअवधारणा को पूजा -आराधना, और पाप-पुण्य की भावना से जोड़ने के पीछे भी दरअसल उनके संरक्षण का उपाय ही है। फिर क्या वजह है कि हजारों साल से- हर बारह साल के बाद लगने वाले महाकुम्भ के बाद पर्यावरण प्रदूषण को लेकर उतनी हाहाकार कभी नहीं मचती, जितनी हर साल, जाड़े का मौसम शुरू होते ही और खासकर छठ और दीपावली जैसे पवित्र हिंदू त्योहारों के बाद भारत की राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता और यमुना में जल की कमी और लगातार प्रदूषित होते जा रहें जल को लेकर चिकचाक्य शुरू हो जाता है।

यह हमारे आधुनिक जीवन शैली में आ रहें बदलाव का नतीजा तो है ही, साथ-ही-साथ प्रकृति की साझी विरासत को बेरहमी और लापरवाही से और वह भी सिर्फ अपने लिए शोषण का भी परिणाम है।इस लिए मशहूर शायर बशीर बद्र हमें आगाह करते है कि नदी के किनारे के रहवासियों को बशीर बद्र की इस हिदायत पर जरूर गौर करना चाहिए। अगर हम अपनी सभ्यता को बचाये रखते हुए और जिन्दा रहना चाहते तथा भावी पीढ़ी को - जैसी भी हों, कुछ बची-खुची विरासत सौंपना चाहते हैं।

# दिवाली पर इन 5 राशि के जातकों पर मां लक्ष्मी मेहरबान रहेंगी

## कई ग्रह के योग से घर पर होगी जमकर धनवर्षा



**1. मेष राशि**

इस राशि के जातकों के लिए दिवाली बेहद खास रहने वाली है। इस राशि के जातकों को हर क्षेत्र में सफलता के साथ-साथ धन लाभ भी मिल सकता है। इस राशि के जातकों पर शनिदेव के साथ-साथ सूर्य और बुध की भी विशेष कृपा रहेगी, जिससे इनके जीवन में कई तरह की खुशियां आ सकती हैं। परिवार के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा। इसके साथ ही जीवन में खुशियां आ सकती हैं। अगर आप निवेश करने की सोच रहे हैं तो जरूर करें। भविष्य में आपको अच्छा रिटर्न मिल सकता है। करियर में आपको बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं।

**2. वृष राशि**

बुधादित्य और शशा राजयोग इस राशि के जातकों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो सकता है। आपको हर काम में सफलता मिल सकती है। करियर की बात करें तो आपके द्वारा की गई मेहनत का अब अच्छा परिणाम मिल सकता है। ऐसे में आपको प्रमोशन के साथ-साथ अच्छा प्रोत्साहन भी मिल सकता है। व्यापार के क्षेत्र में भी आपको काफी लाभ मिल सकता है। अपनी योग्यता के बल पर आपको कई प्रोजेक्ट या ऑर्डर मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। साथ ही कमाई के नए रास्ते खुलेंगे। आप अपने पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताएंगे। स्वास्थ्य में भी काफी लाभ मिलने के आसार हैं।

**3. मिथुन राशि**

मिथुन राशि वालों को हर क्षेत्र में सफलता के साथ-साथ खूब सारा धन भी मिल सकता है। आपका झुकाव आध्यात्म की ओर अधिक हो सकता है। ऐसे में आप किसी धार्मिक कार्य में हिस्सा ले सकते हैं। साथ ही संतान की ओर से भी आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है। संतान की तरक्की से आप खुश नजर आ सकते हैं। आपको नौकरी के कई नए अवसर मिल सकते हैं। जिससे आप संतुष्ट नजर आ सकते हैं। व्यापार के क्षेत्र में भी आपको अच्छा मुनाफा मिलने के आसार हैं। साथ ही आप शेयरों के जरिए भी खूब धन कमा सकते हैं।

**4. कुंभ राशि**

दिवाली पर शनि का शुभ संयोग कुंभ राशि वालों को आर्थिक रूप से लाभ पहुंचाएगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। वैवाहिक जीवन में चल रहा मनमुटाव दूर होगा। नौकरी के अच्छे अवसर मिलेंगे। आपकी मेहनत और लगन से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। स्वास्थ्य उत्तम रहने वाला है।

**5. मकर राशि**

इस साल की दिवाली मकर राशि वालों के लिए खुशियाँ लेकर आ रही है। शनि की कृपा से धन संबंधी समस्याएँ दूर होंगी। निवेश लाभदायक रहेगा। कारोबारियों की कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। जिसका आपको लंबे समय से फायदा मिलेगा। अटका हुआ काम एक बार फिर शुरू हो सकता है। बौद्धिक क्षमता के बल पर आप कभी भी कोई बड़ी डील साइन कर सकते हैं।

# कल एकादशी और द्वादशी तिथि

## सोमवार को किया जाएगा रमा एकादशी का व्रत विष्णु-महालक्ष्मी के साथ करें भगवान शिव की पूजा



रविवार 27 अक्टूबर की सुबह करीब 7.15 बजे तक कार्तिक कृष्ण दशमी रहेगी, इसके बाद एकादशी (रमा एकादशी) शुरू हो जाएगी, जो कि अगले दिन यानी 28 अक्टूबर (सोमवार) की सुबह करीब 8.40 बजे तक रहेगी। इसके बाद द्वादशी तिथि शुरू होगी। तिथियों की घट-बढ़ की वजह से दीपावली की तारीख को लेकर भी पंचांग भेद हैं। इस साल कार्तिक मास की अमावस्या 2 दिन यानी 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को रहेगी, लेकिन 31 अक्टूबर की रात अमावस्या होने से इसी दिन दीपावली मनाना ज्यादा शुभ है।

एकादशी तिथि पर सूर्योदय का महत्व काफी अधिक है। 28 तारीख को सूर्य के समय एकादशी तिथि रहेगी और फिर करीब 8.40 बजे से द्वादशी तिथि शुरू होगी। एकादशी और द्वादशी के योग वाले दिन एकादशी व्रत करना ज्यादा शुभ रहता है। इसलिए रमा एकादशी का व्रत सोमवार को किया जाएगा। इस तिथि को रंभा एकादशी भी कहते हैं।

**महालक्ष्मी के नाम पर है इस एकादशी के नाम**

दीपावली से पहले आने वाली इस एकादशी का महत्व काफी अधिक है, क्योंकि ये इस तिथि का नाम महालक्ष्मी के नाम पर ही है। इस वजह से इस एकादशी पर विष्णु और महालक्ष्मी की विशेष पूजा करनी चाहिए। रमा महालक्ष्मी का ही एक नाम है।

**रमा एकादशी पर कर सकते हैं ये शुभ काम**

एकादशी पर सूर्य को जल चढ़ाने के साथ दिन की शुरुआत करें। इसके लिए तांबे के लोटे में जल भरें और ऊँ सूर्याय नमः मंत्र बोलते हुए सूर्य को जल चढ़ाएं।

घर के मंदिर में भगवान विष्णु और लक्ष्मी जी के सामने एकादशी व्रत और पूजा करने का संकल्प लें। संकल्प के बाद विष्णु-लक्ष्मी का अभिषेक करें। दक्षिणावर्ती शंख में केसर मिश्रित दूध भरें। ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करते हुए दूध की धारा देवी-देवता की मूर्तियों पर चढ़ाएं।

दूध के बाद शुद्ध जल चढ़ाएं। हार-फूल और पीले चमकीले वस्त्र पहनाएं। मिठाई का भोग लगाएं। धूप-दीप जलाकर आरती करें। पूजा में हुई जानी-अनजानी भूल के लिए भगवान से क्षमा मांगे। इस तरह पूजा पूरी हो जाती है। इसके बाद प्रसाद बांटें और खुद भी ग्रहण करें। जो लोग एकादशी व्रत करते हैं, उन्हें दिनभर निराहार रहना चाहिए। अगर पूरे दिन भूखे रहना संभव न हो तो फलाहार और दूध का सेवन कर सकते हैं। लेकिन, पूरे दिन अन्न का त्याग जरूर करें।

शाम को भी लक्ष्मी-विष्णु की विधिवत पूजा करें। तुलसी के पास दीपक जलाएं, चुनरी ओढ़ाएं।

**सोमवार और एकादशी के योग में करें शिव पूजा**

रमा एकादशी और सोमवार का योग होने से इस दिन भगवान शिव की भी विशेष पूजा करनी चाहिए। शिवलिंग पर जल चढ़ाएं और चांदी के लोटे से दूध अर्पित करें। इसके बाद दोबारा जल चढ़ाएं।

ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करते हुए शिवलिंग चंदन का लेप करें, बिल्व पत्र, आंकड़े के फूल, धतूरा चढ़ाएं। मिठाई का भोग लगाएं और धूप-दीप जलाएं। शिवलिंग के सामने बैठकर शिव जी के मंत्र जपें। मंत्र जप कम से कम 108 बार करें। पूजा के अंत में क्षमा याचना करें। प्रसाद बांटें और खुद भी लें।

# अविद्या-अज्ञान पर विजय का पर्व है दीपावली



मुनि चैतन्य कुमार अमन

भारतीय परम्परा में पर्वो की लम्बी श्रृंखला है। सामाजिक, राष्ट्रीय और धार्मिक जैसे अनगिन पर्वों में दीपावली एक ऐसा पर्व है जो सामाजिकता के साथ आध्यात्मिकता से जुड़ा हुआ है। एक ओर जहां दीपावली का पर्व मर्यादा पुरुषोतम श्री राम का वनवासकाल पूर्ण कर पुनः अयोध्या आगमन के साथ जुड़ा हुआ है वहीं जैन परम्परा के अनुसार तीर्थंकर भगवान महावीर का निर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाने वाला आध्यात्मिक पर्व के रूप में प्रख्यात है। प्रत्येक जैन धर्मावलम्बी का अंतिम ध्येय मोक्ष निर्वाण प्राप्त करना है। जन्म-मरण की प्रलम्ब श्रृंखला से मुक्त होना अर्थात हमेशा-हमेशा के लिए दुःखों से छुटकारा मिलने पर शाश्वत सुख को हासिल कर लेना ही धर्म साधना का मुख्य भाव है। भगवान महावीर ने साधना के द्वारा अपने ध्येय का प्राप्त किया था। यह दीपावली का पर्व उस उपलक्ष में मनाया जाने वाला महान् पर्व है। जिसे प्रकाश का, ज्योति का पर्व कहा जाता है। प्रकाश सभी को प्रिय होता है। अंधकार में कोई रहना अथवा जीना पसंद नहीं करता। जहां तक बाहर का प्रकाश होता है वह क्षणिक व अस्थाई होता है किन्तु भीतर की आत्मा का प्रकाश शाश्वत, स्थायी व असीम होता है। जिस दिन हमारी आत्मा पर आया हुआ अज्ञान का तमस् दूर हो जाएगा। उस दिन शाश्वत, अन्तहीन आलोक जगमगाएगा। भगवान महावीर के वचनानुसार नाणं पयासयरं ज्ञान प्रकाश है जिस दिन अज्ञान का अंधकार छंट जाएगा उस दिन चौरासी लाख जीवायोनि से मुक्त होकर आत्मा-परमात्म स्वरूप को प्राप्त कर लेगी। दीपावली के अवसर पर लोग दीपकों की कतार से उस तमस् भरी अमावस्या की रात्रि को ज्योतिर्मान बनाने का प्रयत्न करते है किन्तु एक कवि ने बहुत ही सुन्दर कहा है- मिट्टी के दीप जले तो क्या, न जले तो क्या, जीवन के दीप जलाओ तो दीवाली है। सचमुच मोह-माया का सघन अंधकार हटाने से ही अनंत आलोक से आत्मा प्रकाशित होगा। दीपक जलता है तेल और बाती के योग से उसी प्रकार आत्मदीप जलता है, प्रकाशित होता है ज्ञान का स्नेह और श्रद्धा की बाती से। उस आत्मदोप के जलते ही भीतर का परमात्मा ज्योतिर्मान बन जाएगा। भगवान महावीर का दिव्य भव्य जीवन चरित्र हमारे सामने है। राजमहलों में जन्म लेने वाला राजकुमार वर्धमान राज्य की संपदा का त्याग कर साधना के बीहड़ पथ पर निर्भय होकर चल पड़ा। बाह्य जगत से अंतर जगत में संलग्न होकर तपस्या और मौन ध्यान साधना से केवल ज्ञान को प्राप्त किया। आत्मदीप से अंतर आलोक जगमगा उठा। उस अलौकिक पुरूष ने अपने आलोक से जन-जीवन को प्रदीप्त किया। जनता जनार्दन में धर्म साधना के बीजों को बिखेरा, जो आगे जाकर कल्पवृक्ष की भांति लहराने लगे। लोग महावोर की उस वीतराग देशना को सुनकर प्रतिबुद्ध हुए। वीतराग वचनों में परिग्रह अशांति कामूल कारण है। जितनी हिंसा, चौर्यकर्म, आतंक और अपराधों को बढ़ावा मिला है, वह सब मानव की असीमित संग्रह की मनोवृत्ति, सत्ता प्राप्ति की लोलुपता तथा शास्त्रास्त्र की होड़ में विश्व मानव को जिस खतरनाक मोड़ पर खड़ा कर रखा है वह सब परिग्रह का ही कारण है आधुनिक युग में भारतीय मनीषी और अहिंसक संस्कृति में पलने वाले भारतीय लोग भी आज हिंसा और आतंकवाद की कारा में गिरफ्त हो रहे है। यदि इस विश्व मानव को सुरक्षित रहना है तो महावीर की अहिंसा और निःशस्त्रीकरण की नीति को अपनाना होगा। कार्तिक कृष्णा अमावस्या की रात्रि अंधकार से प्रकाश, मृत्यु से अमरत्व तथा असत् से सत् की ओर ले जानी वाली रात्रि है। भगवान महावीर को निर्वाण तथा गणधर गौतम को केवल ज्ञान प्राप्त कराने वाली शुभ रात्रि है तथा सनातन परम्परानुसार श्री राम के अयोध्या आगमन की रात्रि है। जब यह पर्व आता है, तब जनता के जीवन में आनंद, उल्लास, हर्ष और आमोद-प्रमोद का संचार हो जाता है। जीवन को प्रफुल्लित करने वाला यह अंधकार के मूलोच्छेदन का पर्व है। अविद्या अज्ञान पर विजय का पर्व है, प्राणियों के मिथ्यात्व-मोह को नष्ट करने वाला है। इस दिन भगवान महावीर सर्वथा कर्म-मुक्त हुए थे। किन्तु जो लोग अनाप-शनाप अर्थ (धन) को खर्च कर अतिशबाजी करते हैं, वे कर्मों से भारी बनने का प्रयत्न करते हैं। क्योंकि अतिशबाजो (पटाखे) जलाने वाले अध्यात्म की दृष्टि से असंख्य सूक्ष्म जीवों को हिंसा के कारण बनते है। पर्यावरण की दृष्टि से वातावरण को प्रदूषित कर देते हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से कितने लोग जल जाते हैं, घरों में आग लग जाती है, यह रास्ता कर्मों से भारी बनने का रास्ता है। यदि इस दिन अपने समय का उपयोग महापुरूषों के स्मरण में लगाते हैं तो आत्मा में हल्कापन आता है। आज उस महाज्योतिपुंज महाशक्ति की स्मृति व स्तुति में अहिंसा, सत्य, सहयोग, अनाग्रह त्याग तप की भावना को आत्मसात करें। उनके आदर्शों को जीवन व्यवहार में स्थापित करें जिससे व्यक्तिगत रूप से सुख शांतिमय जीवन, पारिवारिक जीवन में प्यार और सौहार्द तथा राष्ट्रीय समस्याओं का समाधान होगा। जिससे देश विकसित होगा।

नूतन समाज की प्रतिष्ठा होगी। अतः पर्व का उद्देश्य मात्र आमोद-प्रमोद न होकर जीवन में ज्ञान, प्रेम, सौहार्द, सद्भाव सहयोग की पावन ज्योति जगाए, त्याग वैराग्य की भावना से चैतन्य का जागरण करें तथा जीवन का दीप जलेगा तभी सही अर्थों में दीपावली मनाना सार्थक हो पाएगा।

# दीपोत्सव 29 अक्टूबर से

## घर में करें गंगाजल का छिड़काव, मुख्य द्वार पर लगाएं बंदनवार और सूर्यास्त के बाद तुलसी के पास जलाएं दीपक



मंगलवार, 29 अक्टूबर से दीपोत्सव शुरू हो रहा है। इस दिन धनतेरस मनाई जाएगी। 30 अक्टूबर को रूप चौदस और 31 अक्टूबर को दीपावली, लक्ष्मी पूजा रहेगी। 1 नवंबर को स्नान-दान की कार्तिक अमावस्या रहेगी। 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा और 3 तारीख को भाई दूज मनाई जाएगी। माना जाता है कि दीपोत्सव के दिनों में किए गए शुभ काम से देवी लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और हमारे घर में वास करती हैं। लक्ष्मी की प्रसन्नता से घर-परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।

**रोज सुबह करें गंगाजल का छिड़काव**

घर में पवित्रता और सकारात्मकता बनाए रखने के लिए गंगाजल का छिड़काव करने की परंपरा है। गंगाजल पूजनीय माना गया है। गंगाजल के स्पर्श मात्र से राजा भगीरथ के पूर्वजों को मोक्ष मिल गया था। गंगाजल की वजह से घर में देवी-देवताओं की कृपा बनी रहती है, ऐसी मान्यता है। गंगाजल न हो तो घर में गौमूत्र का भी छिड़काव कि जा सकता है।

**मुख्य द्वार पर लगाएं बंदनवार**

दीपोत्सव के पहले दिन यानी धनतेरस (29 अक्टूबर) की सुबह घर के मुख्य द्वार पर बंदनवार जरूर बांधें। बंदनवार आम, अशोक के पत्तों और फूलों से बनाई जाती है। मान्यता है कि बंदनवार घर में नकारात्मक ऊर्जा को आने से रोकती है। बंदनवार की वजह से घर का वातावरण सकारात्मक, पवित्र बना रहता है और ये दीपावली के लिए हमारे मन में उत्साह को भी बढ़ाती है।

**रोज करें पंचदेवों की पूजा**

शास्त्रों में पंचदेव बताए गए हैं, इन पांच देवताओं की पूजा हर शुभ काम की शुरुआत में की जाती है। पंचदेवों में भगवान गणेश, शिव, विष्णु, सूर्य और देवी दुर्गा शामिल हैं। गणेश जी को दूर्वा, शिव जी को बिल्व पत्र, विष्णु जी को तुलसी, सूर्य को जल और देवी दुर्गा लाल फूल चढ़ाएं।

**सूर्यास्त के बाद तुलसी के पास जलाएं दीपक**

दीपोत्सव की रातों में घर के बाहर दीपक जलाने की परंपरा है। सूर्यास्त के बाद तुलसी के पास दीपक जरूर जलाना चाहिए। तुलसी को विष्णु प्रिया कहा जाता है, इस वजह से तुलसी के बिना विष्णु जी की पूजा पूरी नहीं होती है। तुलसी को रोज सुबह जल चढ़ाएं और शाम को दीपक जलाएं।

**इष्टदेव के मंत्रों का करें जप**

घर के मंदिर में रोज पूजा करें। दीपक जलाएं और अपने इष्टदेव के मंत्रों का जप करें। मंत्र जप से मन शांत रहता है और मंत्रों की ध्वनी से घर में पवित्रता बनी रहती है।

**गणेश मंत्र - श्री गणेशाय नमः**

**शिव मंत्र - ऊँ नमः शिवाय**

**विष्णु मंत्र - ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय**

**सूर्य मंत्र - ऊँ सूर्याय नम**

**दुर्गा मंत्र - दुं दुर्गायै नमः**

**लक्ष्मी मंत्र - ऊँ लक्ष्मी नमः**

**राम मंत्र - रां रामाय नमः**

**कृष्ण मंत्र - कृं कृष्णाय नमः**

**हनुमान मंत्र - श्रीरामदूताय नमः**

# यहां हिंगलाज माताजी के दर्शन के बाद ही शुरू होता है व्यापार!



गुजरात के पोरबंदर दुनियाभर में सुदामानगरी के नाम से मशहूर है। यहां कई प्राचीन मंदिर हैं, जो आज भी लोगों की आस्था का प्रतीक बने हुए हैं। खासतौर पर यहां के मंदिरों का निर्माण शाही परिवार ने करवाया था और उनकी स्थापना के लिए ज़मीन भी दान में दी थी। पोरबंदर के केदारेश्वर महादेव मंदिर को एक हजार साल पुराना माना जाता है, जबकि बांगड़ी बाज़ार में स्थित हिंगलाज माताजी के मंदिर को 400 साल से भी ज़्यादा पुराना माना जाता है। इस हिंगलाज माताजी के मंदिर से एक अनोखी मान्यता जुड़ी हुई है।

**पोरबंदर के लोगों की आस्था का प्रतीक**

हिंगलाज माताजी मंदिर के पुजारी जितुभाई ने लोकल 18 को बताया कि, "हमारी फैमिली की चौथी पीढ़ी इस मंदिर में माताजी की सेवा कर रही है। दरजी, खत्री, भट्ट और भानुशाली जातियों में हिंगलाज माताजी को कुलदेवी के रूप में पूजा जाता है। इन जातियों के लोगों की इस मंदिर के प्रति अटूट आस्था है। यहां नवरात्रि बहुत ही श्रद्धा के साथ मनाई जाती है।

नवरात्रि के नौ दिनों तक यहां महापूजा होती है और रात को नौ बजे आरती की जाती है। भक्तजन सालभर माताजी को साड़ी चढ़ाते हैं। इस साड़ी में बच्चों को भोजन कराया जाता है और उपहार भी दिए जाते हैं। इस मंदिर में 80 साल पहले आशापुरा माताजी की मूर्ति स्थापित की गई थी। इसलिए, यहां हिंगलाज माताजी के साथ आशापुरा माताजी भी विराजमान हैं। यह मंदिर भक्तों की आस्था का प्रतीक बनता जा रहा है।"

मंदिर के पुजारी ने आगे बताया कि यह मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र है।

मंदिर के आसपास के व्यापारी रोज़ाना माताजी के दर्शन कर फिर व्यापार शुरू करते हैं। दो साल पहले दिवाली के दौरान रात में मंदिर के गर्भगृह में अचानक आग लग गई थी। इस आग में यहां रखी सारी साड़ियां भी जल गईं। इस अग्निकांड के दौरान, माताजी के चेहरे का सिंदूर भी हट गया था और माताजी की मूर्ति का रूप भी बदल गया था।

मंदिर के पुजारी ने आगे बताया कि यह मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र है। मंदिर के आसपास के व्यापारी रोज़ाना माताजी के दर्शन कर फिर व्यापार शुरू करते हैं। दो साल पहले दिवाली के दौरान रात में मंदिर के गर्भगृह में अचानक आग लग गई थी। इस आग में यहां रखी सारी साड़ियां भी जल गईं। इस अग्निकांड के दौरान, माताजी के चेहरे का सिंदूर भी हट गया था और माताजी की मूर्ति का रूप भी बदल गया था।

# बालासाहेब थोराट की बेटी पर आपत्तिजनक टिप्पणी

## बीजेपी नेता पर फूटा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा, गाड़ियों में लगाई आग



मुंबई, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। संगमनेर तालुका के धनदारफल में पूर्व बीजेपी सांसद सुजय विखे-पाटिल द्वारा एक संकल्प सभा का आयोजन किया गया था। इस बैठक में बीजेपी के एक वक्ता ने बालासाहेब थोराट की बेटी जयश्री थोराट को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया, जिससे संगमनेर तालुक में काफी बवाल होता हुआ दिखाई दिया। इस घटना पर शहर में कांग्रेस पार्टी की ओर से तीखी प्रतिक्रिया हुई, इस बयान से गुस्साए कार्यकर्ताओं ने कुछ जगहों पर कई कारों के शीशे तोड़ दिए और कुछ जगहों पर कारों में आग भी लगा दी गई। बीजेपी नेता सुजय विखे पाटिल की तरफ से युवा मेला का आयोजन किया गया था, उस दौरान मंच पर बीजेपी के नेता वसंत राव देशमुख ने बालासाहेब थोराट की बेटी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की जिसके बाद विवाद बढ़ गया।

**पुलिस स्टेशन में कार्रवाई के लिए बैठी रहीं जयश्री**

सुजय के काफिले की गाड़ी में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आग लगा दी। वहीं, जयश्री थोराट खुद पुलिस स्टेशन के बाहर करवाई के लिए बैठी रही जिसके बाद पुलिस ने वसंत देशमुख के खिलाफ केस दर्ज किया है, फिर भी मामला संगमनेर में गरमाया हुआ है। पूर्व मंत्री और महाराष्ट्र के नेता प्रतिपक्ष बालासाहेब थोराट संगमनेर से कांग्रेस उम्मीदवार हैं। उनके खिलाफ बीजेपी से राधाकृष्ण विखे पाटिल के बेटे सुजय पाटिल टिकट चाहते थे लेकिन बीजेपी ने उन्हें टिकट नहीं दिया है।

**पिता के लिए प्रचार कर रही हैं जयश्री थोराट**

जयश्री पेशे से डॉक्टर हैं। हालांकि वह राजनीति में भी सक्रिय हैं। उन्हें राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में देखा गया था। वह संगमनेर में भी चुनाव प्रचार करती हुई देखी जा रही हैं जहां से उनके पिता प्रत्याशी हैं। इसके अलावा वह महाविकास अघाड़ी की युवा संवाद मेला में भी सक्रिय रूप से भागीदारी कर रही हैं।

**सुप्रिया सुले ने भी जताई नाराजगी**

सुप्रिया सुले ने भी इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट कर लिखा, संगमनेर तालुका के धनधरफल में बीजेपी नेता वसंत देशमुख ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोराट की बेटी जयश्रीताई थोराट को लेकर बेहद गंदा बयान दिया। विधानसभा में अपनी बेटी की उम्र के नेता की इतनी अभद्र भाषा में आलोचना करना महाराष्ट्र की संस्कृति नहीं है।

दिलचस्प बात यह है कि इस बैठक में पूर्व सांसद सुजय विखे भी मौजूद थे। उन्होंने भी परोक्ष रूप से इस बयान का समर्थन किया। शिव राय के राज्य में स्त्रियों को टेढ़ी नजर से देखने वालों को कड़ी सजा दी जाती थी। उस राज्य में महिलाओं को लेकर बेहद गंदी भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। ये बीजेपी के संस्कार हैं। इस बयान पर कड़ी आपत्ति है। भगवान उन्हें सद्बुद्धि दे।

## 1000 साल पुराने मंदिर में चल रहा था काम, तभी दिखी सुरंग अंदर का नजारा देख लोग हुए 'बेहोश'

चेन्नई, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले से एक हैरान करने वाली खबर आई है. दरअसल यहां पनरुति के पास सीएन पलायम में श्री सोक्कनाथर और श्री वेंगटेश्वर पेरुमल मंदिर में जीर्णोद्धार का काम चल रहा था. मंदिर में नवीकरण कार्य के दौरान एक छिपे हुए कमरे का पता चला. श्रमिकों की नजर भूमिगत चैंबर पर पड़ी और उन्होंने तुरंत अधिकारियों को सतर्क कर दिया. अधिकारियों ने हाई-बीम रोशनी और कैमरों का उपयोग करके साइट का निरीक्षण किया. 11 फीट लंबा, 6 फीट चौड़ा और 5 फीट ऊंचा कमरा खाली पाया गया. दीवारें जलोढ़ मिट्टी से बनी थीं, लेकिन अंदर कोई वस्तु नहीं मिली. चैंबर को सील करने और नवीनीकरण का काम आगे बढ़ाने का निर्देश दिया.

## आई लव भूत, प्रेमी 'भूत' ने गर्लफ्रेंड को उतारा मौत के घाट, फिर दफनाया शव

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। नांगलोई इलाके की सोनिया उर्फ सोनी नामक प्रेमिका को सलीम उर्फ संजू नामक प्रेमी ने इंस्टाग्राम पर इलाके के ही शिवम नामक लड़के से बात करते हुए पकड़ लिया था। उन दोनों के शुरू से लेकर आखिर तक के चैट को पढ़ने के बाद वह गुस्से से लाल हो गया था। वह नहीं चाहता था कि वह शिवम से बात करे।

सलीम ने दोनों को समझाया था, बावजूद इसके वह उससे बात करती रहती थी। जब सोनी नहीं मानी तो सलीम ने उसकी हत्या करने की योजना बनाई। वह सोनी को अपने साथ रखने की बात कहकर सोमवार तड़के घर से लेकर गया व हरियाणा के रोहतक इलाके में उसकी हत्या कर शव को खेतों में दफना दिया। सूत्रों के अनुसार, शिवम सोनी के भाई का दोस्त है और शिवम अपने दोस्त की ही बहन से इंस्टाग्राम पर बात करता था। वह सलीम के बारे में गलत-गलत कहकर उसके खिलाफ सोनी के मन में जहर घोल रहा था। यह सब चैट में सलीम ने देख लिया था। इंस्टाग्राम पर चैट करने के साथ वह मोबाइल पर भी उससे बात करती थी। सलीम ने शिवम से भी कहा था कि वह अपने ही दोस्त की बहन से क्यों बात करता है। जब सोनिया व शिवम दोनों उसकी बात नहीं माने तो सलीम काफी गुस्से में आ गया। उसने अपने दोस्त पंकज व सोहित उर्फ रितिक के साथ मिलकर उसकी हत्या की साजिश बनाई। उन्होंने एक दिन के लिए हुडई ग्रेन कार को किराये पर लिया व उसे घर से लेकर चले गए और उसकी हत्या कर दी। इस बारे में सोनी के भाई से पूछा गया तो उन्होंने शिवम नाम का उनका कोई भी दोस्त न होने की बात कही।

# कैसे बीमार पड़ गए?: गोपाल राय बोले- भाजपा फैला रही प्रदूषण, यमुना में नहाने से बीमार हुए वीरेंद्र सचदेवा



नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली में आसमान से लेकर जमीन और पानी तक सब प्रदूषण की चपेट में हैं। अरविंद केजरीवाल को यमुना नदी में डुबकी लगाने की चुनौती देने वाले दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा खुद बीमार हो गए हैं। यमुना नदी में नहाने की वजह से उनकी तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद उन्हें दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में भर्ती किया गया। अब दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने भाजपा पर निशाना साधा और सचदेवा का हाल जाना।

**गोपाल राय ने भाजपा पर तंज कसा**

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि भाजपा प्रदूषण फैलाने वाली पार्टी है। उसे समझ में आता है कि सिर्फ ड्रामा करके ही प्रदूषण कम किया जा सकता है। मुझे लगता है कि सभी सरकारों और सभी पार्टियों को मिलकर काम करने की जरूरत है। वो कैसे बीमार पड़ गए? मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं, लेकिन मैं ये निवेदन करना चाहता हूं, इस ड्रामा को बंद करके प्रदूषण कम नहीं किया जा सकता. इससे पता चलता है कि बीजेपी के नेताओं की सोच का स्तर क्या है. जब मैं विंटर एक्शन प्लान बना रहा था, तब मैंने बीजेपी अध्यक्ष को पत्र लिखा था लेकिन आज तक कोई सुझाव नहीं आया।

**प्रदूषण पर केंद्र संग हुई बैठक**

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय का कहना है कि पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए, केंद्र सरकार के मंत्रियों और राज्य सरकारों के मंत्रियों के साथ एक संयुक्त बैठक हुई। आज की बैठक में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री शामिल हुए। बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई

आगे कहा कि मैंने आज की बैठक से पहले 2-3 महत्वपूर्ण बिंदु रखे हैं। पहला, आने वाले

## पश्चिम बंगाल में दो और लोगों की मौत, मृतकों की संख्या बढ़कर चार हुई

कोलकाता, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में भीषण चक्रवाती तूफान 'दाना' के कारण दो और लोगों की मौत हो जाने से मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व वर्धमान जिले के बुड बुड में कथित तौर पर बिजली के तार को छूने से एक नागरिक स्वयंसेवक चंदन दास (31) की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब वह पुलिस टीम के साथ बाहर गया था। अधिकारी ने बताया कि हावड़ा नगर निगम का एक कर्मचारी तांतिपारा में बारिश के पानी से भरी सड़क पर मृत पाया गया।

ऐसा संदेह है कि उसकी मौत डूबने के कारण हुई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में शुक्रवार को बिजली का करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई थी। एक व्यक्ति की मौत दक्षिण 24 परगना जिले के पाथरप्रतिमा में हुई, जबकि दूसरे की मौत दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर इलाके में हुई। भीषण चक्रवाती तूफान 'दाना' ने शुक्रवार की सुबह पूर्वी तट पर दस्तक दी, जिसके कारण मूसलाधार बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं, पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए तथा ओडिशा और पश्चिम बंगाल में बुनियादी ढांचे और फसलों को काफी नुकसान पहुंचा।

ओडिशा में केंद्रपाड़ा के भीतरकनिका और भद्रक जिले के धामरा के बीच बृहस्पतिवार रात करीब 12.05 बजे चक्रवात के आने की प्रक्रिया शुरू हुई थी और उस दौरान हवा की रफ्तार लगभग 110 किलोमीटर प्रति घंटे थी। वहीं, शुक्रवार सुबह करीब 8.30 बजे यह प्रक्रिया पूरी हो गई थी। पूर्वी मेदिनीपुर और दक्षिण 24 परगना के तटीय जिलों में तूफान का सबसे बुरा असर देखने को मिला। पूर्वी मेदिनीपुर में लगभग 350-400 कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गए, साथ ही लगभग 250 पेड़ उखड़ गए और बिजली के 175 खंभे गिर गए। दक्षिण 24 परगना में समुद्री पानी की वजह से मिट्टी के तटबंध टूट गए हैं।

# पूर्व विधायक सत्कार कौर ने खोला नया राज

## फिरोजपुर में पाकिस्तान सीमा से जुड़े हैं नशे के तार



चंडीगढ़ / फिरोजपुर, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। मोहाली के खरड़ में 100 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ी गई पूर्व विधायक सत्कार कौर से पूछताछ के बाद कई राजफाश होने लगे हैं। जांच अधिकारियों के मुताबिक सत्कार कौर ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह फिरोजपुर में पाकिस्तान सीमा से सटे क्षेत्र से नशा लेती थी और उसे आगे बेचती थी। वह नशा किससे लेती थी, इस पर उसने कहा कि वह उस जगह पर ले जा सकती है जहां से नशा आगे सप्लाई होता है। इसके बाद एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की टीमें फिरोजपुर रवाना हो गई हैं।

**पुलिस ने सत्कार कौर की सुरक्षा वापस ली**

उधर, सत्कार कौर को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने एएनटीएफ को उसका दो दिन का रिमांड दिया है। एएनटीएफ के अधिकारियों मुताबिक सत्कार कौर की ओर से नशा पंजाब के अलावा, हरियाणा, दिल्ली तक बेचा जाता था। उससे उसके पक्के ग्राहकों के नंबर व पैसा ट्रांसफर होने के भी सुबूत मिले हैं। उधर, पुलिस ने उसको दी गई सुरक्षा भी वापिस ले ली है। यही नहीं, पुलिस ने उसके चंडीगढ़ और फिरोजपुर के तीन बैंक खातों की भी जांच शुरू कर दी है।

**चार कारों के नहीं दे सकी दस्तावेज**

पुलिस पूछताछ में सत्कार कौर ने कहा कि वरना कार उसके बेटे की है जोकि उसने बेच दी है। कार किसको बेची, पैसा कहां पर है, बेचने का कोई दस्तावेज वह नहीं दे सकी।

**पति से पूछताछ की तैयारी**

सत्कार कौर ने पुलिस पूछताछ में कहा है कि वह अपने पति के साथ नहीं रहती। अधिकारियों के मुताबिक जांच में कुछ ऐसे तथ्य सामने आए हैं जिसके बाद सत्कार कौर के पति से पूछताछ करना जरूरी है।

**जानें कौन हैं सत्कार कौर**

बता दें कि सत्कार कौर कैप्टन सरकार में फिरोजपुर देहाती से विधायक चुनी गई थीं। सत्कार कौर पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की सरकार के दौरान फिरोजपुर देहाती से विधायक थीं। कैप्टन के भाजपा में शामिल होने के बाद 2022 में सत्कार कौर ने भी भाजपा का दामन थाम लिया था। पिछले वर्ष आय से अधिक संपत्ति के मामले में विजिलेंस ने सत्कार कौर और उनके पति जसमेल सिंह लाडी को गिरफ्तार किया था।


## चुनाव से पहले पुणे में चेकिंग के दौरान पकड़ी गई सोने की बड़ी खेप, कीमत 139 करोड़ रुपये

मुंबई, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव-2024 से पहले चुनाव आयोग की स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) ने 139 करोड़ रुपये की सोने की खेप पकड़ी है। यह सोने की खेप एक लॉजिस्टिक सर्विस फर्म के वाहन से पकड़ी गई है। हालांकि पुणे के एक ज्वैलर्स फर्म ने दावा किया है कि सोने की यह खेप वैध है। महाराष्ट्र के पुणे में एसएसटी को तैनात किया गया है। पुलिस उपायुक्त (जोन 2) स्मार्तना पाटिल ने बताया कि सहकारनगर इलाके में सीक्वल ग्लोबल प्रेशियस लॉजिस्टिक्स के एक टेम्पो अचानक रोका गया। तलाशी लेने पर पता चला कि टेम्पो में रखे बक्सों में आभूषण हैं। यह टैम्पो मुंबई से आया था। इसके बाद मामले की जानकारी आयकर विभाग और चुनाव अधिकारियों को दी गई। टेम्पो में मिले आभूषण की कीमत 139 करोड़ रुपये आंकी गई है। हर आभूषण के साथ जीएसटी चालान भी आभूषण कंपनी पीएन गाडगिल एंड संस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमित मोदक के मुताबिक आभूषणों की यह खेप वैध है। यह पुणे के विभिन्न सोनारों की दुकानों के आभूषण हैं। इसमें उनकी कंपनी का 10 किलोग्राम माल भी शामिल है। हर आभूषण के साथ जीएसटी का चालान भी जुड़ा है। मोदक ने कहा कि प्रत्येक वस्तु के साथ जीएसटी चालान जुड़ा हुआ है। यहां तक कि ड्राइवर को भी नहीं पता कि डिब्बों के अंदर क्या है। केवल भेजने वाले जौहरी और प्राप्तकर्ता जौहरी ही खेप के बारे में जानते हैं। इसमें हमारी शाखाओं द्वारा हमें भेजे गए पुराने सोने के आभूषण भी शामिल हैं।

## गाय को टक्कर मारने के बाद पलटा ट्रक, नीचे दबने से चार की मौत

बड़वानी, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले के सेंधवा में हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। देर रात हुए इस हादसे में एक गाय को टक्कर मारने के बाद ट्रक सड़क से गुजर रहे लोगों पर पलट गया। इससे चार लोग उसके नीचे दब गए, जिससे सभी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने क्रेन बुलवाकर ट्रक को हटवाया, जिसके बाद चारों शवों को बाहर निकाला गया। मरने वालों में एक परिवार के तीन लोग समेत अन्य व्यक्ति शामिल हैं। हादसे में गाय की भी मौत हुई है। बड़वानी जिले के सेंधवा नगर में गवर्नमेंट हाई स्कूल के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक रात करीब एक बजे पलट गया।

# कौन है लेडी डॉन अन्नू धनखड़? बर्गर किंग रेस्तरां हत्याकांड में नाम आने के बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार



नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। वेस्ट दिल्ली के राजौरी गार्डन में 19 जून 2024 की देर शाम 'बर्गर किंग' रेस्तरां में तीन अज्ञात हमलावरों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। इसकी जिम्मेदारी ढाई लाख रुपये का इनामी बदमाश और गैंगस्टर हिमांशु भाऊ ने ली थी। अब उसी मामले में दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिल्ली पुलिस ने बर्गर किंग रेस्तरां हत्याकांड मामले में गैंगस्टर हिमांशु भाऊ की कथित गर्लफ्रेंड और लेडी डॉन अन्नू धनखड़ को भारत-नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया। अन्नू धनखड़ बर्गर किंग शूटिंग मामले में मुख्य आरोपी है। इस हत्याकांड में अमन की मौत हुई थी। वह गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का हमराज भी है।

**कौन है अन्नू धनखड़?**

दरअसल, 19 वर्षीय अन्नू धनखड़ को 'लेडी डॉन' के नाम से जाना जाता है। वह राजौरी गार्डन में बर्गर किंग रेस्तरां में एक व्यक्ति की हत्या के बाद सुर्खियों में आई थी। इस मामले में वह मुख्य आरोपी है। पुलिस ने एक दिन पहले उसे यूपी के लखीमपुर खीरी में भारत-नेपाल सीमा के पास से गिरफ्तार किया। लेडी डॉन अन्नू धनखड़ एक घोषित अपराधी है। 18 जून 2024 की घटना के बाद से फरार चल रही थी। दिल्ली पुलिस उसकी तलाश में तभी से थी। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) अमित कौशिक के अनुसार अन्नू धनखड़ हरियाणा के रोहतक जिले की रहने वाली है।

## आप विधायक की पत्नी पर एफआईआर: फर्जी दस्तावेज बनाकर एनआरआई की कोठी पर कब्जा



लुधियाना, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) विधायक की पत्नी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने आरोपी महिला सहित सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मामले में सभी आरोपी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। लुधियाना के सनौर से आप विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा की पत्नी गुरप्रीत कौर गुरी समेत सात लोगों के खिलाफ ने सुधार थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि उक्त सभी आरोपियों ने बुजुर्ग एनआरआई नछत्तर सिंह की कोठी पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नाजायज कब्जा करने को कोशिश की। गुरप्रीत कौर गुरी ने इसी बजुर्ग एनआरआई नछत्तर सिंह के खिलाफ 20 अगस्त को शारीरिक छेड़छाड़ का केस दर्ज कराया था। हालांकि एनआरआई को मामले में अदालत से जमानत मिल गई थी। इसके बाद उनके बेटे संदीप सिंह जगपाल से कनाडा के मिसिसॉगा से जिला लुधियाना ग्रामीण पुलिस प्रमुख एसएसपी नवनीत सिंह बैंस को ईमेल पर शिकायत भेज कर कोठी पर कब्जा करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। पुलिस ने मामले की जांच की और आरोप सही पाए गए।

# बाबा सिद्दीकी की सीट से चुनाव लड़ेगा लॉरेंस? ये पार्टी कर रही लड़ाने की तैयारी, मांगा नामांकन पत्र



मुंबई, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने वाला है। इस चुनाव से पहले एक बार फिर जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर चर्चा तेज हो गई है। दरअसल, चुनाव आयोग के साथ पंजीकृत एक राजनीतिक दल उत्तर भारतीय विकास सेना ने लॉरेंस बिश्नोई की ओर से नामांकन दाखिल करने के लिए रिटर्निंग अधिकारी से एबी फॉर्म की मांग की। बता दें कि एबी फॉर्म नामांकन दाखिल करने के लिए एक आवश्यक और औपचारिक दस्तावेज है। उत्तर भारतीय विकास सेना के नेता सुनील शुक्ला पश्चिम बांद्रा निर्वाचन क्षेत्र से लॉरेंस बिश्नोई की तरफ से नामांकन दाखिल करना चाहते हैं। यह निर्वाचन क्षेत्र राकांपा के दिवंगत नेता बाबा सिद्दीकी का था। रिटर्निंग अधिकारी को लिखी चिट्ठी में सुनील शुक्ला ने दावा किया कि वे फॉर्म पर लॉरेंस बिश्नोई के हस्ताक्षर ले लेंगे। यह बिश्नोई की उम्मीदवारी को मान्य के लिए, एक आवश्यक कदम है। यह बात लॉरेंस बिश्नोई को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी टिकट देने की पेशकश के बाद कुछ दिन बाद की गई है। चिट्ठी में पार्टी ने यह भी दावा किया कि अगर लॉरेंस बिश्नोई ने मंजूरी दे दी तो वह जल्द ही 50 उम्मीदवारों की सूची जारी कर देंगे। लॉरेंस बिश्नोई फिलहाल गुजरात के साबरमती जेल में बंद है। हाल ही में राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को धमकी देने के मामले में उसका नाम चर्चा में आया था। पश्चिमी बांद्रा निर्वाचन क्षेत्र का उल्लेखनीय राजनीतिक महत्व है। दरअसल, यह बाबा सिद्दीकी का निर्वाचन क्षेत्र था। उत्तर भारतीय विकास सेना के नेता सुनील शुक्ला पहले खार पुलिस स्टेशन गए और फिर बलकरण बराड के नाम से नामांकन पत्र लेने के लिए रिटर्निंग अधिकारी के पास पहुंचे। दरअसल, लॉरेंस बिश्नोई का असली नाम बलकरण बराड़ है।

**एक ही चरण में होगा चुनाव**

288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुनाव 20 नवंबर को एक ही चरण में होंगे, जबकि विधानसभा चुनाव के मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। बता दें कि 2019 के विधानभा चुनावों में 288 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को सबसे ज्यादा 105 सीटें मिली थीं। वहीं, भाजपा की सहयोगी पार्टी शिवसेना को 56 सीटें आई थीं। दूसरी ओर एनसीपी को 54 सीटें जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस को 44 सीटें मिली थीं।

## इंदौर पुलिस के 'यमराज' की करंट लगने से मौत

### लोगों को कोरोना से जागरुक करने की स्टाइल से सुर्खियों में आए थे जवाहर सिंह जादौन



इंदौर, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंदौर पुलिस के 'यमराज' हेड कांस्टेबल जवाहर सिंह जादौन अब हमारे बीच नहीं रहे। अपनी गाय की सेवा करते समय वह करंट की चपेट में आ गए। इससे जवाहर सिंह जादौन और उनकी गाय की मौत हो गई। इंदौर पुलिस के चहेते पुलिसकर्मी की अकाल मृत्यु होने पर पुलिस महकमे में शोक की लहर फैल गई। कोरोना काल में शहरवासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से यमराज बनकर घूमने वाले इंदौर पुलिस के हेड कांस्टेबल जादौन सुर्खियों में आए थे। जवाहर सिंह जादौन बहुत जिंदादिल व्यक्ति थे। वह लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। पुलिस कार्यक्रमों में वह अक्सर अलग-अलग किरदार की भूमिका निभाते हुए घूमते थे। कोविड के अलावा वह दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनाने के लिए, जागरूक करने के उद्देश्य से भी कई बार यमराज बन चुके थे। इंदौर पुलिस में उनकी पहचान बतौर यमराज बनी हुई थी। जिस समय कोरोना के खौफ से पूरी दुनिया घर में कैद थी, उस समय लोगों को जागरूक करने के लिए जवाहर खुद यम बनकर यह संदेश दे रहे थे कि लोग घरों में रहें और बिना काम के बाहर न जाएं नहीं तो कोरोना के शिकार हो जाएंगे। वह लोगों से कहते थे कि हमारा सौभाग्य है कि देश में वैक्सीन लग रहा है, सभी लोग वैक्सीन लगवाएं। जानकारी के अनुसार, जवाहर सिंह क्राइम ब्रांच में बतौर हेड कांस्टेबल अपनी सेवाएं दे रहे थे। वह जूनी इंदौर पुलिस लाइन में रहते थे। अपने घर के पास ही उन्होंने एक छोटा सा बाड़ा बना रखा था। जिसमें उन्होंने एक गाय रखी हुई थी। वह हर दिन गौसेवा करते थे।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 कांग्रेस की दूसरी सूची में 23 नाम



मुंबई, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के कांग्रेस ने दूसरी सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में कुल 23 नाम हैं। इससे पहले कांग्रेस ने पहली सूची में 48 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया था। इस लिहाज से पार्टी अब तक महाराष्ट्र में 71 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार चुकी है। महाराष्ट्र में कुल 288 सीटें हैं और यहां कांग्रेस पार्टी महाविकास अघाड़ी गठबंधन का हिस्सा है। इस गठबंधन में कांग्रेस के अलावा शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) भी शामिल हैं। तीनों पार्टियां यहां मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। ऐसे में तीनों पार्टियां 90-90 सीटों पर चुनाव लड़ सकती हैं। वहीं, बची हुई 18 सीटें गठबंधन के अन्य दलों को दी जा सकती हैं। कांग्रेस के अलावा एनसीपी (शरद पवार) और शिवसेना (यूबीटी) भी अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुके हैं। उद्धव ठाकरे के गुट की शिवसेना 80 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। वहीं, शरद पवार की एनसीपी ने उम्मीदवारों की पहली सूची में नौ नाम शामिल किए थे। जल्द ही महाविकास अघाड़ी अन्य सीटों पर भी अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान करेगा।


**सुनील केदार की पत्नी अनुजा सुनील केदार को टिकट**

सावनेर विधानसभा से सुनील केदार की पत्नी अनुजा सुनील केदार को टिकट मिला है। सुनील केदार कांग्रेस के सावनेर से विधायक और मंत्री भी रह चुके हैं। एनडीसीसी (नागपुर डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक) में 117 करोड़ के घोटाले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने सुनील को पांच साल की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उन्हें विधायक पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके साथ ही रिप्रेजेन्टेशन ऑफ पीपल्स एक्ट के तहत पांच साल तक उनके चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगाई गयी थी। सुनील केदार ने हाईकोर्ट में फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की थी, लेकिन कोर्ट से उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी।



# महंगाई का खतरा बरकरार

## आरबीआई गवर्नर बोले- हम इसे कंट्रोल कर लेंगे



नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)।भारतीय इकोनॉमी में इस समय उठापटक जारी है। एफआईआई देश छोड़कर बाहर निकल रहे हैं। इसके चलते पिछले कई दिनों से स्टॉक मार्केट में भी भारी गिरावट देखी जा रही है। महंगाई का आंकड़ा भी ऊपर की ओर जा रहा है। हालांकि, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को पूरा यकीन है कि महंगाई को कंट्रोल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में चल रही कई समस्याओं के चलते महंगाई पर दबाव बना हुआ है। मगर, देश में महंगाई और ग्रोथ का सामंजस्य बना हुआ है। भारतीय इकोनॉमी मजबूत स्थिति में है। महंगाई पर चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही तक काबू कर लिया जाएगा।

**मोनेट्री पॉलिसी कमेटी का फोकस महंगाई पर**

शक्तिकांत दास के अनुसार, मौसम की अनिश्चितता और जियोपॉलिटिकल समस्याओं के चलते महंगाई का आंकड़ा हमारे लक्ष्य 4 फीसदी से ऊपर गया है। इसमें जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान सुधार दिखाई देगा। मुंबई में आयोजित मैक्रो वीक 2024 को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय इकोनॉमी की स्थिरता और मजबूती ने मोनेट्री पॉलिसी कमेटी को फिलहाल ब्याज दरों के अलावा महंगाई पर भी फोकस रखने का मौका दिया है। कोविड 19 के दुष्प्रभावों के बावजूद पिछले तीन वित्त वर्ष से हमने करीब 8 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर को बनाया हुआ है। वित्त वर्ष 2025 में भी इसके करीब 7.2 फीसदी रहने का अनुमान है।

**आईएमएफ वर्ल्ड बैंक आर्थिक संकट को लेकर सावधान**

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि घरेलू मांग में इजाफा होता जा रहा है। साथ ही देश में मैन्युफैक्चरिंग भी बढ़ रही है। निजी निवेश भी देश में बढ़ता जा रहा है। सरकार ने पूंजीगत व्यय बढ़ाने और बैंकों की आर्थिक सेहत को मजबूत रखने पर ध्यान दिया है। एनबीएफसी भी बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। कॉरपोरेट सेक्टर भी निवेश बढ़ाकर देश की तरक्की में अपना योगदान दे रहा है। कृषि क्षेत्र में विकास से ग्रामीण इलाकों में भी डिमांड बढ़ने की पूरी उम्मीद है। दुनिया में पैदा हो रहे आर्थिक संकट से निपटने के लिए इंटरनेशनल मोनेट्री फंड और वर्ल्ड बैंक मिलकर काम कर रहे हैं।

# व्यापारियों के लिए राहत,सरकार ने आईटीआर फाइल करने की बढ़ाई डेडलाइन




नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिवाली से पहले भारतीय व्यापारियों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स ने कॉरपोरेट्स के लिए असेसमेंट ईयर 2024-25 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा बढ़ा दी है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि कॉरपोरेट्स के पास अब इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने के लिए 15 नवंबर, 2024 तक का समय है, जो 31 अक्टूबर, 2024 की मूल समय सीमा से बढ़ा है। आइए समझते हैं कि इससे क्या फायदा होगा और इसको लेकर नियम क्या कहता है?

**सरकार ने कही ये बात**

सरकार के तरफ से कहा गया है कि यह विस्तार इनकम टैक्स अधिनियम, 1961 की धारा 139 की उप-धारा (1) के तहत आने वाले टैक्सपेयर्स पर लागू होता है। विशेष रूप से यह विस्तार सरकार द्वारा टैक्स ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की समय सीमा को 30 सितंबर, 2024 की इनिशियल टाइम पीरियड से बढ़ाकर 7 अक्टूबर, 2024 करने के बाद आया है।

**क्या कहता है नियम?**

बता दें कि इनकम टैक्स कानून के तहत कुछ टैक्सपेयर्स को इनकम टैक्स ऑडिट कराना होता है और असेसमेंट ईयर के 30 सितंबर तक रिपोर्ट जमा करनी होती है। नांगिया एंडरसन एलएलपी टैक्स पार्टनर संदीप झुनझुनवाला ने मीडिया को बताया कि यह विस्तार टैक्स ऑडिट रिपोर्ट, फॉर्म 3सीईबी में ट्रांसफर प्राइसिंग सर्टिफिकेशन और फॉर्म 10डीए जैसे अन्य इनकम टैक्स फॉर्म पर लागू नहीं होगा, जिसके लिए समय सीमा 31 अक्टूबर, 2024 रहेगी।

# इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी

**सोना 605 रुपए बढ़कर 78,015 रुपए पर पहुंचा, चांदी 95,800 रुपए प्रति किलो बिक रही**

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 19 अक्टूबर को सोना 77,410 रुपए पर था, जो अब (26 अक्टूबर) को 78,015 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 605 रुपए बढ़ी है।

वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को ये 92,283 रुपए पर थी, जो अब 95,800 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस हफ्ते इसकी कीमत 3,717 रुपए बढ़ी है। इससे पहले इसी हफ्ते 23 अक्टूबर को सोने ने 78,703 रुपए और चांदी ने 99,151 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,440 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,290 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 73,600 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 80,290 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,290 रुपए है।



**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,340 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 79,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 72,950 रुपये है।

**साल के आखिर तक 79 हजार तक जा सकता है सोना**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार जियोपॉलिटिकल टेंशन और फस्टिव सीजन शुरू होने से सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इससे आने वाले दिनों में सोने-चांदी में बढ़त देखने को मिल सकती है।

# एक महीने में 30 लाख सब्सक्राइबर्स!

## बीएसएनएल ने कर दिया कमाल, एयरटेल, वोडा और जियो का बुरा हाल




नई दिल्ली,26 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्राइवेट टेलिकॉम कंपनियों के साथ होड़ में पिछड़ने वाली सरकारी कंपनी बीएसएनएल के दिन अब फिरने लगे हैं। पिछले कुछ महीनों में कंपनी के सब्सक्राइबर्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के हाल में टैरिफ बढ़ाए जाने के बाद बड़ी संख्या में ग्राहक बीएसएनएल का रुख कर रहे हैं। टेलिकॉम रेगुलेटर ट्राई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक बीएसएनएल के कस्टमर बेस में पिछले दो महीनों से बढ़ोतरी हो रही है। इसमें कम टैरिफ और 4जी सर्विसेज के 'सॉफ्ट लॉन्च' का भी योगदान है। जुलाई में बीएसएनएल ने करीब 30 लाख नए ग्राहक जोड़े जबकि रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया सहित अन्य सभी कंपनियों के यूजर्स की संख्या में गिरावट आई। एयरटेल ने 17 लाख, वोडा आइडिया में 14 लाख और जियो में लगभग 8 लाख यूजर गंवाए। अगस्त में भी बीएसएनएल ही एकमात्र ऐसी कंपनी थी जिसके ग्राहकों की संख्या में तेजी आई। बीएसएनएल ने इस महीने 25 लाख नए ग्राहक जोड़े। इस दौरान जियो ने 40 लाख, एयरटेल ने 24 लाख और वोडा आइडिया ने 19 लाख यूजर्स गंवाए।

**मार्केट शेयर**

हालांकि कुल मिलाकर बीएसएनएल की बाजार हिस्सेदारी अब भी अपने बड़े निजी प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में बहुत कम है। इस साल अगस्त के अंत में 40.5% की हिस्सेदारी के साथ जियो सबसे आगे है जबकि एयरटेल की बाजार हिस्सेदारी 33% और वोडा आइडिया की 18% है। ट्राई ने कहा कि बीएसएनएल की हिस्सेदारी अभी 7.8% है। अगर इसमें एमटीएनएल की 0.2% हिस्सेदारी भी जोड़ दी जाए तो यह 8% हो जाती है। बीएसएनएल का टैरिफ इंडस्ट्री में सबसे कम हैं। एवरेज रेवेन्यू पर यूजर स्कोर से भी यह बात साबित होती है। एयरटेल के एआरपीयू 211 रुपये, जियो का 195 रुपये और वोडा आइडिया का 146 रुपये है। इसकी तुलना में बीएसएनएल का एआरपीयू करीब 90 रुपये है। साफ है कि यह सरकारी कंपनी उपभोक्ताओं से सबसे कम टैरिफ वसूल रही है। कम टैरिफ की एक वजह यह भी है कि कंपनी ने अभी तक आधिकारिक तौर पर हाई-स्पीड 4जी लॉन्च नहीं किया है। दूसरी ओर जियो और एयरटेल जैसे निजी ऑपरेटरों ने अपने यूजर्स के एक बड़े हिस्से को 5जी में ट्रांसफर कर दिया है।

**घरेलू कंपनियों पर भरोसा**

वोडा आइडिया एकमात्र निजी कंपनी है जो अभी भी 4जी पर है। हाल ही में फंड जुटाने के बाद यह अब कंपनी 5जी पर जाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। बीएसएनएल का 4जी 'इंडिया स्टैक' विकसित करने के सरकार के प्रयासों की सफलता पर टिका है। कंपनी ने नेटवर्क अपग्रेडेशन का काम एक स्थानीय कंसोर्टियम को सौंपा गया है जिसमें टाटा ग्रुप की टीसीएस और तेजस नेटवर्क तथा सरकारी कंपनी सी-डॉट शामिल है।

# दिवाली से पहले होटल, रेस्टोरेंट से लेकर रसोई तक लगी आग

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। मौजूदा त्योहारी सीजन के दौरान खाने के तेल की कीमतों में इजाफा देखने को मिला है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीते एक महीने में पाम ऑयल की कीमतों में 37 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है। जिसकी वजह से घरेलू बजट पर असर पड़ा है। साथ रेस्तरां, होटल और मिठाई की दुकानों की कॉस्ट बढ़ गई है, जो तेल का उपयोग स्नैक्स तैयार करने के लिए करते हैं। घरों में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाला सरसों के तेल की कीमत में इसी अवधि में 29 फीसदी की वृद्धि देखी गई है।

**क्यों हुआ इजाफा**

तेल की कीमतों में यह वृद्धि तब हुई है जब सब्जियों और खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों के कारण सितंबर में खुदरा महंगाई 9 महीने के हाई 5.5 फीसदी पर पहुंच गई थी। जिसके बाद भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा फिलहाल ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम हो गई है। सरकार ने पिछले महीने क्रूड सोयाबीन, पाम और सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क बढ़ा दिया था, जिससे कीमतों में बढ़ोतरी हुई। 14 सितंबर से क्रूड पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क 5.5 फीसदी से बढ़ाकर 27.5 फीसदी और रिफाइंड फूड ऑयल पर 13.7 फभ्सदी से बढ़ाकर 35.7 फीसदी कर दिया गया।



**ग्लोबली कीमतों में तेजी**

अधिकारियों ने बताया है कि क्रूड पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी ऑयल के ग्लोबल प्राइस पिछले महीने में क्रमशः लगभग 10.6 फीसदी, 16.8 फीसदी और 12.3 फीसदी बढ़ी हैं। भारत अपनी खाद्य तेल मांग का लगभग 58 फीसदी इंपोर्ट करता है और वनस्पति तेलों का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और सबसे बड़ा इंपोर्ट है। उपभोक्ताओं को अगले कुछ महीनों तक ऊंची कीमतों का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि आयात शुल्क कम करने की संभावना कम लगती है। सरकार ने पहले कहा था ये समायोजन घरेलू तिलहन किसानों को बढ़ावा देने के सरकार के चल रहे प्रयासों का हिस्सा हैं, खासकर नई सोयाबीन और मूंगफली की फसल अक्टूबर 2024 से बाजारों में आने की उम्मीद है।

# रतन टाटा जैसा सादा जीवन जीतें हैं राममूर्ति त्यागराजन

**लाखों करोड़ की कंपनी का मालिक चलाते हैं सिर्फ 6 लाख की कार**



नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। टाटा समूह के मानद चेयरमैन रहे रतन टाटा को लोग उनकी सादगी के लिए जानते हैं। अपने जीवन के आखिरी दिनों में वह सामान्य से घर में रहे और सिर्फ टाटा नैनो जैसी कार से चलते रहे। जबकि उनके पास खुद टाटा मोटर्स और जगुआर लैंड रोवर जैसी कार कंपनी थी। कुछ इसी तरह का जीवन ये बिजनेसमैन भी जीता है, जो 1.5 लाख करोड़ की कंपनी का मालिक है, लेकिन खुद सिर्फ 6 लाख रुपए की कार में चलता है। यहां बात हो रही है श्रीराम ग्रुप के फाउंडर राममूर्ति त्यागराजन की। उनके ग्रुप का साइज आज 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो चुका है।

इतना बड़ा आदमी होने के बावजूद वह काफी सादा जीवन जीते हैं। यहां तक कि वह कोई फोन भी अपने पास नहीं रखते हैं। राममूर्ति त्यागराजन का जन्म तमिलनाडु के एक किसान परिवार में हुआ था। बचपन से ही उन्हें सादगी और बराबरी का माहौल पसंद था। राममूर्ति त्यागराजन पढ़ाई में बहुत अच्छे थे। उन्होंने चेन्नई में गणित की पढ़ाई की और कोलकाता के भारतीय सांख्यिकी संस्थान में भी कुछ साल बिताए। 1961 में उन्होंने न्यू इंडिया एश्योरेंस में काम करना शुरू किया और 20 साल तक फाइनेंस की फील्ड में अलग-अलग कंपनियों में नौकरी की। राममूर्ति त्यागराजन के श्रीराम ग्रुप स्टार्ट करने का किस्सा भी बहुत इंट्रेस्टिंग है। उन्होंने देखा कि बैंक गरीब लोगों को कर्ज देने में दिक्कत करते है। खासकर छोटे ट्रक ड्राइवर्स और छोटे व्यापारियों को लोन लेने में दिक्कत आती है। इस मुश्किल को हल करने के लिए उन्होंने 37 साल की उम्र में अपने दोस्तों और परिवार के साथ मिलकर श्रीराम चिट्स कंपनी की शुरुआत की। उनकी कंपनी ने उन लोगों की मदद की जिनको बड़े बैंक लोन देने में कतराते थे। यही मॉडल उन्हें कामयाबी तक ले गया और आज श्रीराम ग्रुप में करीब 108,000 लोग काम करते हैं।राममूर्ति त्यागराजन ने 2006 में अपनी कंपनी के शेयर कर्मचारियों के नाम कर दिए, जिसे श्रीराम ओनरशिप ट्रस्ट कहते हैं। उनका मानना है कि असली खुशी पैसा जमा करने में नहीं, बल्कि लोगों की मदद करने और समाज में कुछ अच्छा करने में है। उनकी सोच ने श्रीराम ग्रुप को एक ऐसा भरोसेमंद ब्रांड बना दिया है, जो हमेशा आम लोगों के साथ खड़ा रहता है।

# दो साल बाद फिर घाटे में आई इंडिगो

## देश की सबसे बड़ी एयरलाइन को कैसे लगा फटका?




नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 986.7 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि ठप विमानों और ईंधन की ऊंची कीमतों के कारण उसे यह घाटा हुआ है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 188.9 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। दो साल में पहली बार कंपनी को घाटा हुआ है। जून तिमाही में 2,728 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। शुक्रवार को इंडिगो के शेयर एनएसई पर 3.2% गिरकर 4,373.70 रुपये पर बंद हुए। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि एयरलाइन का ग्रोथ और विस्तार जारी रहा। सितंबर तिमाही में इसकी इनकम 14.6 प्रतिशत बढ़कर 17,800 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से कमजोर दूसरी तिमाही में, ठप विमानों और ईंधन लागत से संबंधित प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण परिणाम और भी प्रभावित हुए। हमने एक नया मोड़ लिया है क्योंकि ठप विमानों की संख्या और संबंधित लागत में कमी आनी शुरू हो गई है। सितंबर तिमाही में एयरलाइन की ईंधन लागत 12.8 प्रतिशत बढ़कर 6,605.2 करोड़ रुपये हो गई। इस बीच, परिचालन से होने वाला राजस्व समीक्षाधीन तिमाही में साल-दर-साल 14% बढ़कर 16,970 करोड़ रुपये हो गया। बाजार को उम्मीद थी कि इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन घाटे की रिपोर्ट करेगा लेकिन इतने अधिक घाटे का अनुमान नहीं था। ईटी नाउ के एक सर्वेक्षण में एयरलाइन के घाटे को लगभग 219 करोड़ रुपये बताया गया था। दूसरी तिमाही में कंपनी का यात्री टिकट से रेवेन्यू 14,359 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल की समान तिमाही से 10% अधिक है। कंपनी ने घोषणा की कि वह दो सप्ताह में अपना बिजनस क्लास शुरू करने की तैयारी में है। इसका लक्ष्य ग्राहकों को एक नया अनुभव प्रदान करना है। कंपनी को उम्मीद है कि तीसरी तिमाही में उसका प्रदर्शन बेहतर रहेगा। एयरलाइन के बेड़े में 410 विमान हैं।

# इस्राइल-ईरान युद्ध का असर दिल्ली की अनाज मंडियों पर

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। नरेला अनाज मंडी में धान की फसल की शुरुआत हो गई है, लेकिन किसान और व्यापारियों की उम्मीदों पर बाजार खड़ा नहीं उतर रहा है। इस्राइल और ईरान सहित गाजा में शुरू हुए युद्ध के बीच गल्फ कंट्री की उथल-पुथल का असर एशिया की सबसे बड़ी अनाज मंडी कहे जाने वाली नरेला अनाज मंडी पर भी पड़ रहा है। पिछले साल के मुकाबले इस साल यहां किसानों को मिलने वाले धान के दामों में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। यह गिरावट 25 से 30 परसेंट तक बताई जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि गल्फ कंट्री से चावल के डिमांड कम आने से यहां फसलों की खरीद नहीं हो पा रही है। दूसरी तरफ इस बार देश में खराब मौसम की वजह से फसलों की पैदावार भी कम हुई है। इसके कारण मंडी में करीब 30 से 40 परसेंट धान कम हो गई है। यहां काम करने वाले व्यापारियों ने बताया कि पिछले साल अक्टूबर-नवंबर के महीने में नरेला अनाज मंडी में प्रतिदिन 50 से 60 हजार क्विंटल धान मंडी में पहुंचता था जो कि इस बार घटकर 30 से 35000 क्विंटल प्रतिदिन ही रह गया है। नरेला अनाज मंडी में फसलों के कम आवक की मुख्य वजह यहां के व्यापारी नरेला से सटे हरियाणा के मंडियों में किसानों को सामान्य रेट मिलना भी बता रहे हैं।

**चावल मिल बंद**

व्यापारी शिवकुमार बिट्टू ने बताया कि दिल्ली में लगातार पल्यूशन के कारण दिल्ली के चावल मिल बंद कर दिए गए हैं।

अब अधिकांश चावल मिल हरियाणा और दूसरे राज्यों में शिफ्ट हो गए हैं। व्यापारी अब वहीं की मंडियों में पहुंचकर धान की खरीद करते हैं। इसमें मुख्य रूप से हरियाणा का सोनीपत, पानीपत, खरखौदा, समालखा, कुरुक्षेत्र जैसी मंडी शामिल हैं। दिल्ली में मास्टर प्लान के अनुसार अब किसान नहीं हैं। इस मंडी में नगद खरीद-बिक्री होती थी। लिहाजा हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड राजस्थान और कई राज्यों से लोग फसलों को बेचने के लिए आते थे, लेकिन अब यह चावल मिल भी नहीं होने के कारण और अन्य वजह से किसान अपने फसलों को उत्तर प्रदेश और हरियाणा की मंडियों में ही बेचना पसंद करते हैं।

फसल बेचने आए एक किसान जगतार सिंह ने बताया कि पिछले साल के मुकाबले इस बार उनके धान के दाम उन्हें कम मिले हैं। किसान इस मंडी में नगद भुगतान और अच्छे रेट के लिए पहले आते थे, लेकिन इस बार न तो किसानों में अधिक रुचि दिखाई दे रही है और न ही मंडी में बेहतर फसलों के भाव मिल रहे हैं। हालांकि मंडी प्रशासन का कहना है कि 22 तारीख को केंद्र सरकार की तरफ से लिए गए निर्यात पर लगने वाले 10 परसेंट सेंस खत्म करने के फैसले के बाद से मंडी में फसलों के दाम बढ़ने की उम्मीद है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2550,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-16
सूर्यास्त. -17-43
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | तुला | मे | तुला-- | 05-34 बजे |
| चंद्र- | सिंह | मे | वृश्चिक- | 07-44 बजे |
| मंगल | कर्क | मे | धनु---- | 09-57 बजे |
| बुध- | तुला | मे | मकर... | 12-03 बजे |
| गुरु- | वृष | मे | कुंभ- | 13-54 बजे |
| शुक्र- | वृश्चिक | मे | मीन- | 15-32 बजे |
| शनि- | कुंभ | मे | मेष--- | 17-08 बजे |
| राहु- | मीन | मे | वृष--- | 18-53 बजे |
| केतु- | कन्या | मे | मिथुन | 20-54 बजे |
| | | | कर्क-- | 23-05 बजे |
| | | | सिंह--- | 01-18 बजे |
| | | | कन्या-- | 03-25 बजे |

दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- एकादशी 07-50 पूर्ण है दुसरे दिन तक
मास - कार्तिक कृष्ण , रविवार 27 October
नक्षत्र - मघा 12-23 तक उपरान्त पूर्वाफाल्गुनी
योग - ब्रह्म 06-46 अहोरात्र है
करण- बव 18-35 तक उप बालव
विशेष:-
व्रत -त्योहार - गण्ड मूल नक्षत्र

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल 16:19 से 17:46 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:16 - 07:40 | अशुभ | शुभ. | 17:43 - 19:19 | शुभ |
| चंचल | 07:40 - 09:07 | शुभ | अमृत | 19:19 - 20:53 | शुभ |
| लाभ. | 09:07 - 10:33 | शुभ | चंचल | 20:53 - 22:26 | शुभ |
| अमृत | 10:33 - 11:59 | शुभ | रोग | 22:26 - 23:59 | अशुभ |
| काल | 11:59 - 13:26 | अशुभ | काल. | 23:59 - 01:34 | अशुभ |
| शुभ | 13:26 - 14:53 | शुभ | लाभ. | 01:34 - 03:07 | शुभ |
| रोग | 14:53 - 16:19 | अशुभ | उत्पात | 03:07 - 04:41 | अशुभ |
| उत्पात | 16:19 - 17:43 | अशुभ | शुभ | 04:41 - 06:16 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आप सच्चे और ईमानदार लोगों से मिलना पसंद करते हैं ।लेकिन आज आपकी मुलाक़ात उनसे होगी जो मुखौटे लगाये रखते हैं । उन्हें पहचानने की कोशिश करें । आपसे जल्दी फैसले लेना समय की मांग रहेगी । किसी भी फैसले को अंतिम रूप देने से पहले अच्छी तरह सोच लें और फैसले लेने तक कोई भी अन्य काम न करें ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
दिन की शुरुआत उलझन से होगी । आज कोई आध्यात्मिक प्रवृति वाला व्यक्ति आपके बचाव में आयेगा,आपका मार्गदर्शन करेगा । आप उसकी नेक सलाह मान सकते हैं । आज किसी तीर्थ की यात्रा भी कर सकते हैं । दोपहर बाद दिन अच्छा गुजरेगा,दोस्तों के साथ समय बीतेगा ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
संचार कुशलता आपकी विशेषता है,आप किसी दोस्त या करीबी से आज कोई ऐसी बात बांटना चाहेंगे जो आप काफी लम्बे समय से सोच रहे हैं । आज अपने गुस्से और निराशा को बाहर निकलने दें । बात करते हुए कोई समाधान भी मिल सकता है ,लेकिन बातें दिल खोलकर करें । दिन के अंत में कोई चोंकाने वाली खबर मिल सकती है ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आपसे सामजिक संपर्कों पर और ध्यान देने की अपेक्षा है ।आपके आकर्षक व्यक्तित्व का सबपर प्रभाव पड़ेगा । इसके अलावे आपको उन लोगो पर भी ध्यान दें जो आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुक्सान पहुंचा रहे हैं । अपनी व्यस्त कार्यशैली के बावजूद सेहत का ध्यान रखें ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज आपको दूसरों पर विश्वास करना होगा । यह आपका कोई करीबी या कोई दोस्त हो सकता है और वः आपकी किसी ऐसे विशेष काम में मदद करेगा जिससे आपके भविष्य पर काफी प्रभाव पड़ेगा । लेकिन इसके लिए सबसे जरुरी यह होगा की आप उस व्यक्ति में विश्वास बनाये रखें । आपको अपनी ही तरफ से विश्वास की पहल करनी होगी ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आपके जीवन में एक नई उर्जा का प्रवेश होगा। आपको अचानक यह लगने लगेगा कि जीवन में परिवार तथा करियर में संतुलन बनाना काफी आसान हो गया है । आपकी सारी हिचकिचाहट दूर हो जाएगी और आपके सब कामो में नया आत्मविश्वास दिखाई देगा । आप घर या कार्यस्थल पर किसी करीबी की असमंजस की भावना को भी आज दूर कर पायेंगे ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से अच्छा है ।आप अपना कुछ नया शुरू कर सकते हैं ,काफी समय लेने वाला अपना कोई अधूरा काम पूरा कर सकते हैं ,या कोई ऐसा काम जिसे आप लम्बे समय से टाल रहे हैं,को भी शुरू कर सकते हैं ।आज शाम खेल और मौज मस्ती के नाम रहेगी ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आपको आज खुद का ही चिंतन करना है । आपके जीवन में इस समय सब कुछ सही चल रहा है ,फिर भी आपको एक प्रकार की बेचैनी महसूस हो रही है जिसे आप व्यक्त नही कर पा रहे । इसका एकमात्र समाधान यह है कि आप खुद के बारे में शांत दिमाग से सोचें जिससे आपको अपनी स्थितियों को बेहतर तरीके से देखने में मदद मिलेगी और आप सही समाधान खोज पायेंगे ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आपकी सफलता हासिल करने की इच्छा आज और बलवती होती जायेगी । आप आज अपनी लिखित और वक्ता कला में सुधार के लिए कोशिश कर सकते हैं । सफलता के लिए महत्वपूर्ण टिप्स पढ़ें या किसी कुशल आदमी से मार्गदर्शन ले लें । हालाँकि इन सबके चक्कर में उनकी भी उपेक्षा ना करें जो लम्बे समय से आपके ध्यान और समय की प्रतीक्षा में हैं ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
अपने जीवन पर नियंत्रण रखें और और सब के कहने या कुछ करने की कोई भी परवाह ना करें । इसके स्थान पर आराम से खुद की इच्छाओं और आवश्यकताओं को समझने की कोशिश करें और उन का विश्लेष्ण करें ताकि किसी स्पष्ट निष्कर्ष पर पहुंच सकें । इस बात का विशेष ध्यान रखें की आपके फैसले से ऐसी किसी व्यक्ति को दुःख न हो जो आप पर भावनात्मक रूप से निर्भर है।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आप आज उल्लास और कुछ कर गुजरने के मूड में हैं । आपके सामने आज भुत से अवसर आयेंगे और आप उनका पूरा लाभ उठाने के लिए बहुत उत्साह में हैं । आज अगर आप अपने दिल की सुनेंगे तो वित्तीय,निजी जीवन तथा संबंधों में भी बहुत सफलता मिलेगी । आज दिन घटनाओं भरा रहेगा और आप इसका हरपल आनंद उठाएंगे ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आपकी प्रवृतियाँ आज काफी सक्रिय रहेंगी और आपको उनकी सुनकर ही आज आगे बढ़ाना चाहिए। यहां तक की अगर आपके आसपास हर किसी की राय अलग है तो भी आप उनकी ना सुनकर अपने ही मन की सुनें । आपके लिए शायद अभी यह कर पाना काफी मुश्किल होगा लेकिन आपको इसका लाभ मिलेगा । आपको अपनी आँखें और कान खुले रखकर अपने रास्ते में आने वाले अवसरों को पकड़ना है ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# रायपुर एम्स में एआई की मदद से होगा इलाज

## राष्ट्रपति बोलीं– आईआईटी भिलाई ने बनाया ऐप मरीज की पुरानी बीमारी डायग्नोस करने में मिलेगी मदद

रायपुर/भिलाई, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। दो दिनी छत्तीसगढ़ दौरे के आखिरी दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आईआईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। उन्होंने 7 छात्रों को गोल्ड मेडल दिया। इस दौरान राष्ट्रपति ने बताया कि आईआईटी भिलाई ने एम्स के लिए मोबाइल ऐप तैयार किया है, एम्स में एआई की मदद से डॉक्टर्स को मरीज की पुरानी बीमारी डायग्नोस करने में मदद मिलेगी।



राष्ट्रपति मुर्मू भिलाई से रायपुर के आयुष विश्वविद्यालय के दीक्षांत में शामिल होकर शाम 5 बजे दिल्ली लौटेंगी। इससे पहले सुबह रायपुर के जगन्नाथ मंदिर में उन्होंने पूजा-अर्चना कीं। दौरे के पहले दिन शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रायपुर में एम्स और एनआईटी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं थीं।

राष्ट्रपति ने कहा कि आईआईटी भिलाई ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एम्स रायपुर से मिलकर मोबाइल ऐप तैयार किया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मदद मिल रही है। 6 लाख किसान मोबाइल ऐप का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो कि आईआईटी के सहयोग से तैयार हुआ है। यहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा दी जा रही है, पिछले 6 दशकों से देश के आईआईटी संस्थान से निकले क्षात्रों ने देश के विकास में अपनी पहचान बनाई है। (एम्स) में डॉक्टरों को गंभीर रूप से बीमार मरीजों की कई रिपोर्ट का निष्कर्ष और इलाज प्रोटोकॉल अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से उपलब्ध होगा। एम्स के लिए आईआईटी भिलाई ने हाईब्रिड डिजिटल हेल्थ केयर टेक्नोलॉजी प्लेटफार्म स्मार्ट-ईआर विकसित किया है। कोई रोगी जो सीने में दर्द की शिकायत लेकर आतें है तो उसके लक्षणों और शुरुआती जांच रिपोर्ट के आधार पर पता चल सकेगा कि रोगी को हार्टअटैक हुआ है या मायोकार्डियल इंफेक्शन से ग्रस्त है। इस आधार पर तुरंत ही इलाज प्रदान किया जा सकेगा। 2023 के बीटेक स्टूडेंट शाश्वत जायसवाल, मधुर भट्ट, सत्यविक्रम प्रताप सिंह, अंजना कानन और साल 2024 बीटेक स्टूडेंट नोमान आलम खेरानी, यश टेकचंदानी, सिदाग्राम रोहित, विधि मित्तल।

आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने बताया कि इस बार सीनेट पुरस्कार 31 छात्रों को दिया गया। 2023 बैच में 13 पीएचडी होल्डर, 11 एमएससी, 27 एमटेक, 13 बीटेक आनर्स और 123 बीटेक स्नातक शामिल हैं। जबकि 2024 बैच में 8 पीएचडी, 20 एमएससी, 19 एमटेक, 12 बीटेक आनर्स और 150 बीटेक छात्रों को डिग्री दी गई। पहले दिन शुक्रवार को राष्ट्रपति ने महतारी वंदन योजना की 9वीं किस्त भी जारी की। 70 लाख महिलाओं के खाते में 651 करोड़ 37 लाख रुपए का भुगतान किया गया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से भी चर्चा की। महतारी योजना की लाभार्थी बस्तर की ममता ने उन्हें बताया कि योजना से मिले रुपयों से उन्होंने साड़ी खरीदी।

राष्ट्रपति ने इस पर हंसते हुए पूछा कि सिर्फ साड़ी ही खरीदी या अपने बच्चों के लिए भी कुछ किया? वहीं अभनपुर की सत्यवती ने उन्हें बताया कि इन पैसों के मिलने से वह खुद को स्वावलंबी महसूस करती हैं।

# बलरामपुर बवाल, थाने में हमला-तोड़फोड़ पर एफआईआर

## पुलिस–कस्टडी में हुई थी स्वास्थ्यकर्मी की मौत, शव का किया गया अंतिम संस्कार, पीड़ित परिवार से मिलेंगे बैज

बलरामपुर, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में पुलिस कस्टडी में हुई स्वास्थ्यकर्मी गुरुचरण मंडल की मौत को लेकर दो दिनों तक हंगामा चला। आज उनके शव का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं, थाने में हमला और तोड़फोड़ करने वालों पर एफआईआर दर्ज की गई है। स्वास्थ्यकर्मी गुरुचरण मंडल के गृहग्राम संतोषीनगर में आज हालात सामान्य है। संतोषी नगर में करीब 500 पुलिसकर्मी सड़कों पर तैनात हैं। बलरामपुर में भी पुलिस बल मौजूद है। आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पीड़ित परिवार से मिलने जाएंगे। शुक्रवार को शव गृहग्राम ले जाने के दौरान लोग आक्रोशित हो गए। भीड़ ने पुलिसकर्मियों पर पथराव कर दिया। भीड़ को कंट्रोल करने पहुंची एएसपी निमिषा पांडे पर भी महिलाओं ने हमला कर दिया था। एएसपी को एक महिला चप्पल से मारती नजर आई थी। हमला और पथराव के दौरान भाग रही निमिषा पांडेय दो बार गिर गईं और घायल हो गई। वे जशपुर में एएसपी हैं। उन्हें बलरामपुर में ड्यूटी में तैनात किया गया है। इससे पहले, मृतक का शव लेने से परिवारजनों और



बंगाली समाज ने इनकार कर दिया था। जनप्रतिनिधियों के साथ बाहर से आए पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद रात करीब 8 बजे परिजन-ग्रामीण शव लेने और अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए, जिसके बाद सुरक्षा के बीच डेडबॉडी गृहग्राम संतोषी नगर लेकर आए थे। गुरुवार रात भी बलरामपुर थाने में लोगों की भीड़ ने हमला बोल दिया। देर रात तक हंगामे के बाद थाने और एसपी कार्यालय के सामने हाईवे पर कर प्रदर्शन कर रहे लोगों की भीड़ को पुलिस ने हटाया। एसपी ने बलरामपुर थाना प्रभारी और आरक्षक को सस्पेंड कर दिया है। इस मामले में बलरामपुर पुलिस ने पहली एफआईआर दर्ज की है। थाने पर हमला करने वालों के खिलाफ धारा 132, 221, 121 (I), 296, 115(2), 126(I), 351 (3), 324(4), 190, 191(I), 191 (2), 195(I) बीएनएस एवं लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा 3 के तहत केस दर्ज की गई है। बलरामपुर थाने में पूछताछ के लिए बुलाए गए स्वास्थ्य विभाग के प्यून गुरूचरण मंडल (30) ने लॉकअप के बाथरूम में फांसी लगा ली। थाने में गुरूचरण मंडल की मौत की सूचना लोगों को शाम को मिली तो हंगामा मच गया। लोगों ने थाने का घेराव कर जमकर हंगामा करते हुए थाने और पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने नेशनल हाइवे पर चक्काजाम कर दिया। घटना के बाद लोगों के आक्रोश को देखते हुए देर रात थाना प्रभारी प्रमोद रूसिया और कॉन्स्टेबल अजय यादव को निलंबित किया गया। मंडल की पत्नी रीना गिरी 29 सितंबर को लापता हो गई थी। वो इसकी दूसरी पत्नी थी। रीना गिरी की गुमशुदगी की रिपोर्ट गुरुचरण मंडल ने ही थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार, रीना गिरी के भाई बदला गिरी ने बलरामपुर एसपी से रीना गिरी की हत्या उसके पति और पिता शांति मंडल पर जताते हुए शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस गुरुचरण मंडल और उसके पिता से पूछताछ कर रही थी। गुरुचरण मंडल का शव गुरुवार दोपहर 3.15 बाथरुम में फांसी पर झूलता मिला था। आईजी अंकित गर्ग ने कहा कि, पुलिस ने कस्टडी में मौत के लिए तय दिशा निर्देशों के अनुसार बलरामपुर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की तरफ से नियुक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट और एफएसएल टीम की उपस्थिति में शव परीक्षण और पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी कराई।

# करंट लगने से 3 हाथियों की मौत

## नर्सरी में झूल रहे 11केवी तार की चपेट में आए, 158 हाथियों का घूम रहा दल




रायगढ़, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में शुक्रवार की रात करंट की चपेट में आने से 3 हाथियों की मौत हो गई, जिसमें दो वयस्क और एक शावक शामिल है। वन विभाग के नर्सरी के अंदर जहां ये हादसा हुआ, वहां तार काफी नीचे झूल रहा था। मामला तमनार रेंज का है। जानकारी के मुताबिक, तमनार वन परिक्षेत्र के बकचबा बीट के चुहकीमार स्थायी रोपणी में शनिवार सुबह तीन हाथियों का शव बरामद हुआ। जानकारी वन अमला को हुई, तो डीएफओ समेत वनकर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में पता चला है कि, 11 केवी तार की चपेट में आने से हाथियों की मौत हुई है। करंट की वजह से आस-पास के घास भी जले मिले हैं। हादसे वाली जगह तमनार रेंज के सामारूमा का जंगल है, ये हाथियों के आवागमन का रास्ता है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि, घटना के बाद हाथी के शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ पर्यावरण सरंक्षण समिति के ब्लॉक अध्यक्ष सोमदेव मिश्रा ने बताया कि, यह बिजली विभाग की लापरवाही है। करंट प्रवाहित तार काफी नीचे झूल रहा था, जबकि घरघोड़ा रेंज में हाथियों का दल अभी काफी संख्या में घूम रहा है, जिससे हाथी करंट की चपेट में आ गए। इस मामले में डीएफओ स्टाईलो मंडावी का कहना है कि, हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में लगातार मुनादी कराई जा रही थी, जिससे कोई जनहानि न हो, लेकिन यहां 3 हाथी करंट की चपेट में आ गए। मामले में आगे की जांच चल रही है। जिले में घूम रहे हाथियों की संख्या 158 तक पहुंच चुकी है। घरघोड़ा रेंज में 78 हाथियों का दल मौजूद है।

# महिला ने दो मासूम बच्चों को अलग-अलग कुएं में फेंका

## कहा– पति दूसरी शादी कर बेंगलुरु चला गया, बेटों को पालने में दिक्कत हो रही थी

गुमला, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के गुमला में एक महिला ने 2 मासूम बच्चों को कुएं में फेंक दिया। महिला का कहना है कि उसका पति दूसरी औरत को लेकर बेंगलुरु चला गया। इस वजह से उसने घटना को अंजाम दिया। पांच माह के मासूम बच्चे आशीष उरांव का शव बरामद कर लिया गया है। ढाई साल के नीतीश उरांव की तलाश की जा रही है। घटना शुक्रवार की रात कोटा माटी गांव की है। आसपास के लोगों ने जब दोनों को बच्चों को नहीं देखा तो महिला से पूछताछ की। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सुलेखा देवी को अरेस्ट कर लिया। महिला ने पुलिस को बताया कि 'मेरे पति का नाम संजय उरांव है। वो खरका गांव का रहने वाला है। हम दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहते हैं। मगर पति संजय हमेशा उसके साथ मारपीट करता था।' महिला ने बताया कि 'उसका पति घर चलाने और बच्चों के परवरिश के लिए पैसा भी नहीं देता था। बच्चों के भविष्य को लेकर भी मैं चिंतित थी। एक सप्ताह पहले पति दूसरी महिला को पत्नी बनाकर बेंगलुरु कमाने के लिए चला गया। मैं करमा त्योहार मनाने के लिए दोनों बच्चों के लेकर नानी घर सरांगो गई थी। पति की हरकत से गुस्से मे थी इसलिए गांव से लगभग 10 किलोमीटर दूर कोटामाटी गांव के दो अलग-अलग कुएं में दोनों मासूम बच्चों को फेंक दिया।' पुलिस का कहना है कि आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया गया है। पति से विवाद को लेकर घटना को अंजाम देने की बात सामने आ रही है। आगे भी पूछताछ जारी है।

# गौ-सेवक ने गायों को दी बर्थ-डे पार्टी

## खैरागढ़ में 2000 किलो सब्जी-फलों को रंगोली की तरह सजाया, फिर 200 गायों को खिलाया



रायपुर, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ जिले में गौ-सेवक ने अपने जन्मदिन पर गायों को पार्टी दी है। मनोहर गौशाला में 2000 किलो फल-सब्जियों को रंगोली की तरह सजाया, इसमें 9 घंटे का समय लगा। गौ-वंशों को विशेष फ्रूट और सलाद की अनोखी पार्टी दी गई, जिसका वीडियो भी सामने आया है। खैरागढ़ निवासी युवा कारोबारी चमन डाकलिया ने अपने जन्मदिन पर गौ सेवा करने का मैसेज दिया है। गायों के लिए पिकअप और ट्रक में सब्जी-फल लादकर लाए गए। फिर इन्हीं सब्जियों को सजाया गया, जिसे 200 गायों ने खाया। इसमें लागत करीब एक लाख रुपए आई है। चमन ने बताया कि, मैं 9 साल से ऐसा कर रहा हूं। शुरुआत में मैंने 100 रोटियां बनाकर गायों को खिलाई थी। इसके बाद कभी गुड़ की रोटी और कभी लापसी तैयार करवाई। ड्राई फ्रूट की दावत भी गायों को दे चुका हूं। मनोहर गौ शाला की शुरुआत करने वाले पदम डाकलिया से इंस्पायर होकर हमने यह किया है। रायपुर से करीब 80 किलोमीटर दूर खैरागढ़ में एक अनोखा कामधेनु मंदिर है। यहां कामधेनु मंदिर में एक गाय है, जिसका नाम सौम्या है। सौम्या का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है, क्योंकि उसकी पूंछ 54 इंच लंबी है। इसे देखने दूर-दराज से लोग पहुंचते हैं। गौ-शाला के संचालक पदम डाकलिया बताते हैं कि, शास्त्रों में समुद्र मंथन का जिक्र मिलता है। उसमें जो गाय मिली वो कामधेनु गाय ही थी। खैरागढ़ में मौजूद सौम्या गाय के शरीर पर देवी-देवताओं के ऐसे कुछ प्रतीक चिह्न हैं, जिस कारण इन्हें लोग कामधेनु गाया मानते हैं। इनके पास लोग अपनी मनोकामना लेकर आते हैं। पदम इस गौ शाला में गोबर और गौ मूत्र के मेडिसिन वैल्यू पर रिसर्च कर प्रोडक्ट भी तैयार करते हैं।

# झारखंड बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष बने डॉ. रविंद्र राय

## धनवार विधानसभा से टिकट नहीं मिलने से नाराज थे, 2014 से 2019 तक सांसद भी रहे



रांची, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड चुनाव के बीच बीजेपी ने डॉ. रविंद्र कुमार राय को पार्टी प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने इसे लेकर लेटर भी जारी कर दिया है। ऐसी जानकारी है कि रविंद्र राय विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज थे। साथ ही उनके झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होने की भी चर्चा थी। हालांकि, उन्होंने इसे अफवाह बताया था।

रविंद्र कुमार राय गिरिडीह जिले के धनवार से टिकट मांग रहे थे, लेकिन बीजेपी ने उन्हें टिकट न देकर बाबूलाल मरांडी को यहां से बनाया है। डॉ. राय पहले झारखंड बीजेपी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। माना जा रहा है कि उनको मनाने के लिए और उनके अनुभव को देखते हुए पार्टी ने एक बार फिर उन्हें ये बड़ी जिम्मेदारी दी है। रविंद्र राय भूमिहार जाति से आते हैं। वे साल 2014 से 2019 तक कोडरमा से सांसद भी रह चुके हैं। इस तरह बीजेपी ने एक तरह से झारखंड में जातीय समीकरण को भी साधने की कोशिश की है।

# 24 लाख रुपये के इनामी 6 नक्सलियों का सरेंडर

## महिला माओवादी भी शामिल

सुकमा, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में 24 लाख रुपए के इनामी छह नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में सक्रिय छह नक्सलियों महिला नक्सली कमला उर्फ बण्डी दूधी, पवन उर्फ कमलू हेमला, बंडू उर्फ बंडी सोड़ी, महिला माड़वी उर्फ नागुल सुशीला, कुंजाम रोशन उर्फ महादेव और दशरू उर्फ कोटेश सोड़ी ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि नक्सली कमला सिलगेर एलओएस की कमांडर है तथा उसके सिर पर पांच लाख रुपए का इनाम है। नक्सली पवन एरिया कमेटी सदस्य है तथा उसके सिर पर भी पांच लाख रुपए का इनाम है। अधिकारियों ने बताया कि नक्सली बंडू और माड़वी के सिर पर पांच-पांच लाख रुपए तथा कुंजाम और दशरू के सिर पर दो-दो लाख रुपए का इनाम घोषित था।



अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि नक्सलियों ने राज्य सरकार की 'नियद नेल्ला नार' - आपका अच्छा गांव योजना से प्रभावित होकर तथा नक्सलियों की अमानवीय, आधारहीन विचारधारा से तंग आकर आत्मसमर्पण करने का फैसला किया है। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के खिलाफ पुलिस दल पर हमला करने, हत्या, पुलिस शिविर पर गोलीबारी समेत कई अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है।

अधिकारियों ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को 25-25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी है। उन्हें छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधायें प्रदान की जाएगी। बता दें कि छत्तीसगढ़ का सुकाम जिला नक्सल प्रभावित जिला है। इस जिले में सुरक्षाबल के जवान लगातार नक्सल विरोधी अभियान चला रहे हैं। इस साल एनकाउंटर में कई नक्सली मारे गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, नक्सलवाद की विचारधारा अब छत्तीसगढ़ में कमजोर पड़ रही है। नक्सली सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर सुरक्षाबल के जवानों के सामने सरेंडर कर रहे हैं। सरेंडर करने वाले नक्सलियों को नई शुरुआत के लिए सरकार से मदद मिलती है।

# ट्रेन में बेची जा रही थी शराब

## टाटा–बेंगलुरु एक्सप्रेस के अटेंडर ट्रेन में बेच रहे थे शराब, फ्लाइंग स्क्वाड ने पकड़ा

जमशेदपुर, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे की फ्लाइंग स्क्वॉड टीम ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई को अंजाम देते हुए ट्रेन संख्या 12889, टाटा बेंगलुरु साप्ताहिक एक्सप्रेस में विदेशी शराब की तस्करी का पर्दाफ़ाश किया है। टीम ने ट्रेन के एसी कोच में छापेमारी कर कोच अटेंडरों के पास से अवैध रूप से विदेशी शराब की खेप बरामद की।



इस कार्रवाई में दो अटेंडरों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अटेंडरों में जुगसलाई के निवासी आदर्श कुमार और बर्मामाइंस के निवासी उत्तम कुमार ठाकुर शामिल हैं। दोनों के पास से कुल 22 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई, जो अवैध रूप से टाटानगर से चक्रधरपुर की यात्रा के दौरान लाई जा रही थी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, फ्लाइंग स्क्वाड को लगातार सूचना मिल रही थी कि ट्रेन नंबर 12889 में अवैध रूप से शराब की तस्करी हो रही है। इस सूचना के आधार पर टीम के लीडर बलबीर प्रसाद ने अपनी टीम के साथ उक्त ट्रेन में चढ़ाई की और तलाशी अभियान प्रारंभ किया। इसी दौरान एसी कोच के अटेंडरों को रंगे हाथ पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए चाईबासा के आबकारी और मद्य निषेध विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। फिलहाल, मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ड्रग्स सप्लायर गिरोह का सरगना सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर

बिलासपुर, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ की बिलासपुर पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली दवाइयों के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कार, मोबाइल सहित 42 लाख रुपए का माल जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी शामिल है और वह गिरोह का सरगना है। पुलिस ने बताया कि विक्रांत सरकार के सोशल मीडिया पर उसके एक लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं और वह रायपुर का रहने वाला है। प्रतिबंधित दवाइयों के इस अवैध कारोबार में मेडिकल व्यवसायी भी शामिल हैं। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि, सिविल लाइन थाना पुलिस और साइबर सेल की टीम ने 26 सितंबर को जरहाभाटा के मिनी बस्ती निवासी कल्पना कुर्रे और एक नाबालिग को पकड़ा था। दोनों प्रतिबंधित दवाएं बेच रहे थे। आरोपियों के पास से 896 नशीली गोलियां बरामद हुईं। इसी तरह 22 अक्टूबर को पुलिस ने जरहाभाटा की ही सृष्टि कुर्रे को गिरफ्तार किया। उसके पास से 150 प्रतिबंधित टैबलेट और इंजेक्शन जब्त किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे विक्रांत सरकार और रविशंकर मरकाम से ऑर्डर कर पार्सल के जरिए इन प्रतिबंधित दवाओं को मंगवाते थे।

पुलिस जांच में पता चला कि विक्रांत सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर होने के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक प्रोड्यूसर और डीजे भी चलाता है। उसके नाम पर फैन पेज बना है। उसने फार्मेसी की डिग्री भी ली है, जिसके नाम से वह थोक में प्रतिबंधित नशीली दवाइयां मंगाता था। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य जुटा कर दोनों आरोपियों विक्रांत और रविशंकर की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दोनों बिलासपुर आ रहे हैं। इस पर उनको पकड़ने के लिए पुलिस ने घेराबंदी की और दोनों को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों की कार से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित इंजेक्शन और टैबलेट बरामद किया है। साथ ही उनकी इलेक्ट्रॉनिक कार और दो मोबाइल को भी जब्त किया है।

# झारखंड के 11 जिलों में बारिश का अलर्ट

रांची, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड में चक्रवाती तूफान 'दाना' का असर आज तीसरे दिन भी देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने 11 जिलों में बारिश की संभावना जताई है। रांची में भी शनिवार से मौसम में सामान्य हो जाने की उम्मीद है। राज्य में 31 अक्टूबर तक मौसम साफ और शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान 24 से 30 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। बीते 24 घंटे में 'दाना' का सबसे अधिक असर कोल्हान प्रमंडल में रहा। इससे कोल्हान के कई इलाकों में अच्छी बारिश हुई। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक 71 मिमी बारिश पूर्वी सिंहभूम के गुड़ाबांदा में दर्ज की गई है।

रांची का तापमान बादल और बारिश के कारण गिर गया है। अधिकतम तापमान मंगलवार की तुलना में करीब 6 डिग्री सेल्सियस गिर गया है। मंगलवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस के आसपास था। मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले कुछ दिनों तक राजधानी का अधिकतम तापमान 22 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच ही रहने का अनुमान लगाया है। मौसम विभाग के मुताबिक देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में अधिकतम 28 और न्यूनतम 19 डिग्री रह सकता है। कोडरमा, चतरा, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, पलामू में अधिकतम 28 डिग्री और न्यूनतम 19 डिग्री तक रहने के संभावना है।

# इरफान अंसारी ने सीता सोरेन पर किया कमेंट

## शिकायत लेकर भाजपा चुनाव आयोग पहुंचीं, कांग्रेस प्रत्याशी बोले–झूठ है, 100 करोड़ का केस करूंगा



रांची, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा चुनाव का ऐलान के साथ सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता एक दूसरे पर सियासी वार कर रहे हैं। सीता सोरेन को लेकर इरफान अंसारी ने जो बयान दिया है, उसकी शिकायत बीजेपी ने चुनाव आयोग से की है। दरअसल, जामताड़ा से कांग्रेस के कैंडिडेट इरफान अंसारी पर आरोप है कि उन्होंने सीता सोरेन को रिजेक्टेड माल कहा है। इस सीता सोरेन ने भी पलटवार करते हुए कहा कि 'पहले भी उन्होंने मेरे बारे में व्यक्तिगत बातें बोली हैं, लेकिन इस बार उन्होंने सारी सीमाएं लांघ दी हैं। इरफान जी, माफी मांगिए, वरना उग्र विरोध के लिए तैयार रहिए।' उन्होंने कहा कि 'ऐसे सम्मानित पद पर रहकर आपने जिस अमर्यादित शब्द का प्रयोग किया है, उसने पूरे महिला समाज को भयभीत कर दिया है। अगर आप मेरे लिए ऐसे शब्द इस्तेमाल कर सकते हैं, तो गरीब और असहाय महिलाओं पर क्या बीतती होगी? ऐसे नेता जब तक सत्ता में रहेंगे, महिलाएं असुरक्षित रहेंगी। अब इन्हें सत्ता से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। आप महिलाओं को किस नजर से देखते हैं, यह आज जनता के सामने है, और जनता इसका जवाब देगी।'

# एक इजराइली फोन कॉल से ईरान में 3 घंटे हमले

## अरब देश इतने अशांत क्यों, अंग्रेजों का बंटवारा शिया-सुन्नी की लड़ाई, विवाद की 3 वजह




यरुशलम, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। अरब लोगों पर ऐसी व्यवस्था थोपने की कोशिश में ना जाने कितने लोगों की जान जाएगी जिसकी उन्होंने कभी मांग भी नहीं की थी। साल 1920 में मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच ये बात ब्रिटेन के एक अखबार में छपी थी। तब से अब तक 104 साल गुजर चुके हैं, लेकिन मिडिल ईस्ट आज भी उसी तरह जल रहा है। इजराइल ने शनिवार को एक के बाद एक ईरान के 20 ठिकानों पर हमला किया। ये 1 अक्टूबर को इजराइल पर 200 मिसाइलों से हुए ईरानी हमले का पलटवार था। लेबनान और गाजा में भी इजराइल के हमले जारी हैं। पर ऐसा क्यों है कि मिडिल ईस्ट में कभी शांति नहीं होती, यहां पिछले 30 साल से हर चार साल में एक जंग लड़ी गई है। इसकी वजह अंग्रेजों का 104 साल पहले लिया गया वो फैसला है जिसमें अरब देशों का बंटवारा हुआ। आज का मिडिल ईस्ट प्रथम विश्व युद्ध से पहले ऐसा नहीं दिखता था। जैसे ही युद्ध खत्म हुआ, ब्रिटेन और फ्रांस ने इस इलाके पर कब्जा किया और इसे अपने हितों के मुताबिक बांटना शुरू कर दिया। आज तक ये देश इन विवादित सीमाओं की वजह से एक-दूसरे के साथ जंग लड़ रहे हैं। प्रथम विश्व युद्ध से पहले मिडिल ईस्ट के बड़े हिस्से पर ऑटोमन एम्पायर (आज का तुर्किये) का कब्जा था। 1918 में जंग खत्म होने से पहले ही ब्रिटेन और फ्रांस ने मिडिल ईस्ट पर अपना दावा मजबूत किया। यूरोप में बैठकर मिडिल ईस्ट का नया नक्शा बनाने के लिए 3 अहम समझौते हुए। साइक्स-पीकॉट समझौता- 3 जनवरी 1916, ब्रिटेन के डिप्लोमेट मार्क साइक्स और फ्रांस के डिप्लोमेट फ्रांसिस जॉर्ज पीकॉट के बीच एक सीक्रेट मुलाकात हुई। इसमें तय हुआ कि युद्ध के बाद हर साथी सदस्य को अरब देशों में हिस्सा मिलेगा। तय हुआ कि एंटोलिया (तुर्किये) का एक हिस्सा, सीरिया और लेबनान फ्रांस के अधीन रहेगा। वहीं, मिडिल ईस्ट का दक्षिणी और दक्षिण पश्चिम हिस्सा यानी इराक और सऊदी अरब पर ब्रिटेन को मिलेगा। फिलिस्तीन को इंटरनेशनल एडमिनिस्ट्रेशन में रखा गया था। इसके अलावा बचे हुए इलाके रूस और इटली को देने पर फैसला हुआ। मुझे ऐसा लगता है कि हम उन शिकारियों जैसे हैं जिन्होंने भालू को मारने से पहले उसकी खाल का बंटवारा कर लिया है।

# इजरायल ने ईरान पर किया सबसे बड़ा हमला तो भड़के मुस्लिम देश

## यहूदी देश को दे दी चेतावनी, तनाव चरम पर



तेहरान/रियाद, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। ईरान के ऊपर इजरायल ने इतिहास का सबसे बड़ा हमला किया है। इजरायली विमानों ने 2000 किलोमीटर की दूरी तक उड़ान भरकर ईरान की राजधानी तेहरान और उसके सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। तेहरान में लोगों ने जोरदार धमाकों की आवाज सुनी हैं। हमले से ईरान में कितना नुकसान हुआ है, इस बात को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। इस बीच ईरान पर हमलों के खिलाफ सऊदी अरब ने प्रतिक्रिया देते हुए इजरायली सैन्य कार्रवाई की निंदा की है। सऊदी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि सऊदी अरब ईरान को निशाना बनाने वाले इजरायली सैन्य हमले की निंदा करता है। इसने कहा कि यह 'ईरानी संप्रभुता का उल्लंघन और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।' इजरायल ने हवाई हमले में ईरान की मिसाइल निर्माण सुविधाओं और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाए जाने की बात कही है।

### मलेशिया ने क्या कहा?

मलेशिया के विदेश मंत्रालय ने हमले को लेकर एक बयान जारी कर इसे 'अंतर्राष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन' बताया है, जो 'क्षेत्रीय सुरक्षा को गंभीर रूप से कमजोर करता है।' बयान में कहा गया है, 'मलेशिया शत्रुता को तत्काल समाप्त करने और हिंसा के चक्र को समाप्त करने का आह्वान करता है।' विदेश मंत्रालय ने कहा कि मध्य पूर्व के देशों पर इजरायल के लगातार हमले इस क्षेत्र को व्यापक युद्ध के कगार पर ला रहे हैं।

### पाकिस्तान ने भी दिया बयान

पाकिस्तान ने भी ईरान के ऊपर इजरायली हमले की निंदा की है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने शनिवार तड़के ईरान के खिलाफ इजरायल के हमलों के बाद इसकी आलोचना करते हुए बयान जारी किया। इसमें कहा गया, 'संघर्ष के बढ़ने और विस्तार के मौजूदा चक्र के लिए इजरायल पूरी तरह जिम्मेदार है।' हमले के बाद ईरान के एयर डिफेंस बेस ने कहा कि देश की वायु रक्षा प्रणाली ने इजरायली हमले का सफलतापूर्वक सामना किया है। ईरान की अर्द्ध सरकारी समाचार एजेंसी ने इसकी जानकारी दी है। एयर डिफेंस बेस ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि इजरायल की आपराधिक, नाजायज और फर्जी सरकार ने तनाव बढ़ाने के लिए आज सुबह तेहरान, खुजस्तान और इलम प्रांतों में कुछ सैन्य ठिकानों पर हमले किए।

### ईरान ने मानी नुकसान की बात

इसने आगे कहा, ईरान की एयर डिफेंस ने आक्रामक गतिविधियों को रोका और सफलतापूर्वक सामना किया। इसने कहा कि कुछ क्षेत्रों में सीमित क्षति हुई है, जिसकी जांच की जा रही है। बयान में लोगों से एकता और शांति बनाए रखने और 'दुश्मन मीडिया' की फैलाई अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

# पिछले साल हर घंटे 10 भारतीय गिरफ्तार हुए

## इन पर अवैध तरीके से अमेरिका में घुसने का आरोप



वाशिंगटन, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका में अवैध तरीके से घुसने के आरोप में पिछले साल हर घंटे 10 भारतीयों को गिरफ्तार किया गया। अमेरिका के कस्टम एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (सीबीपी) डिपार्टमेंट ने अक्टूबर 2023 से लेकर सितंबर 2024 तक अवैध तरीके से देश में घुसने वाले लोगों का आंकड़ा जारी किया है। इस आंकड़े के मुताबिक पिछले साल 29 लाख लोगों को अवैध तरीके बॉर्डर पार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इनमें 90,415 भारतीय थे। इनमें से 43,764 को अमेरिका-कनाडा बॉर्डर से गिरफ्तार किया। भारतीय एजेंसियों के मुताबिक बॉर्डर पार करने वाले भारतीयों में 50% से ज्यादा गुजरात से थे। हालांकि इस आंकड़े में पिछले साल की तुलना में गिरावट आई है। साल 2022-23 में 96,917 भारतीयों को अवैध तरीके से बॉर्डर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कनाडा की तरफ से बॉर्डर क्रॉस करने के आंकड़े ये दिखाते है कि अब भारतीय मैक्सिको के डंकी रूट की बजाय कनाडा को पहली पसंद के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। दरअसल मैक्सिको बॉर्डर पर अमेरिका की तरफ से चौकसी बढ़ा दी गई है। वहीं कनाडा की तरफ से बॉर्डर पार करना, मैक्सिको की तुलना में आसान है। कनाडा का वीजा लेकर गए भारतीय, वहां से टैक्सी के जरिए बॉर्डर पार कर अमेरिका पहुंच जाते हैं। हालांकि अमेरिका ने हाल के सालों में यहां भी चेक पोस्ट पर सख्ती कर दी है। हालांकि रिपोर्ट्स के मुताबिक कनाडा बॉर्डर से गिरफ्तार किए भारतीयों का आंकड़ा, बॉर्डर पार करने वालों की तुलना में काफी कम है। भारत से एक डंकी के अमेरिका पहुंचने का औसत खर्च 20 से 50 लाख रुपए है। कभी-कभी ये खर्च 70 लाख तक पहुंच जाता है। इस काम में लगे में एजेंट लोगों को वादा करते हैं कि जितना ज्यादा पैसा देंगे, उन्हें उतनी कम परेशानी झेलनी पड़ेगी।

## तहसील में आत्मदाह का प्रयास

# भाजपा नेता पर धमकाने का आरोप

## युवक ने खुद पर डीजल डाला, बोला- विधायक का भतीजा परेशान कर रहा

टीकमगढ़, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। टीकमगढ़ के पलेरा तहसील परिसर में एक युवक ने डीजल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। वहां मौजूद लोगों ने उसे बचा लिया। युवक का आरोप है कि जतारा विधायक का भतीजा अतुल खटीक उसे धमका रहा है। इसी से परेशान होकर ये कदम उठाया। नगर के वार्ड-13 में रहने वाला हल्के साहू शुक्रवार को पलेरा तहसील परिसर पहुंचा। वह अपने साथ डीजल लाया था। उसने खुद पर डीजल उड़ेलना शुरू कर दिया। यह देख परिसर में मौजूद लोग उसकी तरफ दौड़े और उसे बचा लिया। तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी और पुलिस ने उसे कुर्सी पर बिठाया और पानी डालकर नहलवाया। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया है। हल्के साहू का कहना है, वार्ड-13 में लोक सेवा केंद्र के पास मेरा मकान है। सामने जनपद अध्यक्ष शिल्पी खटीक के पति अतुल खटीक शासकीय जमीन पर कब्जा कर मकान बना रहा है। उसकी मैंने शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। जब से शिकायत दर्ज कराई है, तब से मुझे धमकियां मिल रही हैं। मैं अब परेशान हो गया हूं। भाजपा नेता अतुल खटीक जतारा विधायक हरिशंकर खटीक का भतीजा है। जनपद पंचायत अध्यक्ष शिल्पी खटीक के पति और भाजपा नेता अतुल खटीक का कहना है कि संबंधित भूमि आबादी में है, जिस पर उनके पिता का सालों से कब्जा है। इस जमीन पर हल्के साहू ने मकान बना लिया है। जो जमीन बची है, उस पर भी कब्जा करना चाह रहा है। सीएमओ दिलीप पाठक का कहना है कि 23 अक्टूबर को हल्के साहू ने मामले की शिकायत की थी। जिसके बाद अतुल खटीक को नोटिस जारी किया था। 24 घंटे के अंदर कब्जा हटाने की हिदायत दी थी।

# चीन ने तोड़ी चुप्पी

## लद्दाख में सीमा से पीएलए सैनिकों की वापसी पर आखिरकार आया ड्रैगन का बयान

बीजिंग, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। समिट में पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद लद्दाख में भारत और चीन के सैनिकों की वापसी शुरू हो गई है। इस पूरे मामले में अब चीन ने चुप्पी तोड़ी है। चीन ने कहा है कि दोनों देशों के बीच हाल ही में हुए समझौते के बाद पूर्वी लद्दाख से चीनी और भारतीय सैनिकों की वापसी 'सुचारू रूप से' हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 23 अक्टूबर को रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन से इतर अपनी द्विपक्षीय बातचीत में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास से सैनिकों के पीछे हटने और गश्त को लेकर हुए समझौते का अनुमोदन किया था। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने शुक्रवार को बीजिंग में बताया, 'सीमा क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर चीन और भारत के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों की सेनाएं अपने-अपने जवानों की वापसी में जुटे हैं और यह प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है।' भारत ने टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को वापस बुलाने को लेकर चीन से हुए समझौते की 21 अक्टूबर को घोषणा की थी और बीजिंग ने एक दिन बाद इसकी पुष्टि करते हुए कहा था कि दोनों 'पक्ष प्रासंगिक मामलों के समाधान' तक पहुंच गए हैं और वह (बीजिंग) इन प्रस्तावों को लागू करने के लिए नयी दिल्ली के साथ मिलकर काम करेगा। भारतीय सेना ने वापसी पर क्या बोला? भारतीय सेना के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया, 'भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में डेमचोक और डेपसांग मैदानी क्षेत्रों में टकराव वाले दो बिंदुओं से सैनिकों की वापसी शुरू कर दी है और यह प्रक्रिया 28-29 अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है।' उन्होंने कहा कि समझौता केवल टकराव वाले इन दो बिंदुओं के लिए हुआ है तथा अन्य क्षेत्रों के लिए 'बातचीत अब भी चल रही है।' सूत्रों ने कहा कि सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद टकराव वाले दोनों बिंदुओं पर गश्त शुरू होगी और दोनों पक्ष अपने-अपने सैनिकों को हटाकर अस्थायी ढांचों को नष्ट कर देंगे। सूत्रों ने कहा कि अंततः गश्त का स्तर अप्रैल 2020 से पहले के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। जून 2020 में गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच भीषण संघर्ष के बाद संबंधों में तनाव आ गया था। यह पिछले कुछ दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 21 अक्टूबर को दिल्ली में संवाददाताओं से कहा था कि पिछले कुछ सप्ताह में हुई बातचीत के बाद समझौते को अंतिम रूप दिया गया और इससे 2020 में सामने आए मुद्दों का समाधान निकलेगा।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस और ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर

वॉशिंगटन, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में दो हफ्ते से भी कम का समय बचा है। हालांकि अभी तक अमेरिका में ये तस्वीर साफ नहीं हो सकी है कि आखिर अमेरिकी जनता किसे सत्ता सौंपने जा रही है। ताजा सर्वे में दावा किया गया है कि कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर है और लोकप्रिय वोटों के मामले में दोनों को 48-48 फीसदी मत मिले हैं।

### हैरिस और ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर

कुछ समय पहले तक कमला हैरिस, डोनाल्ड ट्रंप पर बढ़त बनाती नजर आ रहीं थी, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, वैसे ही ट्रंप और कमला हैरिस के बीच का अंतर भी कम हो रहा है। यही वजह है कि दोनों के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है और कहा जा रहा है कि नतीजा किसी के भी पक्ष में जा सकता है। यही वजह है कि अमेरिकी की विभिन्न हस्तियां भी खुलकर अपनी पसंद के उम्मीदवारों का समर्थन कर रही हैं। अमेरिका के फिल्म अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो ने भी कमला हैरिस के समर्थन का एलान कर दिया है। इससे पहले मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट भी कमला हैरिस के समर्थन में आ चुकी हैं। वहीं दिग्गज उद्योगपति एलन मस्क खुलकर ट्रंप का प्रचार कर रहे हैं। बिल गेट्स ने भी कमला हैरिस के प्रचार अभियान को करोड़ों डॉलर का फंड दिया है। अमेरिका के मौजूदा चुनाव को इसके इतिहास के सबसे कड़े चुनाव में से एक बताया जा रहा है। बीते कुछ समय में अमेरिका में काफी कुछ घटा है, जिसमें डेमोक्रेट और रिपब्लिकन उम्मीदवारों के बीच हाई प्रोफाइल बहस, डोनाल्ड ट्रंप पर दो बार जानलेवा हमला हुआ है। दोनों उम्मीदवारों द्वारा अपने प्रचार अभियानों पर करोड़ों डॉलर खर्च किए जा रहे हैं।

# जेलेंस्की का दावा- जंग में रूस उतारेगा नॉर्थ कोरियाई सैनिक

## इसी हफ्ते होगी तैनाती पश्चिमी देश बोले- इससे जंग भड़केगी




कीव, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को दावा किया कि रूस अब जंग में नॉर्थ कोरिया के सैनिकों को उतारने की तैयारी में हैं। इन सैनिकों को इसी हफ्ते तैनात किया जाएगा। दूसरी तरफ पश्चिमी देशों ने इस कदम से जंग के भड़कने और इसका असर दूसरे क्षेत्रों खासतौर पर इंडो-पैसिफिक में होने की बात कही है। जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेन की खुफिया एजेंसियों ने जो जानकारी जुटाई है उसके मुताबिक नॉर्थ कोरियाई सैनिकों को रविवार से सोमवार के बीच जंग में भेजा जाएगा। यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने दावा किया कि नॉर्थ कोरिया ने रूस को 12 हजार सैनिक भेजे हैं। इनमें 500 अधिकारी और 3 जनरल शामिल हैं। इससे पहले बुधवार को अमेरिका ने दावा किया था कि रूस में पहले से ही 3 हजार नॉर्थ कोरियाई सैनिक तैनात हैं। दावे के मुताबिक इन सैनिकों ने रूस के पूर्वी हिस्से में मौजूद सैन्य ठिकानों पर ट्रेनिंग दी गई है। पिछले हफ्ते 18 अक्टूबर को साउथ कोरिया ने भी दावा किया था कि नॉर्थ कोरिया ने यूक्रेन जंग में रूस की मदद के लिए सैनिक भेजे हैं। साउथ कोरिया की खुफिया एजेंसी नेशनल इंटेलिजेंस सर्विसर (एनआईएस) ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। एजेंसी ने अपने बयान में कहा कि 8 से 13 अक्टूबर के बीच नॉर्थ कोरिया के 1500 सैनिक, रूसी नौसेना के जहाजों से रूस के व्लादिवोस्तोक बंदरगाह पर पहुंचे है। ये सभी सैनिक नॉर्थ कोरिया की स्पेशल मिशन फोर्सेस का हिस्सा हैं। एजेंसी ने दावा किया कि नॉर्थ कोरिया जल्द ही कुछ और सैनिकों को रूस भेजेगा। एनआईएस ने कहा कि इन नॉर्थ कोरियाई सैनिकों को रूसी सेना की वर्दी, हथियार और नकली पहचान पत्र दिए गए हैं। इन्हें तैनात करने से पहले रूसी माहौल में ढलने की ट्रेनिंग दी जा रही है। ये सभी सैनिक रूस के व्लादिवोस्तोक उस्सुरिस्क, खाबरोवस्क और ब्लागोवेशचेंस्क मिलिट्री बेस पर रह रहे हैं।

# कांग्रेस बोली-नाला निर्माण में भ्रष्टाचार कर रही जगदलपुर मेयर

## 2 करोड़ का निर्माण कहीं और नक्शा कहीं और का लगाया महापौर बोलीं- बदनाम कर रहे

जगदलपुर, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी ने जगदलपुर मेयर सफीरा साहू पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य का कहना है कि, 1 करोड़ 99 लाख रुपए के नाला निर्माण काम में गोलमाल किया जा रहा है। निर्माण की स्वीकृति कहीं और की है। नक्शा कहीं और का लगाया गया है। इस मामले की जांच की मांग की है। सुशील मौर्य का कहना है कि, महापौर विकास नहीं सिर्फ अपनी जेब भर रही हैं। चंद्रशेखर वार्ड में नाला निर्माण की स्वीकृति मिली है, लेकिन निर्माण के लिए कार्य का नक्शा लाल बहादुर शास्त्री वार्ड का बना हुआ है। जो साफ तौर पर इस बात का प्रमाण है कि नाला निर्माण में जनता के 1 करोड़ 99 लाख रुपए बह रहे हैं।

# जो बाइडन ने संघीय फंडिंग से चलने वाले स्कूलों में बच्चों की मौत पर मांगी माफी

## कहा- माफी मांगने में लगे 150 साल

वॉशिंगटन, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने संघीय फंडिंग से चलने वाले विद्यालयों में स्वदेशी समुदाय के बच्चों के उत्पीड़न के लिए स्थानीय अमेरिकियों से माफी मांगी है। दरअसल, यहां बच्चों के साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें आत्महत्या के लिए भी मजबूर किया गया। एरिजोना में राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि माफी मांगने में 150 साल लग गए। 1819 से लेकर 1969 तक करीब 37 राज्यों (तब केंद्र शासित प्रदेश) के 400 बोर्डिंग स्कूलों में 18,000 बच्चों को उनके परिवार से छीन लिया गया। साल 2021 में गृह मंत्रालय के सचिव देब हालैंड ने स्वदेशी अमेरिकियों पर स्कूलों के प्रभावों की समीक्षा करने के लिए फेडरल इंडियन बोर्डिंग स्कूल की स्थापना की। उनके द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया कि संघीय फंडिंग से चलने वाले विद्यालयों में पढ़ने वाले 973 स्वदेशी अमेरिकी बच्चों की मौत हो गई।

### बाइडन ने मांगी माफी

राष्ट्रपति बाईडन ने माफी मांगते हुए कहा, मेरा मानना है कि यह जरूरी है कि हमें मालूम होना चाहिए कि कई पीढ़ियों के बच्चों को ऐसी जगहों पर ले जाया गया, जिसके बारे में वे नहीं जानते थे। उन्हें ऐसे लोगों से मिलाया गया, जिन्हें वे नहीं जानते थे और उनसे ऐसी भाषाओं में बात की गई, जिन्हें उन्होंने कभी नहीं सुना था। स्वदेशी समुदाय ने अपने बच्चों का खेलना बंद करा दिया था। बच्चों को शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। कुछ बच्चों को उनके जन्म देने वाले माता-पिता की अनुमति के बिना ही गोद लेने के लिए रखा गया। कुछ को ऐसे ही मरने के लिए छोड़ दिया गया।

# प्रेमी के घर डेढ़ सौ लोग तलवार लेकर पहुंचे, पथरबाजी

## दो समुदायों के प्रेमी जोड़े लव मैरिज कर भाग गए थे, लौटे तो परिजन बने जान के दुश्मन

मुजफ्फरपुर, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर जिले के बरुराज थाना क्षेत्र के मेंहदी नगर बनकट गांव में प्रेम प्रसंग में हुई शादी को लेकर दो समुदाय में जमकर विवाद हुआ है। लड़की पक्ष के लोगों ने लड़का के घर पर शनिवार की सुबह अचानक हंगामा करते हुए तोड़फोड़ किया। हंगामा के बाद उस इलाके में पुलिस कैंप कर रही है। वहीं, दोनों पक्षों के बीच पंचायती रखी गई। जहां युवती के घरवाले उसे वापस घर जाने को लेकर बात कर रहे थे। मामला को लेकर लड़का के परिजन और पुलिस प्रशासन ने जानकारी दी। बरुराज थाना क्षेत्र के बनकट गांव के युवक आदित्य राज (25) ने बीते मार्च महीने में अपने ही गांव की दूसरे समुदाय की लड़की गुलफसा खातून (22) से भागकर शादी कर लिया था। दोनों प्रेमी प्रेमिका ने भागकर कोर्ट में शादी रचाई थी। लड़की पक्ष के लोगों ने बरुराज थाना में लड़के पक्ष पर अपहरण का मामला दर्ज किया था। युवती के परिजन युवक अलग समुदाय होने की वजह से लगातार इस शादी का विरोध कर रहे थे। शादी के बाद दोनों पति-पत्नी बाहर रहने लगे थे। दो दिन पहले युवक अपनी पत्नी को लेकर अपने गांव आया। जिसके बाद युवती के परिजन अचानक लड़के के घर पहुंचकर हंगामा करने लगे। इसके साथ उनलोगों ने तोड़फोड़ भी की। पूरा मामला पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। मामले को लेकर युवक के परिजनों ने बताया कि आज सुबह घर के दरवाजे पर बैठकर सभी लोग चाय पी रहे थे। इसी बीच लगभग डेढ़ सौ की संख्या में लोगों ने हमला कर दिया। गेट तोड़ने लगे। उसी बीच गेट के बीच से तलवार और अन्य चीजें घुसा रहे थे। इसके अलावा ईंट पत्थर से भी हमला किया। लड़के की भाभी सुगंधा देवी ने बताया कि हंगामा करने पहुंचे सभी लोगों के हाथ में हथियार था। गेट के अंदर घुसाया गया तलवार हाथ में लग गया। इसके साथ ही ईंट पत्थर से भी चोट भी आई है। हम लोगों की तरफ से कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया है।

# छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर से शुरू होंगी कई बड़ी योजनाएं

## बच्चों को मिलेगी आईआईटी-नीट की फ्री कोचिंग, मजदूरों को 5 रुपए में मिलेगा खाना

रायपुर, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में सरकार 1 नवंबर से कई बड़ी योजनाएं शुरू करने जा रही है। इसका फायदा 28 लाख श्रमिकों को मिलेगा। यह योजना उनके परिवारों के लिए भी लागू की जा रही है। इसमें स्वास्थ्य, भोजन और शिक्षा पर फोकस किया जा रहा है। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने इन योजनाओं को लेकर नवा रायपुर के मंडल कार्यालय में संचालक मंडल की बैठक ली। इस बैठक में विभाग की ओर से योजनाओं का अनुमोदन यानी एक तरह से स्वीकृति दे दी गई है। सीएम विष्णुदेव साय राज्य स्थापना के दिन इन योजनाओं की शुरुआत करेंगे।

# भारत-जर्मनी मिलकर दुनिया को सुरक्षित करना चाहते हैं

## नौसेना अभ्यास पर बोले जर्मनी के अधिकारी



बर्लिन, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। जर्मन नौसेना के अधिकारी ने शनिवार को भारत-जर्मनी के संबंधों को लेकर अपने विचार साझा किए। यूरोपीय राष्ट्र की नौसेना के रियर एडमिरल हेल्गे रिश ने कहा कि भारत और जर्मनी लोकतांत्रिक देश होने के साथ ही अच्छे साझेदार हैं। दोनों देश मिलकर दुनिया को सुरक्षित करना चाहते हैं। हेल्गे रिश ही जर्मनी फ्रिगेट की टास्क फोर्स ग्रुप के कमांडर हैं। जर्मनी फ्रिगेट की सात मई को दक्षिणी गोवा के मोरमुगांओ बंदरगाह पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तैनाती की गई।

### दोनों देश वैश्विक रूप से प्रतिबद्ध

कमांडर रिश ने कहा कि दोनों देश लोकतांत्रिक हैं। साथ ही हम कई सारे मूल्यों और रुचियों को साझा करते हैं। हम दोनों देश क्षेत्रीय रूप से जुड़े हैं, लेकिन वैश्विक रूप से भी प्रतिबद्ध हैं। भारत और जर्मनी के बीच करीबी सहयोग की प्रेरणा है। संयुक्त नौसेना अभ्यास को लेकर उन्होंने कहा कि यह दोनों देशों और उनकी नौसेना के बीच दोस्ती और साझेदारी मजबूत करने का प्रयास है। आने वाले समय में हम और भी अभ्यास करेंगे, मगर अभी इस बारे में कुछ भी कहना ठीक नहीं है। मुझे लगता है कि हमारे देशों की सरकार ने इस बारे में चर्चा जरूर की होगी। रिश ने कहा कि हिंद प्रशांत तैनाती के तौर पर जर्मन की नौसेना ने अमेरिका और एशिया में कई देशों के साथ साझा अभ्यास किए हैं। जर्मनी नौसेना भारत में इसलिए है क्योंकि यह विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में से एक है। हमारे क्षेत्रीय संबंध काफी अच्छे हैं। हम दोनों का ही उद्देश्य दुनिया को सुरक्षित जगह बनाना है। रियर एडमिरल हेल्गे रिश ने कहा कि भारत और जर्मनी दोनों राष्ट्र अच्छे साझेदार इसलिए भी हैं, क्योंकि हमारे मूल्य समान हैं। हमने अच्छे अभ्यास किए हैं। पहले हमने पूर्वी नौसैन्य क्षेत्र में अभ्यास किया और पिछले कुछ दिन से हम पश्चिमी तट पर अभ्यास कर रहे हैं। यह अभ्यास पूरा तरह से पेशेवर अंदाज में हुआ है। मैं भारतीय नाविकों के जुनून और पेशेवर ज्ञान से बहुत प्रभावित हूं। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज गुरुवार को भारत के दौरे पर आए हैं। उन्होंने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की।



# आबूरोड रेलवे पुलिस ने तमिलनाडु की त्रिची गैंग का एक सदस्य पकड़ा

## जयपुर में वारदात करके भागा था



सिरोही, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। आबूरोड रेलवे पुलिस द्वारा गणपति प्लाजा, जयपुर में कार के शीशे तोड़कर 2.30 लाख रुपये की नकदी चोरी करके फरार हुआ तमिलनाडु की त्रिची गैंग का एक सदस्य गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने आधा दर्जन सहयोगियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। जानकारी के अनुसार विधायकपुरी में भी इस प्रकार की वारदात होना सामने आया है।

आगामी त्योहारों के दौरान संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने तथा सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आबूरोड रेलवे पुलिस थानाधिकारी मनोज कुमार चौहान के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल तेजबहादुर सिंह, कांस्टेबल पहाड़ सिंह, विरघाराम एवं आसूराम द्वारा आबूरोड रेलवे स्टेशन और आसपास के एरिया के साथ ही प्लेटफार्म एवं आवाजाही करने वाली ट्रेनों पर सायंकालीन गश्त की जा रही थी। इसी दौरान रेलवे स्टेशन आबूरोड पर मुसाफिर खाने में अपने साथ 6 बैग लेकर बैठे त्रिची निवासी युवराज कुमार सभापति पुत्र आर. सभापति से इन संदिग्ध बैगों के बारे में पूछताछ की गई तो शराब के नशे में होने से वह कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे सका। इस पर थाने लाकर जब उससे गहनता से पूछताछ की गई एवं बैगों की तलाशी ली गई तो 5 बैगों में पुरुष व महिलाओं के इस्तेमाल किए हुए और नए कपडे. मिले। साथ ही काले रंग के एक बैग में 3 लेपटॉप भी मिले। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपी ने इन्हें जयपुर से लाना बताया एवं अन्य कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। इस पर पुलिसकर्मियों ने एक लेपटॉप को चालू किया गया तो वह जयपुर निवासी पंकज अग्रवाल का होना सामने आया। पुलिस ने जब उससे संपर्क किया तो उसने बताया कि पुलिस थाना जालूपुरा क्षेत्राधिकार अंतर्गत गत 21 अक्टूबर को गणपति प्लाजा, जयपुर पर खड़ी कार का कांच फोड़कर के 1 लेपटॉप एवं करीब 2.30 लाख रुपये की नकदी चोरी हो गई थी।

## साढ़े पांच सौ किलो नकली घी जब्त

अलवर, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। अब तक नकली मावा, पनीर और खराब मिठाइयों के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी होने के शक में नकली घी भी जब्त किया। सूचना मिलने पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सारण के दिशा-निर्देशन में और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आशीष सिंह शेखावत के नेतृत्व में एक टीम आज मैसर्स सांनवारया एग्रो फूड्स कुंड रोड, बहरोड़ पहुंची। मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि मालिक द्वारा दिल्ली से लोहे के बड़े ड्रमों में देसी घी लाकर घी की मांग के अनुसार व्यापारियों को बेचा जाता है।प्रतिष्ठान का मालिक मनजीत हिसार का रहने वाला है। मौके पर तीन लोहे के ड्रमों में करीब 550 किलो घी मिला है, मिलावटी की आशंका पर मौके पर नमूना लेकर 550 किलो घी को जब्त कर लिया गया।

# सीएम का मजाक बनाने गए नेता प्रतिपक्ष खुद भूले प्रत्याशी का नाम

## नामांकन सभा में जमकर बोला हमला



दौसा, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। दौसा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने एक बार फिर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल पर बिना पर्ची के नहीं चलने वाली सरकार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीते कल मुख्यमंत्री भजनलाल नामांकन करवाने गए थे, जहां उन्हें कैंडिडेट का नाम याद नहीं रहा और यशवंत-जसवंत कहने लगे फिर पीछे से पर्ची आई तो पता लगा कि उनका नाम जसवंत नहीं खुशवंत है। बस यहीं पर जूली गड़बड़ा गए, मुख्यमंत्री की खिल्ली उड़ाते-उड़ाते वे खुद ये भूल गए कि रामगढ़ के जिस भाजपा प्रत्याशी की बात वो कर रहे हैं, उसका नाम खुशवंत नहीं बल्कि सुखवंत है। राजस्थान में हो रहे उपचुनाव में अब स्थिति यह बन गई है कि नेताओं को हर हाल में चुनाव जीतना है, जिसके लिए फिर किसी भी नेता पर किसी भी तरह का आरोप लगाना पड़े। दौसा में कांग्रेस प्रत्याशी दीनदयाल बैरवा की नामांकन सभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी चीफ गोविंदसिंह डोटासरा सहित दर्जनों कांग्रेस के नेता पहुंचे, जहां सारे नेताओं ने एक सुर में भाजपा पर हमला बोला। सभी नेताओं के टारगेट पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नजर आए, जहां नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भजनलाल तो ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो भरी विधानसभा में यह कहते हैं कि मैं जब सरपंच हुआ करता था, तब नरेगा का काम अच्छा करवाता था, जिसके लिए आसपास के सरपंचों के मेरे पास फोन आते थे।

# मॉडल आंसर पर दर्ज कराएं आपत्ति

## असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा विभिन्न विषयों का मामला, 28 अक्टूबर लास्ट डेट

अजमेर, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर (संस्कृत शिक्षा विभाग) परीक्षा-2024 के तहत विभिन्न विषयों की जारी मॉडल आंसर की पर आज से आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए 28 अक्टूबर लास्ट डेट है। आयोग ने सामान्य दर्शन, साहित्य, ज्योतिष गणित, ऋग्वेद, धर्मशास्त्र, ज्योतिष फलित, सामान्य संस्कृत, व्याकरण, भाषा विज्ञान, योगा विज्ञान एवं यजुर्वेद विषयों की आंसर-की वेबसाइट पर जारी की। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया - आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। उक्त परीक्षा के मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन ही प्रविष्ट करें । उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाते हैं, तो उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**आपत्ति दर्ज कराने का शुल्क व प्रक्रिया**

आयोग द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु आपत्ति शुल्क 100 रुपए निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक (क्वेश्चन आब्जेक्शन) पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। प्रति प्रश्न आपत्ति शुल्क 100 रुपए के हिसाब से कुल आपत्ति शुल्क ई-मित्र कियोस्क अथवा पोर्टल पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे से भुगतान कर आपत्तियों को स्थाई रूप से दर्ज कराया जा सकेगा।

# प्राइवेट पार्ट में गोल्ड : अबू धाबी से जयपुर तक स्मगलिंग का सफर




जयपुर, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। जैसे ही अबू धाबी से फ्लाइट ईवाई 366 जयपुर एयरपोर्ट पर उतरी, किसी ने सोचा भी नहीं था कि इस फ्लाइट का एक यात्री अपने भीतर एक रहस्य छुपाए हुए होगा।

ब्यावर का रहने वाला महेंद्र खान-एक आम सा चेहरा, लेकिन उसकी चाल और हरकतों में कुछ अलग था। जब कस्टम अधिकारियों की नज़र उस पर पड़ी, तो संदेह की छोटी सी चिंगारी फूट पड़ी।महेंद्र को जांच के लिए रोकने के बाद एक्स-रे की स्क्रीन पर एक छवि उभरी-ऐसी छवि, जो शायद किसी अपराधी के मस्तिष्क में भी कांप पैदा कर दे। उसके रेक्टम में गोल्ड के तीन टुकड़े, प्लास्टिक में लिपटे हुए, जैसे अपराध की एक गुप्त दस्तक। 99.5 प्रतिशत शुद्धता के इन टुकड़ों का वजन लगभग एक किलो था, जिनकी कीमत 90 लाख रुपए से भी अधिक आंकी गई।

**गोल्ड की चमक और अपराध का अंधेरा**

पुलिस और डॉक्टर्स ने महेंद्र की सुरक्षा में ऑपरेशन शुरू किया। दो दिनों की कड़ी मशक्कत और सावधानी के बाद, उन्होंने गोल्ड को बाहर निकाला। जैसे ही प्लास्टिक से लिपटे सोने के टुकड़े सामने आए, एक मूक अपराध उजागर हुआ। इसे न केवल प्रशासन की सतर्कता ने पकड़ा, बल्कि तस्करी की एक नई परत भी खोली, जो सोने की बढ़ती कीमतों के चलते और गहरी होती जा रही थी। महेंद्र का मूक चेहरा और आँखों की गहरी खामोशी, शायद उसके भीतर के डर और अंधकार का साक्षात उदाहरण थे। पकड़े जाने के बाद महेंद्र को कोर्ट में पेश किया गया, जहाँ उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**तस्करी की नई तकनीकें- पुराने तरीके हो चुके हैं बासी**

कस्टम अधिकारियों के लिए यह कोई नई बात नहीं थी। पिछले 8 महीनों में, ऐसी ही तस्करी की कई घटनाएँ सामने आईं हैं। इस बार की घटना में, महेंद्र ने गोल्ड को छुपाने के लिए रेक्टम का उपयोग किया था-एक तरीका, जो अब आम हो चला है। सोने के धागों वाली साड़ी, प्रेस, सिलाई मशीन, और रेडियो में गोल्ड छुपाने जैसी पारंपरिक विधियाँ अब पुरानी पड़ चुकी हैं। अब, कंडोम में पेस्ट बनाकर, या अंडरगार्मेंट्स में गुप्त पॉकेट बनाकर सोने की तस्करी की जाती है।

## कलेक्टर ऑफिस के सामने लटका मिला नायब तहसीलदार का शव

करौली, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। करौली कलेक्ट्रेट के सामने सिटी पार्क में शनिवार सुबह नायब तहसीलदार का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। सुबह पार्क में घूमने आए लोगों को शव दिखा, इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। नायब तहसीलदार का 5 दिन पहले ही धौलपुर से करौली ट्रांसफर हुआ था। डीएसपी अनुज शुभम ने बताया कि कलेक्ट्रेट के सामने सिटी पार्क में नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह शव फंदे से लटका हुआ होने की सूचना मिली थी। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया।

# पीर मिट्ठा गली के प्राचीन मंदिर में बालाजी की मूर्ति खंडित, असामाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़



अजमेर, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। दीपावली से चार दिन पहले शहर का माहौल बिगाड़ने की साजिश करते हुए कुछ असामाजिक तत्वों ने अजमेर दरगाह से करीब एक किलोमीटर दूर बने बालाजी और शिव मंदिर में स्थापित बालाजी की मूर्ति को खंडित कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। सूचना मिलते ही गंज थाना पुलिस और दरगाह सीओ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों को समझाइश की। वहीं पुलिस की सूचना पर एम ओ बी (एमओबी) की टीम मौके पर पहुंची और वहां से फिंगरप्रिंट्स और जांच के लिए सैंपल इकट्ठा किए। क्षेत्रवासी संदीप तंवर और मंदिर की पुजारी नीतू भोजवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह करीब 7:30 बजे जब वे मंदिर परिसर में आए तो यहां बालाजी की मूर्ति के दो टुकड़े किए हुए थे। इसके बाद मंदिर की पुजारी नीतू की सूचना पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौके पर पहुंचे और इस घटना को लेकर काफी आक्रोशित दिखाई दिए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मंदिर तोड़ने वाले समाज कंटकों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने की मांग की।

**100 साल से ज्यादा पुराना है मंदिर**

मंदिर की पुजारी नीतू भोजवानी के अनुसार मंदिर 100 वर्षों से अधिक पुराना है और यहां पर स्थानीय लोगों की इस मंदिर के प्रति काफी आस्था है। यहां पर दूरदराज से भक्तगण अपनी मांगों के लिए प्रार्थना करते हैं। ऐसे में असामाजिक तत्वों द्वारा मंदिर में बालाजी की मूर्ति तोड़े जाने से स्थानीय लोग काफी दुखी हैं।

**पुलिस ने किया मौका मुआयना**

घटना के बाद मंदिर पहुंची पुलिस और एमओबी की टीम ने मंदिर का मौका मुआयना कर मूर्ति के आसपास और पूरे मंदिर से फिंगरप्रिंट उठाए हैं। साथ ही वहां लगे सीसीटीवी कैमरा को भी पुलिस गहनता से चेक कर रही है। साथ ही इस त्योहारी सीजन में किसी तरह से माहौल खराब ना हो इसको लेकर पुलिस सतर्क नजर आ रही है।

## सात विधानसभा सीटों के लिए 94 प्रत्याशियों ने नाम दाखिल किए

जयपुर, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। कल नामांकन के अंतिम दिन प्रदेश की सातों सीटों के उपचुनावों के लिए 94 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किए, कुल नामांकनों की संख्या 118 रही, जिनमें सबसे ज्यादा नामांकन दौसा से किए गए। राजस्थान विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब तक कुल 118 नामांकन दाखिल किए गए हैं। अंतिम दिन शुक्रवार को 94 प्रत्याशियों ने नामांकन भरे। इनमें सबसे ज्यादा दावेदार दौसा से खड़े हुए हैं। दौसा में कुल 21 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए हैं, वहीं सलूंबर में सबसे कम 7 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा। जमा किए गए नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है।

# नाकाबंदी तोड़कर भागे ट्रक से खेर की लकड़ी जब्त

## दिल्ली की गुटखा फैक्ट्री में ले जाने की आशंका



चित्तौड़गढ़, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। वन विभाग चित्तौड़गढ़ की टीम ने शनिवार सुबह कार्रवाई के दौरान एक ट्रक से करीब 7 टन वजनी खेर की गीली लकड़ी पकड़ी है। विभाग द्वारा की जा रही नाकाबंदी के दौरान ट्रक का चालक नाकाबंदी तोड़कर भागा था, जिसे वन विभाग की टीम ने पीछा कर रुकवाया लेकिन चालक ट्रक को हाईवे पर छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

क्षेत्रीय वन अधिकारी राजेंद्र चौधरी ने बताया कि एक ट्रक में खेर की लकड़ी परिवहन की सूचना मिली थी। इस पर उपवन संरक्षक विजय शंकर पांडे के निर्देश पर टीम का गठन कर वन विभाग की टीम उदयपुर-चित्तौड़गढ़ सिक्स लेन स्थित मंगलवाड चौराहे पर पहुंची। इस दौरान डूंगला की ओर से आने वाले एक ट्रक पर नजर रखी जा रही थी। सूचना के मुताबिक डूंगला की ओर से ट्रक आता दिखाई दिया, जिसे रोकने का इशारा किया लेकिन ट्रक का चालक वाहन को चित्तौड़गढ़ हाईवे की तरफ भाग कर ले गया। इस पर वन विभाग की टीम ने उदयपुर-चित्तौड़गढ़ सिक्स लेन पर पीछा किया और ट्रक को रुकवाया लेकिन चालक ट्रक को सड़क किनारे छोड़कर खेतों से होता हुआ भाग निकला। वन विभाग की टीम ने इस ट्रक की तलाशी ली, जिसमें खेर की गीली लकड़ी बरामद हुई, जिसका वजन 7 टन के आसपास है। बड़ी बात यह है कि खेर की गीली लकड़ी को छीलकर तस्करी की जा रही थी। ऐसे में इसे किसी आरा मशीन से लाने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

फिलहाल वन विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। मौके पर क्षेत्रीय वन अधिकारी राजेंद्र चौधरी के अलावा वनपाल मांगीलाल मीणा, वनरक्षक नंदलाल, श्रवणराम व रामचंद्र तेली की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

## जेल में अफीम सप्लाई का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार-जेल प्रहरी भी सलाखों के पीछे



दौसा, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। केन्द्रीय कारागृह श्यालावास में अफीम और अन्य जेल निषिद्ध सामग्री सप्लाई के मामले में पुलिस ने तीन मुलजिमों को गिरफ्तार किया है। इस मामले की जांच में जेल प्रहरी रामनाथ मूंड की भूमिका भी सामने आई, जो खुद अब जेल की सलाखों के पीछे है।नांगल राजावतान थानाधिकारी हुसैन अली के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस दल ने मुलजिम सद्दीक उर्फ सादिक हुसैन (कोटा), तौफीक अली (झुंझुनूं), और बंटी उर्फ गिर्राज गोस्वामी (बारां) को गिरफ्तार किया। पुलिस को 9 अक्टूबर को सूचना मिली थी कि कुछ लोग केन्द्रीय कारागृह श्यालावास में बंदियों तक मादक पदार्थ और जेल निषिद्ध सामग्री पहुंचा रहे हैं। उसी दौरान, जेल प्रहरी रामनाथ मूंड के इशारे पर दो लोग कारागृह की दीवार कूदकर भाग निकले और 245 ग्राम अवैध अफीम समेत जेल निषिद्ध सामग्री मौके पर छोड़ गए। जांच में सामने आया कि मुलजिम तौफीक अली और बंटी गोस्वामी, जो खुद भी इसी कारागृह में बंद हैं, जेल के अंदर से बाहरी अपराधियों के संपर्क में थे और रामनाथ मूंड की मदद से मादक पदार्थ और जेल निषिद्ध सामग्री अंदर मंगवा रहे थे।

# उपचुनावों में सीट के लिए है मैच फिक्सिंग की चर्चा




जयपुर, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। नामांकन दाखिले के बाद अब चुनाव प्रचार परवान चढ़ने लगा है, जिन 7 सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनमें से दौसा सीट पर मैच फिक्सिंग की चर्चा दिल्ली तक होने लगी है लेकिन पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने दौसा के मंच से इस चर्चा का जिक्र कर दिया। हालांकि उन्होंने इसे अफवाह ही बताया लेकिन उनके बयान के बाद अब यह चर्चा दौसा के घर-घर तक होने लगी है। तो क्या गहलोत भी यही चाहते थे? इसका चर्चा का सियासी फायदा कांग्रेस को मिलेगा या बीजेपी को यह तो बाद में ही पता चल पाएगा।

विधानसभा उपचुनावों में राजस्थान की 7 सीटों में से इस बार सबसे ज्यादा चर्चा दौसा की है। यहां कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के भाई जगमोहन भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं। कांग्रेस ने डीडी बैरवा को प्रत्याशी बनाया है लेकिन कांग्रेस के टिकट का ऐलान होने से पहले ही यहां मैच फिक्सिंग की चर्चा दिल्ली तक चलने लगी। कहा जा रहा है कि दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा और बीजेपी नेता किरोड़ीलाल मीणा में जगमोहन को जितवाने के लिए यहां गुपचुप समझौता हो गया है। हालांकि यह केवल चर्चाएं हैं लेकिन समय रहते यदि ऐसी अफवाहों पर स्पष्टीकरण नहीं दिया जाए तो चुनावों पर इसका असर जरूर देखने को मिल जाता है। राजनीति में कही गई हर बात के अपने मायने होते हैं। गहलोत ने शुक्रवार को दौसा जाकर मंच से इस चर्चा का जिक्र किया। साथ ही यह भी कहा कि इस बात की चर्चा दिल्ली तक हो रही है। गहलोत के मंच से यह बात बोलने के साथ ही अब इसके चर्चे पूरे दौसा में होने लगे हैं।

चुनावों में ऐसी चर्चा जिस प्रत्याशी के लिए होती है, उसे फायदे से ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है क्योंकि ऐसे में जनता की सहानुभूति प्रतिद्वंदी की तरफ चली जाती है। मुरारीलाल मीणा चर्चाओं में जरूर हैं लेकिन न तो

## भाजपा प्रभारी का बड़ा बयान

जयपुर, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। भाजपा के राजस्थान प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने वसुंधरा राजे को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वसुंधरा राजे की राजस्थान की राजनीति में भूमिका हमेशा बनी रहेगी। वसुंधरा राजे सिंधिया दो बार राजस्थान की मुख्यमंत्री रही हैं। उन्होंने राजस्थान की राजनीति में बहुत क्रांतिकारी परिवर्तन किया है।

वे केंद्र स्तर की मंत्री रही हैं। राजस्थान की बहुत लोकप्रिय नेता थीं और हैं। मुझे लगता है कि आने वाले लंबे समय तक उनकी राजस्थान की राजनीति में भूमिका रहेगी। एक इंटरव्यू के दौरान भाजपा प्रभारी ने कहा कि मैं बहुत समझ बूझकर कह रहा हूं। उनकी राजस्थान में भूमिका हमेशा बनी रहेगी। पिछले दिनों जयपुर में ओमप्रकाश माथुर के अभिनंदन समारोह में वसुंधरा राजे का एक बयान काफी चर्चाओं में आया था। इसमें उन्होंने कहा था-'पीतल की लौंग मिलने पर कुछ लोग खुद को सर्राफ समझ बैठते हैं।'

## कार-पिकअप में भिड़ंत पिता-पुत्र समेत 3 की मौत



अनूपगढ़, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। श्रीगंगानगर में शनिवार सुबह 7 बजे कार-पिकअप की आमने-सामने भिड़ंत में एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। कार में चार लोग सवार थे। एक 12 साल का बच्चा घायल है। वहीं, पिकअप ड्राइवर घायल हो गया। हादसा अनूपगढ़ में नेशनल हाईवे-911 पर हुआ। एएसआई ग्यारसी लाल मीना ने बताया कि एक्ससीडेंट में कार सवार पिता-पुत्र और भांजे की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे शवों को बाहर निकाला।

पिकअप ड्राइवर करनी सिंह (32), निवासी वार्ड 10, सूरतगढ़ ने बताया- मैं घड़साना से अनूपगढ़ सब्जी लेकर जा रहा था। गांव 15 ए के बस स्टैंड के पास पहुंचते ही अनूपगढ़ से घड़साना की ओर जा रही एक स्विफ्ट कार ने सामने चल रही ट्रॉली को ओवरटेक किया। इस दौरान कार बेकाबू होकर सीधे मेरी पिकअप से टकरा गई। पिकअप भी आगे जा रही ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने सूचना पुलिस को दी।

# हैदराबाद के विकास पर जानबूझकर दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाया जा रहा है : भट्टी

हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग पिछले कुछ महीनों से जानबूझकर हैदराबाद में विकास कार्यों पर दुर्भावनापूर्ण अभियान चला रहे हैं। शनिवार को यहां एक कार्यक्रम में बोलते हुए भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि "हैदराबाद हमारा है, हम सबका है और यह भारत के मुकुट का एक रत्न है और उभरता हुआ और वैश्विक शहर है"। हैदराबाद शहर के विकास के लिए 10,000 करोड़ रुपये आवंटित किए जाने का उल्लेख करते हुए भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि यह केवल पूंजीगत व्यय के लिए है और इन निधियों का उपयोग फ्लाईओवर, अंडरपास, जल निकासी जैसी सुविधाएं प्रदान करने और दुनिया भर से रियल एस्टेट डेवलपर्स को आकर्षित करने के लिए किया जाएगा। गोदावरी, कृष्णा, मंजीरा नदियों से पीने के पानी की समस्या की गुंजाइश छोड़े बिना पीने का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। हैदराबाद के आसपास आउटर रिंग रोड ने पूरे देश में प्रमुखता हासिल की। हैदराबाद में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल, जेएनटीयू, आईआईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान हैं। राज्य सरकार भविष्य की पीढ़ियों के लाभ के लिए उन्हें और विकसित करने के बारे में सोच रही है। हैदराबाद के विकास पर आगे विस्तार से बताते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषित नालों के उपचार के लिए 39 एसटीपी मंजूर किए गए हैं। भट्टी ने कहा, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और राज्य सरकार मूसी विस्थापितों को सुंदर जीवन प्रदान करने के अपने निर्णय पर अडिग हैं। मूसी विस्थापितों के लिए उसी क्षेत्र में सभी सुविधाओं के साथ आवासीय टावरों का निर्माण किया जाएगा। मूसी विस्थापितों के बच्चों के लिए एकीकृत स्कूल बनाए जाएंगे। विस्थापित डीडब्ल्यूसीआरए महिला समूह के सदस्यों को 1,000 करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त ऋण दिए जाएंगे और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए लघु उद्योग इकाइयां स्थापित की जाएंगी। हाइड्रा के खिलाफ प्रेरित नकारात्मक अभियान की निंदा करते हुए भट्टी ने कहा कि एजेंसी मंजूरी नहीं देगी और यह जीएचएमसी, एचएमडीए, डीटीसी जैसे सरकारी विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया, देश में भविष्य हैदराबाद का है। मूसी कायाकल्प, क्षेत्रीय रिंग रोड और 30,000 एकड़ में शानदार फ्यूचर सिटी के निर्माण जैसी परियोजनाएं आ रही हैं। हवाई अड्डे से फ्यूचर सिटी तक 30 मिनट में पहुंचा जा सकता है। विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय, क्रिकेट स्टेडियम, एआई परियोजनाएं वहां आएंगी। 30,000 एकड़ में से 15,000 एकड़ को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित किया जाएगा।

## पोंगुलेटी की दिवाली से पहले घोटालों के बम फूटने की बात सच साबित होगी : एर्राबेली

वारंगल, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने हाल ही में कहा था कि दिवाली से पहले राज्य में घोटालों के बम फूटने वाले हैं। पूर्व मंत्री और बीआरएस नेता एर्राबेली दयाकर राव ने मंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने सनसनीखेज टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, पोंगुलेटी का दावा कि दिवाली से पहले राज्य में राजनीतिक बम फूटेंगे, सच है। सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी के भीतर बम फूटेंगे।

इन धमाकों से कांग्रेस नेताओं की कुर्सियां हिलेंगी। पोंगुलेटी ने राज्य में कांग्रेस सरकार के लिए खतरे का अंदाजा लगा लिया था। कांग्रेस पार्टी के मंत्री, विधायक और एमएलसी यह कहकर सड़कों पर उतर रहे हैं कि पार्टी में कड़ी मेहनत करने वालों को मान्यता नहीं दी जा रही है। एमएलसी जीवन रेड्डी, सरकारी सचेतक लक्ष्मण और कांग्रेस नेता जग्गा रेड्डी इसका सबूत हैं। वे शनिवार को वारंगल जिले में मीडिया से बात कर रहे थे। राव ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी हाईकमान सीएम रेवंत रेड्डी को मिलने का समय नहीं दे रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता लोगों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने के कारण ध्यान भटकाने की राजनीति कर रहे हैं।

# रुक गई गुसाड़ी की धड़कन...!

## खराब स्वास्थ्य के कारण कनकराजा का निधन

## उनकी सेवाओं के सम्मान में 2021 में 'पद्म श्री' पुरस्कार



कुमराभीम आसिफाबाद, 26 अक्टूबर ( स्वतंत्र वार्ता): गुसाडी कनकराज (80), जिन्होंने गुसादी नृत्य की सारी विरासत अपने पूर्वजों से प्राप्त की और उस परंपरा को भावी पीढ़ियों के लिए जारी रखने की इच्छा के साथ अपनी सारी ऊर्जा खर्च की, नृत्य में नए रास्ते खोजे और अपनी उपलब्धि हासिल की। भारत सरकार से पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त कर चुके अभिनेता ने शुक्रवार रात अंतिम सांस ली। कनकराज का पैतृक गांव अब आसिफाबाद जिले के जैनुर मंडल का मरलावई है। कनकराजू, जिन्होंने बचपन से ही गुसाडी नृत्य में रुचि विकसित की, ने नृत्य में नई सुंदरता जोड़ दी। गुसादी वैन्ने को केवल नृत्य के लिए लाया था। उन्होंने हजारों आदिवासी युवाओं को नृत्य शैलियाँ सिखाईं। बदले में उन्हें एक रुपये की भी उम्मीद नहीं थी.

इंदिरा गांधी के शासनकाल में कनकराज को विशेष पहचान मिली। उस दिन, कनकराज और उनकी टीम ने दिल्ली के लाल किले पर नृत्य प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उस प्रदर्शन के बाद कनकराज टीम ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने देश भर में हजारों शो किये।

कनकराज की सेवाओं की मान्यता में, भारत सरकार ने 2021 में पद्म श्री की घोषणा की। कनकराज को इसी साल 9 नवंबर को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों पद्मश्री पुरस्कार मिला था। कनकराज की दो पत्नियाँ थीं भीमबाई और पार्वती। उनके 12 बच्चे हैं। तीन बेटे और नौ बेटियां।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने गुस्साड़ी नर्तक, पद्मश्री गुस्साड़ी कनकराज की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। रेवत रेड्डी ने खेद व्यक्त किया कि कनकराजू, जिन्होंने गुसाडी नृत्य को दुनिया से परिचित कराया और तेलंगाना की कला और सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित किया, असाधारण थे और उनकी मृत्यु अपरिहार्य थी।

यह याद किया जाता है कि कनकराजू ने गुसाडी नृत्य प्रदर्शन के साथ-साथ दूसरों को सिखाने में भी अपनी विशेष सेवाएँ प्रदान कीं। लुप्तप्राय आदिवासी कला को देशभर में सभी से परिचित कराने वाले दुर्लभ कलाकार कनकराजू ने उनके निधन पर शोक जताया है। कनकराज ने परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

### आदिवासी सांस्कृतिक परंपराओं के विकास में कनकराजू की भूमिका बहुत महान है

**जिला कलेक्टर,जिला एसपी ने गुसाडी कनकैया को श्रद्धांजलि दी**



आसिफाबाद 26 अक्टूबर( स्वतंत्र वार्ता):- आसिफाबाद जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे और जिला एसपी डीवी श्रीनिवास राव ने बताया कि कनकराजू एक महान व्यक्ति थे जिन्होंने गुसाडी नृत्य विकसित किया जो आदिवासियों की सांस्कृतिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसे दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाया। गुसाडी नृत्य के विकास में योगदान के लिए सरकार ने कनकराजू को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके लिए उन्हें गुसादी कनकाया के नाम से जाना जाने लगा। कनकराज की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त की। बाद में मार्लावई में उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। और पुलिस ने हवा में फायरिंग करके उनको सलामी दी। उन्होंने उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और साहस व्यक्त किया। बताया गया है कि आदिवासी संस्कृति के विकास में अहम योगदान देने वाले कनकराज का अंतिम संस्कार आधिकारिक औपचारिकताओं के साथ किया गया। इस अवसर पर आसिफाबाद विधायक कोवालक्ष्मी, खानपुर विधायक वेड्मा भोज्जू और अधिकारी तथा आदिवासी के नेता आदि उपस्थित थे।

# श्री भाग्यलक्ष्मी मंदिर में 29 से छह दिवसीय दीपावली महोत्सव



हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्री भाग्यलक्ष्मी मंदिर, चारमिनार में 6 दिवसीय दीपावली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर की ट्रस्टी सुश्री शशिकला ने बताया कि मंगलवार 29 अक्टूबर प्रात 7:00 बजे मां भाग्य लक्ष्मी की आरती से प्रथम दर्शन आरंभ होंगे। रात्रि 7:01 बजे से माता जी के दीपदर्शन होंगे। 30 अक्टूबर को प्रात 7:00 बजे आरती से प्रथम दर्शन आरंभ होंगे। माता रानी के अलौकिक श्रृंगार के दर्शन होंगे। दर्शन रात्रि ठीक 11:00 बजे बंद कर दिए जाएंगे। गुरुवार 31 अक्टूबर प्रात 7:00 बजे महा आरती से प्रथम दर्शन आरंभ होंगे। सायं 7:00 बजे महा-आरती के पश्चात खजाना सभी भक्तों में सम्पूर्ण रात्रि वितरित किया जाएगा। एक नवंबर को सम्पूर्ण रात्रि भी खजाना वितरित किया जाएगा। शनिवार 2 नवंबर प्रातः 7:00 बजे आरती, दर्शन एवं खजाना रात्रि 12.00 बजे तक वितरित किया जाएगा। रविवार 3 नवंबर प्रातः 7:00 बजे प्रथम दर्शन आरंभ होंगे एवं रात्रि 12 बजे तक खजाना वितरित किया जाएगा।

# बाल विवाह कानून के खिलाफ : विजयलक्ष्मी

**जागरूकता पोस्टर का अनावरण**

हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर की मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने कहा कि बाल विवाह अवैध है और इन विवाहों का लड़कियों के जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। शनिवार को उन्होंने बाल विवाह के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए एक पोस्टर का अनावरण किया। इस मौके पर मेयर ने कहा कि बाल विवाह न सिर्फ लड़कियों की जिंदगी बर्बाद करता है, बल्कि समाज पर भी इसका असर पड़ता है। बाल विवाह में शामिल लोगों के अलावा, ऐसे विवाहों का समर्थन करने वाले और उनमें भाग लेने वालों को भी दंडित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह से गरीबी, मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर बढ़ेगी और परिवारों में अशिक्षा और हिंसा भी बढ़ेगी। मेयर ने कहा कि बाल विवाह में शामिल माता-पिता और रिश्तेदार भी कानून के तहत दंडनीय हैं और इन विवाहों को रोकना सभी की जिम्मेदारी है।

## भाजपा के रिटर्निंग अधिकारी लक्ष्मीनारायण ने कार्यभार संभाला

हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा राज्य उपाध्यक्ष और पूर्व भाजपा विधायक दल के नेता (संयुक्त आंध्र प्रदेश) एंडाला लक्ष्मीनारायण भाजपा संस्थागत चुनावों के राज्य रिटर्निंग अधिकारी के रूप में नियुक्त होने के बाद भाजपा राज्य कार्यालय में कार्यभार संभाला। भाजपा के राज्य महासचिव गुज्जुला प्रेमेंदर रेड्डी, जीआर करुणाकर, गीता मूर्ति को राज्य रिटर्निंग अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर भाजपा के राज्य कार्यालय सचिव डॉ.बी उमाशंकर, भाजपा के राज्य कार्यालय प्रभारी केवीएसएन राजू, भाजपा नेता मुरलीधर रेड्डी आदि उपस्थित रहे।



शिवराज लक्ष्मीचंद जैन ज्वेलर्स, सोमाजीगुडा में जुटी खरीद्दारों की भीड़। इन दिनों यहाँ पर धनतेरस व दिपावली के मद्देनजर आभूषणों पर भारी छूट दी जा रही है। इसका लाभ लेते हुए ग्राहक।

## काउंसलिंग अनुसूची जारी

हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। उस्मानिया विश्वविद्यालय ने शनिवार को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए एमएड और एमपीएड कार्यक्रमों में नामांकन के पहले चरण के अलावा विभिन्न पीजी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए टीजी सीपीजीईटी 2024 अंतिम चरण की काउंसलिंग अनुसूची जारी की।

सीपीजीईटी 2024 योग्य उम्मीदवारों के लिए प्रमाण पत्रों के ऑनलाइन सत्यापन के लिए पंजीकरण 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक खुले हैं। सत्यापन विवरण उम्मीदवारों को सुधार के लिए, यदि कोई हो, 1 नवंबर को ईमेल समर्थन के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। उम्मीदवारों को 1 से 4 नवंबर तक वेब विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे और उन्हें 4 नवंबर को संपादित किया जा सकेगा।

अंतिम सीट आवंटन 8 नवंबर को होगा और उम्मीदवारों को 12 नवंबर को या उससे पहले संबंधित कॉलेजों में रिपोर्ट करना होगा।

# कश्मीर से कन्याकुमारी तक हिंदू असुरक्षित : गोपाल राय

## जमुना पाठक महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त



हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और फिर हैदराबाद में हिंदू विरोधी घटनाओं पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। हैदराबाद में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री राय ने कहा कि पहले कश्मीर, फिर बंगाल, उसके बाद केरल और अब हैदराबाद हिंदुत्व और भारत विरोध का केंद्र बन गया है। देश के विभिन्न हिस्सों में हिंदुओं और मंदिरों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं, जो चिंता का विषय है।

उन्होंने बताया कि वह इस बढ़ते हिंदू विरोध के प्रति देशभर के हिंदुओं को जागरूक करने के लिए अभियान पर निकले हैं। उनके इस अभियान का उद्देश्य है कि हिंदू समाज एकजुट होकर इन चुनौतियों का सामना करे और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर आगे बढ़े। उन्होने सभी से आग्रह किया कि वे देश-विदेश में हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचार को जन-जन तक ले जाने में संगठन की मदद करें।

श्री राय ने इस राष्ट्रवादी अभियान से महिलाओं को भी संगठन से जुड़ने का आग्रह किया और इसी कड़ी में श्रीमती जमुना पाठक को विश्व हिंदू रक्षा परिषद में महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। उन्होने उम्मीद जताई कि श्रीमती पाठक पूरे देश की महिलाओं को संगठन से जोड़कर इस अभियान को और मजबूती देंगी। इस मौके पर श्रीमती पाठक ने अपने कर्तव्यों का उचित तरीके से निर्वहन करने का संकल्प लिया और कहा कि देश में हिंदुओं को सुरक्षित करने में महिलाएं भी पीछे नहीं रहेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी समुदाय के खिलाफ नहीं है, बल्कि समाज में हिंदुओं को उनका सही हक और अधिकार दिलाने तथा सौहार्द और न्याय की स्थापना के लिए है।

## विशेष समिति की पहली बैठक

हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य में कार्यरत पत्रकारों को मान्यता देने के लिए आवश्यक प्रक्रिया और दिशानिर्देश तैयार करने के लिए तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष समिति की पहली बैठक शनिवार को बुरगुला रामकृष्ण राव भवन में आयोजित की गई। मीडिया अकादमी के अध्यक्ष के. श्रीनिवास रेड्डी ने बैठक की अध्यक्षता की और समिति के सदस्य, के. श्रीनिवास, एमएलसी, अमीर अली खान, आर रविकांत रेड्डी, के. नरहरि, सूचना नागरिक संबंध विभाग संयुक्त निदेशक डी.वाई. जगन ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से राज्य उच्च न्यायालय के निर्णयों, नए दिशानिर्देशों, विभिन्न राज्यों में लागू मान्यता समिति के नियमों, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ अन्य मीडिया पर चर्चा की गई। विशेष समिति ने राज्य में नये दिशा-निर्देशों पर पत्रकार संघों, प्रेस क्लबों एवं व्यक्तियों से सुझाव आमंत्रित किये हैं। इन्हें 15 नवंबर तक सूचना नागरिक संबंध विभाग के संयुक्त निदेशक (एमआर) को सौंपने को कहा गया है।

## स्मृति सप्ताह के अवसर पर 250 यूनिट रक्तदान

आदिलाबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस और उत्साही युवाओं ने शनिवार को जिले के 4 अलग-अलग हिस्सों में चल रहे पुलिस शहीदों के स्मृति सप्ताह के अवसर पर स्वेच्छा से 250 यूनिट रक्तदान किया। पुलिस अधीक्षक गौश आलम ने बताया कि आदिलाबाद, बोथ, इचोदा और उटनूर में चल रहे पुलिस शहीदों की याद में आयोजित सप्ताह के तहत पुलिस और युवाओं ने रिम्स-आदिलाबाद के मरीजों के लिए अपना रक्त दान किया। आलम ने आदिलाबाद जिला मुख्यालय में शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया।

आलम, उनके भाई डॉ. जिलानी और उनके मित्र विकास ने दूसरों के लिए एक मिसाल कायम करने के लिए अपना रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि यह रक्त चिकित्सा संबंधी आपात स्थितियों और सड़क दुर्घटनाओं के दौरान मरीजों की जान बचाएगा। उन्होंने रक्तदान करने वालों और इस आयोजन में सहयोग देने के लिए रिम्स के डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया। डीएमएचओ डॉ. कृष्णा, डीएसपी जीवन रेड्डी, बी. सुरेन्द्र रेड्डी, निरीक्षक और उपनिरीक्षक उपस्थित थे।

## न्याय के लिए सिरसिला एसपी के पैरों पर गिरा कांस्टेबल

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो**



राजन्ना-सिरसिला, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य में कांस्टेबलों और उनके परिवारों द्वारा जारी विरोध प्रदर्शन के बीच, एक सशस्त्र रिजर्व कांस्टेबल ने सिरसिला के पुलिस अधीक्षक अखिल महाजन के पैरों पर गिरकर कांस्टेबलों के लिए न्याय की गुहार लगाई। तेलंगाना विशेष पुलिस (एआर) 17वीं बटालियन, सरदापुर से जुड़े सशस्त्र रिजर्व कांस्टेबलों ने शनिवार को कमांडेंट कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन और धरना दिया और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ नारे लगाए।

प्रदर्शन के बारे में सुनकर एसपी ने बटालियन का दौरा किया। जब वे प्रदर्शनकारी पुलिसकर्मियों से बातचीत कर रहे थे, तो उनमें से एक कांस्टेबल उनके पैरों पर गिरकर न्याय की गुहार लगाने लगा। यद्यपि एसपी और उनके सुरक्षाकर्मियों ने उसे खींच लिया, लेकिन वह फिर से महाजन के पैर छूने लगा और रोने लगा तथा कांस्टेबलों को जो कष्ट सहने के लिए मजबूर किया जा रहा है, उसे बताने लगा।

प्रदर्शनकारी कांस्टेबलों में से कई ने आरोप लगाया कि वरिष्ठ अधिकारी उन्हें मजदूरी करने के लिए मजबूर कर रहे हैं, साथ ही उन्हें उच्च अधिकारियों के घरों में काम करने के लिए भी मजबूर किया जा रहा है। सरकार से पूरे राज्य में एक समान ड्यूटी और वादा किए गए 'एक पुलिस' प्रणाली को लागू करने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार तमिलनाडु और कर्नाटक में लागू की जा रही प्रणाली का अनुसरण करे।

## सबिता ने पुलिस परिवारों के प्रति उदासीन रवैये के लिए सीएम को दोषी ठहराया



हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ बीआरएस नेता सबिता इंद्र रेड्डी ने पुलिस कांस्टेबलों के परिवारों के सड़क पर उतरने और अपनी लंबित मांगों की पूर्ति के लिए विरोध प्रदर्शन करने के लिए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के रवैये को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने घरों से बाहर निकल आईं और विरोध प्रदर्शन किया क्योंकि रेवंत, जो गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे हैं, उनकी समस्याओं को हल करने में विफल रहे। सबिता इंद्र रेड्डी ने शहर के तेलंगाना भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि पुलिस परिवार न्याय की मांग करते हुए सड़कों पर आ रहे हैं। उन्होंने पूछा, इतिहास में यह पहली बार है कि पुलिस सड़कों पर आई है। रेवंत रेड्डी! क्या यह सार्वजनिक प्रशासन है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में गृह मंत्री की अनुपस्थिति में पुलिस कांस्टेबलों को यह नहीं पता कि वे अपना दर्द किससे साझा करें। उन्होंने मजाक उड़ाया कि तेलंगाना में ऐसी स्थिति है जहां पुलिस को वर्दी पहननी चाहिए और सड़कों पर धरना देना चाहिए। उन्होंने कहा, हालांकि, विरोध कार्यक्रमों के बावजूद सरकार की ओर से न्यूनतम प्रतिक्रिया न मिलना दुखद है। उन्होंने मांग की कि सीएम रेवंत को समान पुलिस व्यवस्था पर अपना वादा निभाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 18 दिनों में से 4 दिन परिवार के साथ बिताने की पुरानी प्रथा जारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं पर अत्याचार आम हो गए हैं। विधायक सुनीता लक्ष्मा रेड्डी ने कहा कि यह पहली बार है जब देश में पुलिस के परिवार के सदस्य विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

# श्री खेतेश्वर सेवा समिति का सुन्दरकांड पाठ 3 को

हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। करमनघाट स्थित श्री हनुमान देवस्थानम मंदिर में श्री खेतेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार 3 नवम्बर सायं 4 बजे से सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में सुमेरसिंह राजपुरोहित ने बताया कि श्री खेतेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान में सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। सर्वप्रथम पधारे अतिथियों द्वारा श्री गणेशजी महाराज एवं श्री हनुमानजी की पुजा-अर्चनाकर उपहार योजना के तहत अतिथियों के करकमलों द्वारा कुपन ड्रा निकाला जाएगा, जिसमें भाग्यशाली विजेताओं को सोने, चांदी व ब्रोंज के सिक्के दिये जायेंगे। तत्पश्चात् सुन्दरकांड पाठ का शुभारम्भ कन्हैयालाल वैष्णव एंड पार्टी की मधुर वाणी में किया जाएगा। मंच का संचालन चन्दनसिंहजी धांगड़वास करेंगे। पधारे भक्तों के लिए मंदिर प्रांगण में भोजन-प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम के परामर्शदाता हरिसिंह ढोनड़ी ढाणी, मोतीसिंह पड़ासला कल्ला, शंकरसिंह ढोनड़ी ढाणी, तेजसिंह ढोनड़ी ढाणी, कुशलराज जैन, नरपतसिंह लुणी, हरिसिंह ठाकुरवास, रामसिंह सिरढाणी, शंकरसिंह धांगड़वास, जब्बरसिंह भांवरी रहेंगे।

श्री खेतेश्वर सेवा समिति के सभी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहेगा। समाज बन्धुओं व भक्तों से निवेदन है सपरिवार, ईष्टमित्रों सहित पधारकर दर्शन, सुन्दरकांड व महाप्रसादी का लाभ लेवे।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# 12 साल बाद घर में टेस्ट सीरीज हारा भारत

## > मिचेल सेंटनर के आगे फेल टीम इंडिया > पुणे टेस्ट में करारी हार




पुणे, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। न्यूजीलैंड ने पुणे टेस्ट जीतने के साथ ही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। बंगलूरू में खेला गया पहला मुकाबला कीवी टीम ने आठ विकेट से अपने नाम किया था। भारतीय टीम से वापसी की काफी उम्मीदें थीं, लेकिन रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ऐसा करने में नाकाम रही। टीम इंडिया अपने ही बुने जाल में फंस गई। पहले मैच में जहां टीम इंडिया कीवी तेज गेंदबाजों के आगे धराशाई हुई, तो दूसरे टेस्ट में स्पिनर्स ने भारतीय बल्लेबाजों की बोलती बंद कर दी। पुणे में जीत के लिए मिले 359 रन के लक्ष्य के जवाब में टीम इंडिया अपनी दूसरी पारी में 245 रन पर सिमट गई और साथ ही सीरीज भी गंवा दी।

**12 साल बाद टेस्ट सीरीज हारा भारत**

भारतीय टीम अपने घर में 12 साल बाद कोई टेस्ट सीरीज हारी है। इसी के साथ घरेलू जमीन पर लगातार 17 टेस्ट सीरीज जीतने के बाद जीत का यह सिलसिला टूट गया। पिछली बार टीम इंडिया को 2012-13 में इंग्लैंड ने चार मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से हराया था। उसके बाद भारत ने लगातार 18 सीरीज जीतीं। हालांकि, न्यूजीलैंड ने अब टीम इंडिया को हराकर यह सिलसिला तोड़ दिया। किसी ने नहीं सोचा था कि कीवी टीम भारतीय सरजमीं पर इतना प्रभावशाली प्रदर्शन करेगी। पहला टेस्ट जीतने के साथ ही न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारत में कोई टेस्ट मैच जीता था। अब उसने पहली बार भारत में कोई टेस्ट सीरीज अपने नाम की है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट 1955 में खेला गया था और 69 साल के दोनों देशों के टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहली बार न्यूजीलैंड की टीम ने भारतीय सरजमीं पर टेस्ट सीरीज जीती है।

**भारतीय टीम को लगातार दो टेस्ट में मिली हार**

भारत ने अपने घर में लगातार दो टेस्ट गंवाए हैं। यह भी 2012 के बाद पहली बार है जब टीम इंडिया ने घरेलू सरजमीं पर लगातार दो टेस्ट गंवाए हैं।

2012 में इंग्लैंड ने भारत को चार मैचों की सीरीज में वानखेड़े में खेले गए दूसरे और ईडन गार्डेन्स में खेले गए तीसरे टेस्ट में हराया था। साल 2000 से लेकर अब तक यानी 25 साल में यह तीसरी बार है जब टीम इंडिया अपने घर में लगातार दो टेस्ट हारी हो। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड से पहले दक्षिण अफ्रीका ने ऐसा किया था। उसने साल 2000 में दो मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत को 2-0 से शिकस्त दी थी। तब अफ्रीकी टीम ने वानखेड़े और चिन्नास्वामी स्टेडियम में टीम इंडिया को हराया था।

**मैच में क्या हुआ?**

मैच की बात करें तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 259 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पहली पारी 156 रन पर समाप्त हो गई थी। 103 रन के साथ न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 255 रन बनाए और कुल मिलाकर 358 रन की बढ़त हासिल की थी। 359 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया के लिए यशस्वी जायसवाल ने सबसे ज्यादा 77 रन बनाए और रवींद्र जडेजा ने 42 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा कोई बल्लेबाज 25+ का आंकड़ा नहीं छू सका। रोहित शर्मा आठ रन, शुभमन गिल 23 रन, विराट कोहली 17 रन, ऋषभ पंत खाता खोले बिना, वॉशिंगटन सुंदर 21 रन और सरफराज खान नौ रन बनाकर आउट हुए। न्यूजीलैंड के लिए मिचेल सैंटनर ने पहली पारी में सात विकेट और दूसरी पारी में छह विकेट लिए।

# 43 साल के धोनी आईपीएल खेल सकते हैं

## कहा-कुछ और साल क्रिकेट एंजॉय करना चाहता हूं



गोवा, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। टीम इंडिया पूर्व कप्तान एमएस धोनी (43) ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खेलने के संकेत दिए हैं। धोनी ने कहा कि वे कुछ और साल इस खेल को एंजॉय करना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक धोनी ने अपनी अवेलिबिलिटी के बारे में कोई कन्फर्मेशन नहीं दिया है। धोनी को सीएसके मैनेजमेंट की 29-30 अक्टूबर को होने वाली मीटिंग में शामिल होना है, लेकिन उनके शामिल होने को लेकर आधिकारिक बयान नहीं आया है। आईपीएल के लिए रिटेंशन लिस्ट देने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। सीएसके मैनेजमेंट की मीटिंग में ही धोनी पर फैसला होना है।

एमएस धोनी आईपीएल के पहले सीजन से ही चेन्नई से खेल रहे हैं। उन्होंने अब कप्तानी छोड़ दी है। पिछले सीजन में ऋतुराज गायकवाड़ ने सीएसके की कप्तानी की थी, लेकिन टीम प्ले ऑफ में जगह नहीं बना पाई थी। धोनी की कप्तानी में सीएसके 5 खिताब जीत चुकी है। धोनी ने एक प्रमोशनल इवेंट में कहा- 'बचपन में हम शाम 4 बजे खेलने के लिए बाहर जाते थे और खेल का आनंद लेते थे, लेकिन जब आप प्रोफेशनल स्पोर्ट खेल रहे होते हैं, तो क्रिकेट को एक खेल के तौर पर इंजॉय करना कठिन हो जाता है। मैं यही करना चाहता हूं। यह कठिन नहीं है। इमोशन होंगे, पर वहां कमिटमेंट भी होगा। मैं इस खेल को कुछ साल और इंजॉय करना चाहता हूं। मुझे खुद को 9 महीने तक फिट रखना पड़ता है, ताकि ढाई महीने आईपीएल खेल सकूं। इसके लिए प्लान करना जरूरी होता है। साथ ही थोड़े समय शांत भी रहना होता है।

# एक बार फिर मौके पर गच्चा दे गए रोहित शर्मा गौतम गंभीर को अब क्या जवाब देंगे?




पुणे, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में भी रोहित शर्मा अपने बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। पहली पारी में शून्य पर आउट होने के बाद रोहित दूसरी पारी में 16 गेंद तक क्रीज पर खड़े रहे, जिसमें उन्होंने सिर्फ 8 बनाए। इस तरह एक बार फिर से अहम मौके पर रोहित शर्मा का बल्ला शांत रहा जो कि टीम इंडिया के लिए भारी पड़ सकता है। रोहित शर्मा इस पूरे सीरीज में रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए दिख रहे हैं। रोहित शर्मा की पिछली 8 टेस्ट पारियों पर नजर डाले तो वह बेहद ही खराब रहा है। इस दौरान रोहित ने 14 की औसत से सिर्फ 104 रन बनाए हैं। रोहित शर्मा की इस खराब बल्लेबाजी खामियाजा टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में भुगतना पड़ा। वहीं दूसरे टेस्ट में 359 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भी कहीं अब टीम इंडिया मुश्किल में ना पड़ जाए।

**न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच में जीता था टॉस**

वहीं बात करें पुणे टेस्ट मैच की तो टीम इंडिया के खिलाफ न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था।

पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम ने 259 रन का स्कोर खड़ा किया था। इस दौरान गेंदबाजी में टीम इंडिया के लिए वाशिंगटन सुंदर ने 7 विकेट अपने नाम किए थे जबकि अश्विन के खाते में 3 विकेट आया था। इसके जवाब में टीम इंडिया ने अपनी पहली पारी में सिर्फ 156 रन ही बना सकी, जिसके कारण कीवी टीम को 103 रनों की बढ़त हासिल हुई।

# यशस्वी ने वीरेंद्र सहवाग के रिकॉर्ड को किया चकनाचूर

**हाइलाइट्स**

> यशस्वी ने 41 गेंद में ठोकी फिफ्टी
> यशस्वी ने तोड़ दिया सहवाग का बड़ा रिकॉर्ड
> शतक के करीब पहुंच कर चूक गए यशस्वी

## > रोहित-विराट तो आस-पास भी नहीं



पुणे, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की चौथी पारी में टीम इंडिया के युवा ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने तूफानी अंदाज में बैटिंग की। टीम इंडिया को पुणे टेस्ट की चौथी पारी में 359 रनों का लक्ष्य मिला था। इसके जवाब में यशस्वी ने कप्तान रोहित शर्मा के साथ मिलकर तेज तर्रार शुरुआत की। हालांकि, रोहित शर्मा ज्यादा देर तक उनका साथ नहीं दे सके, लेकिन यशस्वी ने अकेले कीवी गेंदबाजों की हवा निकाल दी। इस दौरान यशस्वी ने सिर्फ 41 गेंद में अपनी फिफ्टी पूरी की। टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी की यह 8वां अर्धशतक था। फिफ्टी पूरा के बाद यशस्वी तेजी से अपने शतक की ओर बढ़ चले थे, लेकिन मिचेल सैंटनर की गेंद पर वह चमका खा गए और 65 गेंद में 77 रन बनाकर वे आउट हुए। अपनी पारी में उन्होंने 9 चौके और 4 छक्के भी लगाए। इसके साथ ही यशस्वी के नाम टेस्ट क्रिकेट में भारतीय सरजमीं पर एक बड़ा रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया। यशस्वी ने टेस्ट भारतीय धरती में वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया है।

**भारत में सबसे तेज 1 हजार टेस्ट रन**

यशस्वी जायसवाल ने भारतीय सरजमीं पर सबसे तेज 1000 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। 22 साल के यशस्वी ने इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए सिर्फ 1325 गेंद का सामना किया। वहीं वीरेंद्र सहवाग ने भारतीय सरजमीं पर 1436 गेंदों का सामना करते हुए अपने एक हजार को पूरे किए थे। इस तरह यशस्वी जायसवाल अब इस मामले में सबसे टॉप पर पहुंच गए हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, यशस्वी जायसवाल इस साल 1000 रन पूरा करने वाले इकलौते भारतीय भी बने हैं। दुनिया में जो रूट के बाद यशस्वी इस कैलेंडर ईयर में 1000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने हैं। इस मामले में अगर रोहित शर्मा और विराट कोहली को देखें तो वे इस साल यशस्वी जायसवाल के आस-पास भी नहीं हैं। ऐसे में टीम इंडिया के इस युवा ओपनर बल्लेबाज ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर लिया है।

# पाकिस्तान ने 2021 के बाद घर पर सीरीज जीती

## इंग्लैंड को 9 विकेट से हराया; साजिद खान को मैच में 10 विकेट




रावलपिंडी, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। रावलपिंडी टेस्ट में पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 9 विकेट हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने 2021 के बाद घर पर सीरीज (2-1) से जीत ली है। मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की दूसरी पारी 112 रन पर बिखर गई हैं। टीम ने पाकिस्तान को 36 रन का टारगेट दिया। जिसे टीम ने 3.1 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान शान मसूद ने 6 बॉल पर 23 रन की पारी खेली। उन्होंने सिक्स लगाकर मैच जिताया। शनिवार को इंग्लैंड ने अपने कल के स्कोर 24/3 से आगे खेलना शुरू किया। टीम से जो रुट ने 33 और हैरी ब्रूक ने 26 रन की पारी खेली। पाकिस्तान से साजिद खान ने मैच में 10 विकेट लिए। जबकि नोमान अली को 9 विकेट मिले। सऊद शकील ने 134 रन की पारी खेली।

**पाकिस्तानी स्पिनर्स का दबदबा**

तीसरे दिन पाकिस्तान के गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग की। लेफ्ट ऑर्म स्पिनर नोमान अली ने 5 विकेट लिए। उन्होंने जैक क्रॉले को 2 रन, ओली पोप को 1 रन, जो रुट 33 रन, हैरी ब्रूक 26 रन और कप्तान बेन स्टोक्स को 3 रन पर आउट कर दिया। नोमान ने 18.2 ओवर में 42 रन देकर 6 विकेट लिए। स्पिनर साजिद खान ने 4 विकेट लिए। स्पिनर साजिद खान ने 18 ओवर में 69 रन पर 4 विकेट लिए।

**दूसरे दिन का खेल...**

पाकिस्तान की तीसरे टेस्ट में वापसी हो गई है। रावलपिंडी में तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 3 विकेट खोकर 24 रन बनाए। सऊद शकील, नोमान अली और साजिद खान ने पाकिस्तान को मुश्किल हालात से निकाल कर मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है। पाकिस्तान के लिए दूसरी पारी में अब तक नोमान ने 2 और साजिद ने 1 विकेट लिया है। पाकिस्तान ने पहली पारी में 344 रन बनाए। सउद शकील ने 233 गेंदों पर 134 रन की शानदार पारी खेली। नोमान अली ने 45 और साजिद खान ने नाबाद 48 रन की पारी खेली। नोमान ने पहले टेस्ट में दोनों परियों में 11 विकेट और साजिद खान ने 9 विकेट लिए।

## पीसीबी प्रमुख ने इंग्लैंड पर पाकिस्तान की ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज़ जीत की सराहना की

रावलपिंडी, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने इंग्लैंड पर ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज़ जीत में राष्ट्रीय टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना की, स्पिनर साजिद खान और नोमान अली के उत्कृष्ट कौशल और शतकवीर सऊद शकील द्वारा दिखाए गए लचीलेपन की सराहना की। पाकिस्तान ने शनिवार को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में तीसरे और अंतिम टेस्ट में इंग्लैंड को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी, जिससे फरवरी 2021 के बाद 2-1 से ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज़ जीत दर्ज की, जो नवंबर 2015 के बाद इंग्लैंड पर उनकी पहली टेस्ट सीरीज़ जीत भी है। पाकिस्तान के स्पिनरों ने रावलपिंडी में शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को इंग्लैंड को दूसरी पारी में मात्र 112 रनों पर ढेर कर दिया।

*विदेशी भूमि पर जौनपुर की बेटी वैष्णवी का जलवा*

# अंतरराष्ट्रीय यूरोप एशिया चैंपियनशिप में वैष्णवी ने जीता कांस्य पदक

## अक्षय कुमार, जॉन अब्राहम ने दी बधाई



वाराणसी, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। एशियाई देश येरीवन आर्मेनिया में 16 से 23 अक्टूबर तक कूड़ो की अंतरराष्ट्रीय यूरोप एशिया चैंपियनशिप प्रतियोगिता हुई। भारतीय दल को वैष्णवी सिंह असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा किया। जापान व रसिया के खिलाड़ियों को शिकस्त दी। भारत के हेड कोच एवं कूड़ो एशिया के महासचिव हान्शी मेहूल वोरा के नेतृत्व में भारतीय दल अर्मेनिया गया था। अंतरराष्ट्रीय कूड़ो जगत में वैष्णवी ने भारत के लिए मेडल लाकर अपने राज्य उत्तर प्रदेश व जिला जौनपुर का नाम रोशन किया। कूड़ो एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मो. एजाज खान व सेक्रेटरी विजय कसेरा के निर्देशन में कु. वैष्णवी कुडो का प्रशिक्षण ले रही है। उल्लेखनीय है कि कूड़ो मार्शल आर्ट को राष्ट्रीय खेल के रूप में भारत सरकार की मान्यता प्राप्त है। वैष्णवी जौनपुर जिले की नाहरमऊ टिकरा गांव की निवासी है। इस मेडल का श्रेय को अपने कोच मोहम्मद एजाज खान व विजय कसेरा एवं अपने पिता संजय सिंह को देती हैं। वैष्णवी सेकंडडेन ब्लैक बेल्ट है। 5 इंटरनेशनल एवं पिछले 10 साल से नेशनल चैंपियन है। वैष्णवी की शानदार जीत पर राष्ट्रीय कूड़ो संघ के चेयरमैन एवं बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार, फिल्म जगत के जॉन अब्राहम, भारत के हेड कोच हान्शी मेहूल वोरा ने एवं कई खेल व फिल्म जगत की हस्तियों ने वैष्णवी को एवं भारतीय दल को शुभकानाएं दी।

# जेमिमा रोड्रिग्स के पिता पर लगे धर्मांतरण के आरोप, अब बयान जारी कर दी सफाई



नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स के पिता इवान रोड्रिग्स पर धर्मांतरण के आरोप लगाए गए थे। लेकिन इस मामले ने एक नया नया मोड़ ले लिया है। उन्होंने एक बयान जारी कर अपना रुख स्पष्ट किया है। इवान ने इंस्टाग्राम पर एक सार्वजनिक बयान जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि वह इस तरह के किसी भी मामले में शामिल नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ये गतिविधियां जिमखाना क्लब के नियमों का उल्लंघन हैं, और वह किसी भी तरीके से धर्म परिवर्तन में शामिल नहीं हैं।

इवान ने बयान में लिखा, हमने अप्रैल 2023 से एक वर्ष की अवधि में कई अवसरों पर प्रार्थना सभाओं के लिए खार जिमखाना की सुविधाओं का लाभ उठाया था। हालांकि, यह खार जिमखाना की प्रक्रियाओं के अनुसार और पदाधिकारियों की पूरी जानकारी में किया गया था।

उन्होंने कहा, इन प्रार्थना सभाओं में कोई भी आ जा सकता था। मीडिया में बताई जा रही धर्म परिवर्तन की खबरें अफवाह मात्र हैं। जब हमसे सभाओं को बंद करने के लिए कहा गया तो हमने सम्मानपूर्वक और तत्काल प्रभाव से ऐसा किया। इवान ने कहा, हम ईमानदार, कानून का पालन करने वाले लोग हैं, जो इस बात के लिए आभारी हैं कि हम किसी और को असुविधा पहुंचाए बिना अपने धर्म का पालन कर सकते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित

## अभिमन्यु, हर्षित और नितिश को मौका; साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 टीम का भी ऐलान

स्पोर्ट्स डेस्क, 26 अक्टूबर (एजेंसिया)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। भारतीय टीम को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है, जहां टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी।

भारत ने बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के लिए 18 मेंबर्स स्क्वॉड में अभिमन्यु ईश्वरन, हर्षित राणा और नितिश कुमार रेड्डी को चुना है। कुलदीप यादव कमर में दिक्कत के कारण टीम का हिस्सा नहीं है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पाए हैं। उन्हें भी टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं, साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भी टीम इंडिया का ऐलान हो गया है।

**22 नवंबर से पर्थ में पहला मैच**

टीम इंडिया 3 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है। 22 नवंबर से पर्थ में पहला मैच और 6 दिसंबर से एडिलेड में दूसरा मैच खेला जाएगा। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2014 के बाद से कोई भी टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। टीम ने इस दौरान विराट कोहली की कप्तानी में 2 सीरीज जीतीं।

**शमी अब तक फिट नहीं हो सके**

टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पाए हैं। उन्हें टीम में जगह नहीं मिली है। शमी टखने की चोट से उबर रहे हैं, जिसके लिए इस साल की शुरुआत में उनकी सर्जरी हुई थी। वे चोट की वजह से 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के बाद से मैदान से बाहर हैं।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीमः**

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर। रिजर्वः मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद।

**मयंक, शिवम और पराग चोट के कारण साउथ अफ्रीका दौरा मिस करेंगे**

भारत की टी-20 टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने 4 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी। साउथ अफ्रीका दौरे पर भारतीय टीम पहला टी-20 मैच 8 नवंबर को डरबन में खेलेगी। साउथ अफ्रीका दौरे के लिए मयंक यादव और शिवम दुबे को चोट की वजह से शामिल नहीं किया गया है। वहीं रियान पराग भी इंजरी के चलते चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।

**साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 टी-20 मैचों के लिए भारत की टीम**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार वैशाक, आवेश खान, यश दयाल।

# 600 करोड़ की सरकारी जमीन हड़पने की कोशिश, 6 गिरफ्तार

## ईओडब्ल्यू ने की कार्रवाई, रायदुर्गम इलाके का मामला

## डिप्टी कलेक्टर की शिकायत पर शुरू हुई थी जांच

हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने हैदराबाद के रायदुर्गम इलाके में 600 करोड़ रुपये मूल्य की 12.09 एकड़ सरकारी जमीन को अवैध रूप से हड़पने की साजिश रचने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रंगारेड्डी के वरिष्ठ सहायक और प्रभारी उप-रजिस्ट्रार जे गुरु साई राज, साथ ही मोहम्मद अब्दुल रज्ज़ाक, नवीन कुमार गोयल, मोहम्मद अब्दुल आदिल, सईदा कौसर और अफशा सारा के रूप में हुई है।



सेरलिंगमपल्ली मंडल के डिप्टी कलेक्टर और तहसीलदार कुकला वेंका रेड्डी की शिकायत के बाद जांच शुरू की गई थी। अधिकारियों ने खुलासा किया कि समूह ने सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर दस्तावेजों में जालसाजी की और सरकारी जमीन के लिए अवैध विकास समझौते बनाए।

उनकी योजना में 39 मंजिलों में 19 लाख वर्ग फीट में फैले एक विशाल वाणिज्यिक-आवासीय परिसर का निर्माण शामिल था।

धोखाधड़ी की गतिविधियों का पता 1978 के एक फर्जी दस्तावेज से लगाया गया, जिसका कथित तौर पर फैजुल्ला (अब्दुल रज्ज़ाक, अब्दुल आदिल, सईदा कौसर और अफशा सारा सहित) के उत्तराधिकारियों और नवीन कुमार गोयल द्वारा प्रबंधित गीक बिल्डर्स एलएलपी के बीच एक फर्जी विकास समझौते को स्थापित करने के लिए इस्तेमाल किया गया था। इस समझौते का उद्देश्य कथित तौर पर हैदराबाद के परिवहन केंद्र में सरकारी भूमि पर उनके दावों को वैध बनाना था।

11 अक्टूबर को, समूह ने कथित तौर पर प्रभारी उप-रजिस्ट्रार के साथ मिलकर एक विकास समझौता सह जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी (डीजीपीए) निष्पादित किया, जिसमें रायदुर्ग पैघा गांव में सर्वेक्षण संख्या 1, 4, 5 और 20 द्वारा पहचानी गई विभिन्न सरकारी भूमि शामिल थी। साइबराबाद आयुक्त अविनाश मोहंती ने इस बात पर प्रकाश डाला कि तेलंगाना चमड़ा उद्योग संवर्धन निगम लिमिटेड (टीएसएलआईपीसीओ), जो कई दशकों से इस भूमि का वैध स्वामी है, ने इस तरह के किसी भी लेन-देन को अधिकृत नहीं किया था। भूमि की निषेधात्मक स्थिति के बावजूद, रंगारेड्डी जिले में फर्जी दस्तावेज पंजीकृत किया गया, जिससे निजी डेवलपर्स और सरकारी अधिकारियों के बीच मिलीभगत के बारे में महत्वपूर्ण चिंताएं पैदा हुईं।

संबंधित घटनाक्रम में, टीएसएलआईपीसीओ ने हाल ही में तेलंगाना राज्य व्यापार संवर्धन निगम लिमिटेड (टीएसटीपीसी) के साथ सर्वेक्षण संख्या 1, 3, 4, 5, 17, 19 और 49 में 5.16 एकड़ भूमि पर यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए एक पट्टा समझौता किया है।

भारत सरकार ने इस परियोजना के लिए 202 करोड़ रुपये आवंटित किए और टीएसटीपीसी ने मेसर्स ओएनसी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को मिट्टी की खुदाई का ठेका दिया, जिसके तहत 4 अप्रैल, 2024 को खुदाई का काम शुरू होगा।

### भ्रष्टाचार के आरोप में महिला एसआई समेत 4 निलंबित

कुमराम भीम आसिफाबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कागजनगर ग्रामीण पुलिस स्टेशन में कार्यरत एक महिला सब-इंस्पेक्टर समेत 4 पुलिस अधिकारियों को भ्रष्टाचार में कथित रूप से लिप्त होने के कारण निलंबित कर दिया गया है। शनिवार को मल्टी-जोन इंस्पेक्टर ऑफ जनरल एस चंद्रशेखर रेड्डी ने इस संबंध में आदेश जारी किया। महिला उपनिरीक्षक सोनिया, सहायक उपनिरीक्षक मनु, हेड कांस्टेबल जे उमेश, रमेश को कुछ महीने पहले कागजनगर मंडल के वंजिरी गांव में हुई एक हत्या के मामले की जांच के दौरान भ्रष्टाचार करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था।

पुलिस अधीक्षक डीवी श्रीनिवास राव ने अधिकारियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच की और आईजी चंद्रशेखर रेड्डी को रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट के आधार पर रेड्डी ने चार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। पुलिस अधिकारियों ने कथित तौर पर 5 लाख रुपये की रिश्वत लेकर मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के तथ्यों को बदल दिया। एक स्थानीय व्यक्ति ने पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों के समक्ष पुलिस अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। सोनिया पहले से ही इस मामले में एसपी कार्यालय से जुड़ी हुई थीं।

# 'किसने कहा तुमसे पुलिसवाले से शादी करने को' सवाल से भड़का प्रदर्शन

## वर्दीधारी कांस्टेबल भी सड़कों पर उतरे

हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार द्वारा पुलिस कांस्टेबलों को शांत करने के प्रयासों के बावजूद उनके परिवारों द्वारा किया जा रहा विरोध प्रदर्शन अभी खत्म नहीं हुआ है। शनिवार को कांस्टेबल भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए। तेलंगाना में एक दुर्लभ दृश्य में विभिन्न बटालियनों के कर्मी वर्दी में सड़कों पर उतरे। कहा जाता है कि आंदोलन उस समय और तेज हो गया जब एक वरिष्ठ अधिकारी ने काउंसलिंग सत्र के दौरान कथित तौर पर कुछ प्रदर्शनकारी पत्नियों से पूछा कि उन्हें टीजीएसपी कांस्टेबलों से शादी करने के लिए किसने कहा था।

एक अधिकारी द्वारा अपने परिवारों के प्रति वरिष्ठ अधिकारियों के रवैये पर आपत्ति जताने का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें अधिकारी एक वरिष्ठ अधिकारी से कह रहे हैं कि उनके परिवार के सदस्यों द्वारा विरोध प्रदर्शन करने के बाद उन्हें परामर्श के लिए बुलाया गया था। शनिवार को अलग-अलग बटालियनों के जवान अलग-अलग जिलों में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। तेलंगाना के इतिहास में शायद पहली बार कांस्टेबल वर्दी में विरोध प्रदर्शन करते नजर आए।

इस बीच, महेश्वरम पुलिस द्वारा पुलिसकर्मियों के परिजनों को विरोध प्रदर्शन करने से रोकने के बाद रंगारेड्डी में तनाव व्याप्त हो गया। परिवार के सदस्य इब्राहिमपट्टनम और नागार्जुनसागर राजमार्ग पर एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन करना चाहते थे, लेकिन महेश्वरम पुलिस ने अनुमति देने से इनकार कर दिया और उनके साथ बहस की। इससे पुलिस और प्रदर्शनकारी परिजनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई।

नलगोंडा में पुलिस बटालियन के जवान नलगोंडा ग्रामीण के एसआई सैदा बाबू को निलंबित करने की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि एसआई उनके परिवार के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार कर रहा था, जो शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से एसआई को तुरंत निलंबित करने की मांग की और धमकी दी कि अगर उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो वे अपना विरोध प्रदर्शन तेज कर देंगे।

कांस्टेबलों के विरोध प्रदर्शन कर रहे पति-पत्नियों को शांत करने के प्रयास में, टीजीएसपी ने शुक्रवार को आदेश जारी कर कर्मियों के लिए विवादास्पद रिकॉर्डेड अनुमति को अगले आदेश तक स्थगित रखा था। सभी बटालियन कमांडेंटों को दरबार आयोजित करने और पुलिस कर्मियों से शिकायतें और अभ्यावेदन प्राप्त करने का भी निर्देश दिया गया था।

# मूसी परियोजना का उद्देश्य खजाने को भरना : राजेंद्र



हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मलकाजगिरी के भाजपा सांसद इटेला राजेंद्र ने कांग्रेस सरकार पर छह गारंटियों के कार्यान्वयन से लोगों का ध्यान हटाने के लिए मूसी सौंदर्यीकरण परियोजना का उपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मूसी परियोजना केवल कांग्रेस नेतृत्व के खजाने को भरने के लिए थी।

राजेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में मूसी जलग्रहण क्षेत्रों का दौरा करने वाले राजेंद्र ने शनिवार को आदिलाबाद विधायक पायल शंकर के साथ मीडिया से कहा कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी का मुख्य उद्देश्य मूसी सौंदर्यीकरण परियोजना के नाम पर जनता का पैसा लूटना है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) और मूसी परियोजना को केवल छह गारंटियों के कार्यान्वयन और अन्य मुख्य मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए लाया है।

कांग्रेस पार्टी की गरीब विरोधी नीतियों पर कड़ा प्रहार करते हुए भाजपा सांसद ने कांग्रेस सरकार को मूसी नदी के पुनरुद्धार की आड़ में गरीबों के मकान ध्वस्त करने के खिलाफ चेतावनी दी तथा दोहराया कि पार्टी प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी रहेगी।

# स्वास्थ्य सेवा की उपेक्षा कर रही सरकार : केटीआर

हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद के गांधी अस्पताल में सेवाओं और सुविधाओं की उपेक्षा को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने शनिवार को तेलंगाना में स्वास्थ्य सेवा की गिरावट पर प्रकाश डाला।

उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि कांग्रेस गांधी अस्पताल में मरीजों की भलाई सुनिश्चित करने की बजाय बिजली के बिल बढ़ाने में अधिक रुचि रखती है। उन्होंने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस का ध्यान 'फोर ब्रदर्स सिटी' परियोजना और अडानी अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री पर है, जबकि बुनियादी स्वास्थ्य सेवा जरूरतों की अनदेखी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सेवाओं की कीमतें बढ़ाने और अन्य मामलों में व्यस्त है, लेकिन वह दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छ पेयजल और अस्पताल में मरीजों के लिए उचित सुविधाओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने में विफल रही है।

उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि दिवाली पर बम बनाने की बात में जो दिलचस्पी दिखाई गई है, वह गांधी अस्पताल में मरीजों की देखभाल में नहीं दिखाई देती। अडानी अंबुजा सीमेंट में जो दिलचस्पी दिखाई गई है, वह गांधी अस्पताल में बीटाडीन की गोलियां उपलब्ध कराने में नहीं दिखाई देती।

### एएसआई ने की किसान की बेरहमी से पिटाई



नलगोंडा, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। नलगोंडा जिले के मुनुगुडु के कोटि सिंह नामक एक एएसआई ने एक किसान मुत्यालु पर उसके परिवार के सदस्यों और जनता के सामने हमला कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, एएसआई ने किसान को लंबे समय से चल रहे भूमि विवाद के सिलसिले में पुलिस स्टेशन बुलाया था।

मुत्यालु ने कथित तौर पर खेत पर अपना काम पूरा करने के लिए समय मांगा, लेकिन पुलिस ने सकारात्मक जवाब नहीं दिया। उसे पुलिस स्टेशन ले जाया गया और बेरहमी से पीटा गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।







# 'हरिता हरम' कार्यक्रम में धन के दुरूपयोग की जांच शुरू

## निर्धारित धनराशि के कुप्रबंधन का मामला

हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में हरित क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई बीआरएस सरकार की प्रमुख वृक्षारोपण योजना, हरिता हरम, धन के कथित दुरूपयोग के कारण जांच के दायरे में आ गई है। सूत्र बताते हैं कि इस परियोजना के तहत कई नर्सरियां स्थानीय बीआरएस नेताओं को सौंप दी गईं तथा पौधे खरीदने और नर्सरियों के रखरखाव के लिए निर्धारित धनराशि का कुप्रबंधन किया गया। जांच हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एचएमडीए) के शहरी वानिकी विंग पर केंद्रित है, जिसने राज्य के वृक्षारोपण अभियान के एक बड़े हिस्से का प्रबंधन किया है। इस बात पर चिंता जताई गई है कि इस पर कथित तौर पर हजारों करोड़ रुपये खर्च किए गए, फिर भी पौधों के जीवित रहने के लिए जवाबदेही कम रही है। रिपोर्ट बताती है कि लाखों पौधे खरीदे गए, लेकिन उनमें से केवल एक छोटा प्रतिशत ही बच पाया। इससे कार्यक्रम के वास्तविक प्रभाव पर संदेह पैदा हो गया है और यह भी कि क्या इन पौधों का उचित रखरखाव किया गया या कुछ मामलों में उन्हें लगाया भी गया। एचएमडीए की शहरी वानिकी शाखा, जिसमें प्रतिनियुक्ति पर कई वन विभाग के अधिकारी शामिल हैं, अब कड़ी जांच के घेरे में आ गई है। एक डिप्टी रेंज अधिकारी जो पांच साल तक इस पद पर रहा और कथित तौर पर इस पद के लिए सरकार द्वारा समर्थित था, अब आरोपों का सामना कर रहा है। एचएमडीए हैदराबाद शहर सहित एक बड़े क्षेत्र को कवर करता है, और इसके पास स्वतंत्र रूप से पौधे खरीदने का अधिकार है। सूत्रों का आरोप है कि एक आवर्ती पैटर्न है : पौधे खरीदे जाते हैं, और कुछ हफ्तों के बाद, रखरखाव दल क्षेत्र का निरीक्षण करते हैं, अक्सर कई पौधे मृत पाए जाते हैं।

# विशाखापट्टनम से शमशाबाद तक 4.5 घंटे में यात्रा

## वर्तमान में 12 घंटे का लगता है समय

## 8.5 घंटे का समय लेती है वंदेभारत एक्सप्रेस

हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्र सरकार ने विशाखापट्टनम और शमशाबाद को जोड़ने वाले सेमी-हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए महत्वपूर्ण विकास की घोषणा की है, जिससे तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के दो प्रमुख शहरों के बीच संपर्क बढ़ाने का वादा किया गया है। अर्ध-उच्च गति रेल कॉरिडोर को 220 किमी/घंटा तक की गति से यात्रा की सुविधा के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे वर्तमान यात्रा समय लगभग 12 घंटे से घटकर मात्र 4.5 घंटे रह जाएगा।

इस परियोजना का उद्देश्य विशाखापट्टनम को शमशाबाद हवाई अड्डे से जोड़ना है, जिससे यात्रियों को एक सहज यात्रा का अनुभव मिल सके। वर्तमान में सबसे तेज विकल्प वंदे भारत ट्रेन है, जो इस यात्रा के लिए लगभग 8.5 घंटे का समय लेती है। प्रस्तावित मार्ग सूर्यपेट और विजयवाड़ा सहित प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगा, जिसमें सूर्यपेट के माध्यम से विशाखापट्टनम को करनूल से जोड़ने वाले अतिरिक्त गलियारे शामिल करने की योजना है। यह नया मार्ग तेलंगाना के कई शहरों को भी जोड़ेगा, जहां वर्तमान में रेलवे की पहुंच नहीं है, जैसे नरकटपल्ली, नकीरेकल और कोडडा।

प्रारंभिक इंजीनियरिंग और यातायात सर्वेक्षण पूरा होने के करीब हैं, नवंबर तक रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को सौंपे जाने की उम्मीद है। योजना का यह चरण परियोजना के लॉजिस्टिक्स को अंतिम रूप देने और इसके सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। एक बार चालू हो जाने पर, यह अर्ध-उच्च गति गलियारा न केवल यात्रा के समय को कम करेगा, बल्कि उन क्षेत्रों के लिए समग्र पहुंच में भी सुधार करेगा, जहां वर्तमान में रेल सेवाएं कम हैं। इस मार्ग पर आठ प्रस्तावित रेलवे स्टेशन होंगे, जिससे स्थानीय आबादी के लिए सम्पर्क बढ़ेगा।

## कपास उत्पादकों की दुर्दशा पर रामाराव ने जताई चिंता

हैदराबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में कपास किसानों की गंभीर स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव ने शनिवार को किसानों को समर्थन न देने और वादाखिलाफी करने के लिए कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार किया। रामाराव ने इस बात पर प्रकाश डाला कि धान के बाद राज्य में दूसरी सबसे बड़ी फसल कपास की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि भारतीय कपास निगम ने विभिन्न बहाने बनाकर खरीद रोक दी है और किसानों को बिचौलियों की दया पर छोड़ दिया है। सरकार द्वारा प्रति क्विंटल 500 रुपये बोनस देने के वादे के बावजूद, इस प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर कपास खरीद की महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सक्रिय कदम उठाने में विफल रहने का आरोप लगाया।







# जुआ खेलने के आरोप में दो गिरफ्तार

## 14 के खिलाफ मामला दर्ज



कुमराम भीम आसिफाबाद, 26 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार रात बेज्जुर मंडल के सालुगुपल्ली गांव के बाहरी इलाके में प्रतिबंधित जुए में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में टास्क फोर्स के अधिकारियों ने दो लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि चौदह अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने उनके कब्जे से 5,200 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन जब्त किए।

टास्क फोर्स इंस्पेक्टर राणा प्रताप ने बताया कि चिंतलामनेपल्ली मंडल के करजेली गांव के चौधरी चंद्रशेखर और राउथु गंगाधर को एक गुप्त सूचना के बाद उस समय पकड़ा गया जब वे सालुगुपल्ली के किनारे जंगल में अपराध कर रहे थे। उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए बेजूर पुलिस को सौंप दिया गया। डोके राजन्ना, गांडे तिरुपति, नैनी लक्ष्मीजी, वेंकन्ना, गुन्नाजी, बोरकुटे गौतम, अदापा तिरुपति, रमेश, रोहित, अल्ली तिरुपति, संतोष, शेखर, महेश और एल्कारी हनुमंथु, जो चिंतालमनेपल्ली, कौटाला और बेज्जुर मंडल के विभिन्न हिस्सों से संबंधित थे। इस ऑपरेशन में उपनिरीक्षक वेंकटेश, कांस्टेबल रमेश, मधु और स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया।







Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.